संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शुक्रवार, 09 फरवरी 2024 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



प्रतिष्ठित संगीतकार प्यारेलाल शर्मा को लक्ष्मीनारायण अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 09 अंकः 39 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group





आदर्श विचार



"जो पैदा हुआ है उसकी मृत्यु भी निश्चित है।"

भागवद्

मन की बात



"विश्व एक विशाल व्यायामशाला है जहाँ हम खुद को मजबूत बनाने के लिए आते हैं।"

स्वामी विवेकानंद

तीसरी आंख




# यूपीए सरकार आर्थिक मैनेजमेंट में फेल रही

## वित्त मंत्री निर्मला ने गुरुवार को लोकसभा में श्वेत पत्र पेश किया, आज चर्चा होगी

**चर्चा**

**वित्त मंत्री ने लोकसभा में श्वेत पत्र पेश किया, कोयला, 2जी, कॉमनवेल्थ घोटाले का जिक्र**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में श्वेत पत्र पेश किया। इस पर (शुक्रवार को) चर्चा होगी। 59 पेज के श्वेत पत्र में 2014 से पहले और 2014 के बाद की भारतीय अर्थव्यवस्था की जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि किस तरह यूपीए सरकार के दस सालों में इकोनॉमी मिस मैनेजमेंट का नुकसान भारत को झेलना पड़ा। श्वेत पत्र में लिखा है- 2014 में कोयला घोटाले ने देश की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया था। 2014 से पहले कोयला ब्लॉकों का आवंटन पारदर्शी प्रक्रिया का पालन किए बिना मनमाने आधार पर किया गया था। कोयला क्षेत्र को कॉम्पिटिशन और ट्रांसपेरेंसी से बाहर रखा गया था। एजेंसियों ने जांच की और 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने 1993 से आवंटित 204 कोयला खदानों/ब्लॉकों का आवंटन रद्द कर दिया। यूपीए सरकार में 122 दूरसंचार लाइसेंसों से जुड़ा 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला हुआ। इसमें उअऋ के अनुमान के अनुसार सरकारी खजाने को 1.76 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। कोयला घोटाले में सरकारी खजाने को 1.86 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। कॉमनवेल्थ गेम्स (सीडब्ल्यूजी) घोटाले ने राजनीतिक अनिश्चितता के माहौल का संकेत दिया। संसद में बजट पेश करते हुए सीतारमण ने बताया था कि फर्स्ट डेवलप इंडिया। 2014-23 के दौरान 596 अरब डॉलर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया। यह 2005-2014 के दौरान आए से दोगुना था।

### कांग्रेस ने जारी किया ब्लैक पेपर

**इससे पहले** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल पर ब्लैक पेपर जारी किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 10 साल में 411 विपक्षी विधायकों को अपनी तरफ मिलाया। वह डेमोक्रेसी खत्म कर रही है। कांग्रेस ने इसे 10 साल, अन्याय काल नाम दिया। खड़गे ने कहा कि भाजपा ने 10 साल में 411 विपक्षी विधायकों को अपनी तरफ मिलाया। वह डेमोक्रेसी खत्म कर रही है।



**ब्लैक पेपर में रोजगार और लोकतंत्र के मुद्दे...**

**रोजगार**: खड़गे ने कहा कि देश में जो सबसे बड़ा मुद्दा है, उसे भाजपा सरकार कभी नहीं उठाती। नेहरू के जमाने के **लअछ, लटळ, इलएछ** को उन्होंने कभी नहीं बताया। इसमें कितने लोगों को बेहतरीन नौकरियां मिलीं, ये कभी नहीं बताया।

गांवों में रोजगार कम हो रहे हैं, क्योंकि सरकार नरेगा का पैसा रिलीज नहीं कर रही। गैर-भाजपा शासित राज्यों जैसे केरल, कर्नाटक, तेलंगाना के साथ भेदभाव किया जा रहा है। खड़गे ने कहा कि मोदी कहते हैं कि अब इतने पैसे जमा हो रहे हैं, पहले क्यों नहीं होते थे, ऐसा कहकर वे अप्रत्यक्ष रूप में हैरेसमेंट और प्रेशराइज कर रहे हैं और इलेक्शन में पैसा लगा रहे हैं।

# मांगों को लेकर किसान दिल्ली रवाना, लगा जाम



**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा**

**मुआवजा** संबंधी मांगों को लेकर नोएडा प्राधिकरण के गेट पर धरना दे रहे किसान बृहस्पतिवार को दिल्ली कूच किया। इसे देखते हुए यातायात पुलिस ने सेक्टर-छह उद्योग मार्ग पर वाहनों की आवाजाही आंशिक रूप प्रतिबंधित कर दी गई। किसानों के विरोध मार्च को देखते हुए दिल्ली-नोएडा, चिल्ला बॉर्डर पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वहीं, कई किसान नेताओं को उनके आवास पर ही नजर बंद किया गया है। पुलिस रोकने में जुटी है। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर यूपी के किसानों ने दिल्ली-नोएडा चिल्ला बॉर्डर से संसद की ओर मार्च किया। नोएडा से दिल्ली जाने वाला रुट किसानों ने जाम कर दिया है। महामाया फ्लाईओवर के नीचे हजारों किसान इकट्ठा हुए। दिल्ली जाने के लिए हजारों किसान कोशिश में लगे हैं। पुलिस ने प्रदर्शनकारी किसानों को रोका है। प्रदर्शन में शामिल होने के लिए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के राकेश टिकैत भी पहुंचे। वहीं, नोएडा और ग्रेनो में आज से धारा-144 लागू कर दी गई है। दिल्ली-नोएडा बॉर्डर पर जाम की स्थिति पैदा हो गई है। नोएडा और दिल्ली में कई मार्गों पर यातायात प्रभावित हो रहा है। जिसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डीआइजी, अपर. सीपी (एल एंड ओ), शिवहरि मीना ने कहा, 'धारा 144 लागू कर दी गई है और सभी सीमाओं को 24 घंटे के लिए सील कर दिया गया है। सभी सीमाओं पर भारी सुरक्षा तैनाती की गई है। लोगों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए व्यवस्था की गई है। सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है।

### 'किसानों से बातचीत जारी'

**हम** किसानों से बातचीत कर रहे हैं, सभी वाहनों की जांच की जा रही है।' बता दें कि नोएडा में उद्योग मार्ग के अलावा रजनीगंधा से सेक्टर-15 मेट्रो स्टेशन, चिल्ला से सेक्टर-15 मेट्रो स्टेशन, न्यू अशोक नगर, उद्योग मार्ग समेत अन्य मार्गों पर कुछ देर के लिए यातायात डायवर्जन लागू रहेगा। डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव के मुताबिक किसानों के दिल्ली कूच को देखते हुए गोलचक्कर चौक सेक्टर-15 से सेक्टर-6 पुलिस चौकी, संदीप पेपर मिल चौक से हरौला चौक तक मार्ग पर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा गोलचक्कर चौक सेक्टर-15, रजनीगंधा चौक, सेक्ट- 6 पुलिस चौकी चौक, झुंडपुरा चौक, सेक्टर 8,10,11,12 चौक, हरौला चौक से आवश्यकतानुसार यातायात का डायवर्जन किया।

# पीएम मोदी जन्म से पिछड़ी जाति से नहीं: राहुल गांधी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बीते बुधवार राज्यसभा में कांग्रेस पर तीखा हमला बोला था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि कांग्रेस के 10 साल के कार्यकाल में विकास धीमा हुआ था, लेकिन हमने रफ्तार को बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस पिछड़े वर्गों के लोगों को आगे बढ़ाना ही नहीं चाहती है। इस बीच, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर पलटवार करते हुए किया और कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने खुद की जाति को ओबीसी में शामिल किया था।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि 'पीएम मोदी जन्म से पिछड़ी जाति से नहीं हैं। वे गुजरात की 'तेली' जाति में पैदा हुए थे। उस समुदाय को साल 2000 में भाजपा ने ओबीसी में शामिल किया। वे (पीएम मोदी) सामान्य वर्ग में पैदा हुए थे। वे कभी भी जातिगत जनगणना को नहीं कराएंगे क्योंकि वे ओबीसी में पैदा नहीं हुए थे। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी खुद को ओबीसी बताकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं।



**सीएम बनने से पहले ही ओबीसी में शामिल थी जाति- भाजपा**

पीएम मोदी की जाति को लेकर दिए गए राहुल गांधी के बयान को भाजपा ने खारिज कर दिया है। भाजपा ने कहा कि राहुल गांधी लोगों के बीच भ्रम और झूठ फैला रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने राज्य के मुख्यमंत्री रहते हुए अपनी जाति को गुजरात में अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल नहीं किया था।

**सियासी बखेड़ा**

**प्रधानमंत्री मोदी की जाति को लेकर राहुल के बयान पर बीजेपी का पलटवार, कहा- 1999 से ही ओबीसी में अधिसूचित**

# यूपी: सॉल्वर गैंग के 12 सदस्य गिरफ्तार

**मेरठ**: सॉल्वर गैंग ने वर्तमान में चल रही उप्र पुलिस की ऑनलाइन कंप्यूटर ऑपरेटर परीक्षा में भी सेंध लगा दी। दूर-दराज बैठे इस गिरोह के सदस्यों ने रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर के जरिए प्रश्न पत्र हल किए। इसकी सूचना मिलने पर एसटीएफ की मेरठ टीम ने 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले की रिपोर्ट बागपत के बड़ौत थाने में दर्ज कराई गई है। बताया गया कि एसटीएफ की टीम ने आरोपियों के पास से तीन लैपटॉप, डेस्कटॉप कम्प्यूटर, आठ मोबाइल फोन, स्क्रीन शॉट, आठ एडमिट कार्ड बरामद किए हैं। एसटीएफ एसपी ब्रजेश सिंह ने बताया कि वर्तमान में उप्र पुलिस की ऑनलाइन कंप्यूटर ऑपरेटर भर्ती परीक्षा चल रही है।

# पटना हरमंदिर गुरुद्वारे में हादसा, मिट्टी धंसने से कई मजदूर दबे

**पटना:** पटना सिटी के तख्त श्री हरमंदिर गुरुद्वारा में नए लंगर हॉल के निर्माण कार्य के दौरान अचानक मिट्टी धंसने से कई मजदूर उसमें दब गए। सूचना मिलते ही पूरे तख्त श्री हरमंदिर गुरुद्वारे में अफरा तफरी का माहौल मच गया।

हादसे की सूचना पर मौके पर प्रबंधन कमेटी ने स्थानीय थाना पुलिस की मदद से मिट्टी के अंदर दबे एक मजदूर को बाहर निकाल लिया है।

# स्कूल यूनिफॉर्म खराब गुणवत्ता की मिली, तो होगा एफआईआर

**टीम एक्शन इंडिया/गुवाहाटी**

**असम के** मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने गुरुवार को कहा कि छात्रों को स्कूल यूनिफॉर्म देने में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ राज्य सरकार एफआईआर कराएगी। असम विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने बताया कि प्रदेश भर में स्कूल यूनिफॉर्म संबंधी अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। लोकसभा चुनाव के बाद राज्य सरकार ऐसे मामलों में कार्रवाई शुरू करेगी।



**स्कूल मैनेजमेंट पर होगी एफआईआर:** सीएम ने कहा 'हमने फंड दिए हैं ताकि स्कूलों में छात्रों को मुफ्त यूनिफॉर्म दी जा सके, लेकिन जब मैं अलग-अलग जगहों पर गया तो मैंने पाया कि कुछ स्कूलों में अच्छी गुणवत्ता की स्कूल यूनिफॉर्म हैं और कुछ में नहीं।

# व्यासजी के तहखाने में पूजा के खिलाफ याचिका मामले में टली सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**

**शैलेंद्र** पाठक व्यास मामले में हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई के कारण प्रभारी जिला जज अनिल कुमार की अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 15 फरवरी नियत की है। बता दें कि ज्ञानवापी से जुड़े शैलेंद्र पाठक व्यास की तरफ से दाखिल वाद में प्रभारी जिला जज की अदालत में सुनवाई होनी थी। वाद सुनवाई योग्य है या नहीं इसको लेकर अंजुमन इंतेजामिया ने आपत्ति जताई थी। इस मुद्दे पर शैलेंद्र पाठक की ओर से पक्ष रखा जाना है। जबकि अंजुमन इंतेजामिया का कहना है यह वाद विशेष पूजा स्थल अधिनियम से यह वाद बाधित है। ऐसे में यह सुनवाई होने योग्य नहीं है। इसी वाद में जिला जज ने व्यास जी के तहखाने को डीएम को सुपुर्द किए जाने के साथ तहखाने में पूजा पाठ का अधिकार दिया है। जिसको लेकर हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है, वहीं इसी अदालत में अंजुमन ने पूजा पाठ किए जाने के जिला जज के आदेश पर रोक लगाने की मांग की है उस पर भी सुनवाई होनी थी।



**जिरह**

**अंजुमन इंतेजामिया का कहना है यह वाद विशेष पूजा स्थल अधिनियम से यह वाद बाधित है**

# इनसैट-3डीएस' उपग्रह श्रीहरिकोटा से उड़ान भरने को तैयार

**नई दिल्ली:** इसरो ने श्रीहरिकोटा लॉन्चिंग क्षेत्र पर 'इनसैट-3डीएस' को तैनात कर दिया है। 17 फरवरी को शाम 5:30 बजे इस उपग्रह को प्रक्षेपित किया जाएगा। गौरतलब है कि इस उद्देश्य मौसम विज्ञान और आपदा चेतावनी की जानकारी उपलब्ध कराना है। यह पूरी तरह से पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित है। दूसरी ओर, भारत के अंतरिक्ष नियामक इन-स्पेस ने गुरुवार को कहा कि अगले 14 महीनों में करीब 30 उपग्रहों के प्रक्षेपण की तैयारी चल रही है। इसमें सात मिशन गगनयान से जुड़े होंगे।

**मांग**

## संगठनों ने केंद्र को ओपीएस लागू करने के लिए छह सप्ताह का अल्टीमेटम दिया

# केंद्र को 6 हफ्ते का अल्टीमेटम, पुरानी पेंशन नहीं तो होगी हड़ताल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**देश** में 'पुरानी पेंशन' बहाली के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रहे कर्मचारी संगठनों ने केंद्र सरकार को ओपीएस लागू करने के लिए छह सप्ताह का अल्टीमेटम दे दिया है। अगर इस अवधि में पुरानी पेंशन बहाल नहीं होती है, तो देशभर में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू हो जाएगी। इस स्थिति में रेल संचालन और रक्षा क्षेत्र के उद्योगों सहित तमाम सरकारी विभागों में कामकाज बंद हो जाएगा। बुधवार को नई दिल्ली में हुई नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन (एनजेसीए) के पदाधिकारियों की बैठक में यह अहम निर्णय लिया गया है। बैठक की अध्यक्षता, एनजेसीए के संयोजक शिवगोपाल मिश्रा ने की है। केंद्र सरकार को अनिश्चितकालीन हड़ताल का नोटिस देने और स्ट्राइक की तिथि घोषित करने के लिए दो दिन के भीतर एक कमेटी गठित होगी।




**चेतावनी**

**रेल संचालन और रक्षा क्षेत्र के उद्योगों सहित तमाम सरकारी विभागों में कामकाज बंद हो जाएगा**

**गत वर्ष दिल्ली में हुई थीं चार बड़ी रैलियां:** केंद्र एवं विभिन्न राज्य सरकारों के कर्मचारी, पुरानी पेंशन बहाली के लिए गत वर्ष से ही आंदोलन कर रहे हैं। कर्मचारी संगठनों ने विभिन्न तरीकों से अपनी बात, सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया है। ओपीएस के लिए गठित नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन (एनजेसीए) की संचालन समिति के वरिष्ठ सदस्य और एआईडीईएफ के महासचिव सी. श्रीकुमार का कहना है, नई दिल्ली के रामलीला मैदान में गत वर्ष दस अगस्त को सरकारी कर्मियों की विशाल रैली हुई थी। उस रैली में लाखों कर्मियों ने हिस्सा लिया था। एक अक्तूबर को रामलीला मैदान में ही 'पेंशन शंखनाद महारैली' आयोजित की गई। इसका आयोजन नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के बैनर तले हुआ था।

# पंजाब के स्कूलों में मिड डे मील में होगा बदलाव

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**पंजाब** के स्कूलों के लिए शिक्षा विभाग की तरफ से मिड डे मील में बदलाव किया गया है, अब विभाग ने केले के साथ ही मौसमी फलों को भी शामिल किया गया है। जिन फलों को मिड डे मील में शामिल किया गया है उनमें अमरुद, आम, बेर, किन्नू शामिल हैं। शिक्षा विभाग की तरफ से संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं और जल्द ही इन आदेशों को लागू कर दिया जाएगा।

विभाग के अनुसार नए शैक्षणिक सत्र में फलों की उपलब्धता के आधार पर आदेश जारी किए जाएंगे और इसमें कुछ और बदलाव भी किए जा सकते हैं। बता दें कि इससे पहले जनवरी में भी सरकार की तरफ से आदेश जारी किए गए थे। सरकार ने स्कूलों को जनवरी से मार्च 2024 तक प्रत्येक छात्र को सप्ताह में एक दिन दोपहर के भोजन के साथ केला उपलब्ध कराने का आदेश दिया था।

प्रति छात्र प्रति केला पांच रुपये की दर से धनराशि अलग से स्कूलों को उपलब्ध करवाने का फैसला लिया गया था। इसके अलावा भी मिड डे मील के मेन्यू में कुछ बदलाव किया गया था।



**पहल**

**केले के साथ ही मौसमी फलों को भी शामिल किया गया है। अमरुद, आम, बेर, किन्नू शामिल हैं**

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसानों के लिए 3 सुविधाओं का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और जनजातीय कार्य मंत्री श्री अर्जुन मुंडा ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के अंतर्गत केंद्रीकृत "किसान रक्षक हेल्पलाइन 14447 और पोर्टल", कृषि-बीमा सैंडबॉक्स फ्रेमवर्क प्लेटफार्म सारथी एवं कृषि-समुदाय के लिए लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) प्लेटफार्म का आज दिल्ली में समारोहपूर्वक शुभारंभ किया। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री सुश्री शोभा करंदलाजे और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री कैलाश चौधरी, केंद्रीय कृषि सचिव श्री मनोज अहूजा भी उपस्थित थे।



कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री श्री मुंडा ने कहा कि यह देश गांवों का देश है, किसानों का देश है। किसानों को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में कृषि मंत्रालय लगातार काम कर रहा है। किसानों को उन्नत करने के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए श्री मुंडा ने कहा कि किसानों के सामर्थ्य, ताकत, मजबूती से ही देश का सामर्थ्य व मजबूती है। इसे ध्यान में रखते हुए व कृषक समुदाय की उन्नति को रेखांकित करते हुए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय काम कर रहा है। सरकार की ओर से संचालित योजनाओं के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने इस दिशा में सरकार द्वारा निरंतर किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान में अवसर मिल रहा है कि तकनीकी रूप से भी किसानों को सशक्त बनाने में सहयोगी बनें। किसानों से डिजिटली जुड़ते हुए उन्हें आगे बढ़ाने के लिए काम करें। इसी नवाचार के तहत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत कृषि रक्षक पोर्टल व हेल्पलाइन, सैंडबॉक्स फ्रेमवर्क एवं एलएमएस प्लेटफॉर्म का शुभारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार कृषि क्षेत्र को उच्च प्राथमिकता देती है व इसे अधिक कुशल, प्रतिस्पर्धी, आय-उन्मुख व लचीला बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कृषि मंत्रालय की प्रमुख योजनाओं में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना शामिल हैं। साथ ही, 10 हजार नए कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) का गठन किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम भी मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री सिंचाई कार्यक्रम, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, बागवानी मिशन, सतत कृषि पर राष्ट्रीय मिशन, किसान क्रेडिट कार्ड आदि के जरिए भी किसानों की जरूरतों व लाभ के लिए मंत्रालय काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना व कृषि कार्यों में जोखिम कम करना है। वर्तमान में कृषि क्षेत्र को ज्यादा ग्रोथ के लिए जहां निवेश की जरूरत है, वहीं प्राकृतिक या मानव निर्मित कारणों से होने वाले नुकसान के जोखिम को कम करने की भी आवश्यकता है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना इसके लिए काफी कारगर साबित हुई है। योजना के प्रारंभ से अभी तक इसमें 15 करोड़ से ज्यादा किसान जुड़े हैं और अब तक किसानों के 29,237 करोड़ रुपये के प्रीमियम के मुकाबले 1.52 लाख करोड़ रु. के दावों का पेमेंट किया गया है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के इस दौर में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना छोटे व सीमांत किसानों के लिए वरदान साबित हुई है। महाराष्ट्र, ओडिशा, त्रिपुरा, आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में सरकारें किसान प्रीमियम के रूप में केवल 1 रुपये के साथ सार्वभौमिक कवरेज प्रदान करके किसानों का समर्थन करने के लिए आगे आई हैं। पिछले कुछ समय में योजना के क्रियान्वयन में सुधार के प्रयास भी लगातार जारी हैं। सरकार प्रतिबद्ध है कि कृषि क्षेत्र में ऐसी योजनाओं को आगे बढ़ाएं।

# सामने आएगा हत्या का राज, पूर्व चेयरमैन समेत तीन का होगा नार्को टेस्ट

**गाजियाबाद।** लक्ष्मी गुप्ता मर्डर मिस्ट्री खोलने के लिए पुलिस अब नार्को टेस्ट का सहारा लेगी। गाजियाबाद पुलिस को कोर्ट से तीन संदिग्धों के नार्को टेस्ट की अनुमति मिली है। इनमें पतला के पूर्व चेयरमैन मनोज शर्मा, उनका बेटा व किरायेदार है। अभी तारीख निर्धारित नहीं हुई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, छह संदिग्धों का नार्को टेस्ट कराने की अनुमति मांगी गई थी। इसमें कोर्ट ने फिलहाल तीन की इजाजत दी है। पुलिस का मानना है कि नार्को टेस्ट से कई राज सामने आने से इनकार नहीं किया जा सकता। जिनमें नार्को टेस्ट होंगे, वे सभी पुलिस के शक के घेरे में हैं।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मनीष उर्फ मोनू**, पुत्रः ओमपाल सिंह, पताः म. नं. A-41 गांव व पोस्ट, मुखमल पुर, दिल्ली-36 और खसरा सं. 136/14, गली नं. 23, मैन मार्केट, संत नगर, बुराड़ी, दिल्ली ने **FIR No. 308/2011, U/s 324/341/34 IPC, थानाः बुराड़ी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष उर्फ मोनू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष उर्फ मोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 308/2011, U/s 324/341/34 IPC, थानाः बुराड़ी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मनीष उर्फ मोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.03.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री मयंक अग्रवाल
महादंड अधिकारी, केन्द्रीय, टीएचसी
कमरा नंबर 286,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/1542/N/2024-
(Court Matter)


# एनसीआर में जाम से त्राहिमाम, ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
नोएडा प्राधिकरण के गेट पर धरना दे रहे किसानों ने संसद की ओर कूच कर दिया है। मुआवजा समेत अन्य प्रमुख मांगों को लेकर नोएडा प्राधिकरण के सामने कई दिनों से धरना दे रहे थे। किसानों की वजह से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और दिल्ली के चिल्ला बॉर्डर पर जाम लग गया है। जिसकी वजह से यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। पुलिस ने किसानों को नोएडा-दिल्ली बॉर्डर में रोक दिया है। दिल्ली पुलिस ने किसानों को राजधानी में प्रवेश की अनुमति नहीं दी है। किसानों के विरोध मार्च को देखते हुए दिल्ली-



नोएडा, चिल्ला बॉर्डर पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वहीं नोएडा पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी कर दी है। नोएडा और ग्रेनो में आज से धारा-144 लागू कर दी गई है। दिल्ली-नोएडा बॉर्डर पर जाम की स्थिति पैदा हो गई है। नोएडा और दिल्ली में कई मार्गों पर यातायात प्रभावित हो रहा है। जिसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नोएडा पुलिस की ओर से ट्रैफिक एडवाइजरी जारी कर दी गई है। साथ ही नोएडा, ग्रेटर नोएडा के अलावा दादरी, सूरजपुरस, सिरसा, रामपुर-फतेहपुर समेत अन्य रास्तों पर चेतावनी जारी कर दी है। बीते दिसंबर 2023 से किसान संगठन नोएडा और ग्रेटर नोएडा में धरना दे रहे हैं। मुआवजा समेत अन्य प्रमुख मांगों को लेकर नोएडा प्राधिकरण के गेट पर धरना दे रहे थे।

# बुलंदशहर रोड पर इस्पात फोर्जिंग कंपनी के कबाड़ में लगी आग



**काबू पाया**

8 एक-एक कर दमकल की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं। हालांकि चार वाहनों ने ही आग पर काबू कर लिया था।

**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद**
गाजियाबाद के बुलंदशहर रोड स्थित इस्पात फोर्जिंग कंपनी के कबाड़ में आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल का कहना है कि आपकी वजह का अभी पता नहीं चल पाया है। पहले यह कहा जा रहा था कि औद्योगिक क्षेत्र की गत्ता फैक्ट्री में आग लगी है। जिसके चलते बड़ी आग लगने की आशंका थी। इसी के चलते एक-एक कर दमकल की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं थीं। हालांकि चार वाहनों ने ही आग पर काबू कर लिया था।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्धघोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **नासिर उर्फ पगला**, पुत्र शेख शफीक, निवासी झुग्गी न. 153, विश्वनाथ पुरी, मलस्या डेयरी, दिल्ली, ने **एफआईआर संख्या 677/2022, धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, पुलिस थाना महेंद्र पार्क, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नासिर उर्फ पगला**, मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **नासिर उर्फ पगला**, फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है की उक्त अभियुक्त **नासिर उर्फ पगला**, केस **एफआईआर संख्या 677/2022, धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, पुलिस थाना महेंद्र पार्क, दिल्ली**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.04.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
निहारिका कुमार शर्मा,
ए. सी. एम. एम.
रोहिणी कोर्ट,
दिल्ली

DP/1326/NW/2024
(Court Matter)


# व्यापारी के बेटे की हत्या के विरोध में लगातार दूसरे दिन बिलासपुर बाजार बंद



**टीम एक्शन इंडिया/ग्रेटर नोएडा**
बिलासपुर के रहने वाले व्यापारी अरुण सिंघल के बेटे वैभव की 10 दिन पहले उसके ही दोस्तों ने गला दबाकर हत्या कर दी थी। घटना के 10 दिन बाद भी अभी तक वैभव का शव बरामद नहीं हुआ है। इससे नाराज व्यापारियों ने लगातार दूसरे दिन बिलासपुर बाजार बंद किया है। दनकौर का बाजार भी बंद कर दिया गया है। बिलासपुर के व्यापारियों के समर्थन में रबूपुरा से व्यापारी बस में सवार होकर बिलासपुर पहुंच रहे हैं। ग्रेटर नोएडा के व्यापारियों ने भी पुलिस के खिलाफ आवाज बुलंद की है और बाजार बंद करने का ऐलान किया है। व्यापारियों का कहना है कि यदि पुलिस शव बरामद नहीं कर पाती है तो यह विरोध प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा।

# युवक का अधजला शव मिलने से इलाके में सनसनी

**गाजियाबाद।** निवाड़ी थाना क्षेत्र के गांव सिखेड़ा हजारी में युवक की हत्या कर दी गई। अधजली हालत में युवक का शव बृहस्पतिवार को गांव में ही ईख के खेत में मिला। तमाम प्रयास के बावजूद शव की शिनाख्त नहीं हुई। आसपास के थानों में शव का हुलिया पुलिस ने भेजा है। गुमशुदगी से हुलिये का मिलान कर शव की शिनाख्त के प्रयास में पुलिस जुटी है। घटनास्थल का डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद यादव समेत पुलिस के आला अधिकारियों ने निरीक्षण कर अधीनस्थों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये। बृहस्पतिवार सुबह गांव सिखेड़ा हजारी के किसान रतनपाल सिंह खेत पर ईख की छिलाई कर रहे थे।


## उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डीआरएम ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | जिंद सिटी (जेसीवाई/एसपी) में एसपी का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग और जिंद में सिंगल लाइन एसएसपी को डबल लाइन एसएसपी में परिवर्तित करना। |
| अनुमानित लागत | ₹1,35,18,591.18 |
| बयाना राशि | ₹2,17,600/- |
| ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 20.02.2024 (10:30 बजे) से 05.03.2024 (15.00 बजे तक) |
| ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय | 05.03.2024 (15.00 बजे) |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा सं.: 49-क.वि.-नई दिल्ली-2023-24 दिनांकः 07.02.2024 418/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **ललित प्रकाश राहुल उर्फ बबलू** सुपुत्र चन्दर प्रकाश निवासी मकान नं. 147, प्रेम नगर-II, दिल्ली ने केस एफआईआर नं. 137/17, **अंतर्गत धारा 324/341/506/34 आईपीसी के तहत, थाना उत्तरी रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ललित प्रकाश राहुल उर्फ बबलू** मिल नही रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ललित प्रकाश राहुल उर्फ बबलू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. 137/17, **अंतर्गत धारा 324/341/506/34 आईपीसी के तहत, थाना उत्तरी रोहिणी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **ललित प्रकाश राहुल उर्फ बबलू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 18.03.2024 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
इब्बानी अग्रवाल (उ./प.)
महानगर दण्डाधिकारी
कमरा नं. 107, प्रथम तल,
जिला रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/1528/RD/2024
(Court Matter)



## नोएडा
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा-201301, उ.प्र.
वैबसाइट : www.noidaauthorityonline.in

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा शर्तों में समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की अधिकारिक website: www.noidaauthorityonline.in & https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधित व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहें।

| क्र.सं. | जॉब संख्या/कार्य का नाम | कार्य की लागत (रु लाख में) |
|---|---|---|
| 1. | 52/निदे० (उ0)/उ0निदे०(उ0)-II/2023-24, ग्रीन बेल्ट अनुरक्षण (सैक्टर-118 की श्री राम सोसायटी में चार बड़े गेट तथा सैक्टर-116 में एक मध्य गेट व कंटीला तार लगाने का कार्य) | रु0 24.42 लाख |
| 2. | 58/निदे० (उ0)/उ0निदे०(उ0)-II/2023-24, पार्क अनुरक्षण (सैक्टर-105 के विभिन्न पार्कों में बेन्च प्लेटफार्म के निर्माण का कार्य) | रु0 17.84 लाख |
| 3. | 60/निदे० (उ0)/उ0निदे०(उ0)-II/2023-24, पार्क अनुरक्षण (सैक्टर-50 के ए-57 पार्क में बेन्च प्लेटफार्म के निर्माण का कार्य) | रु0 18.04 लाख |
| 4. | 61/निदे० (उ0)/उ0निदे०(उ0)-II/2023-24, ग्रीन बेल्ट अनुरक्षण (सैक्टर-104 में ऑपन जिम के पास ग्रीन बेल्ट में कच्चे फुटपाथ का निर्माण कार्य) | रु0 12.35 लाख |
| 5. | 98/निदे० (उ0)/उ0निदे०(उ0)-I/2023-24, सैक्टर-59, 61, 62, 63 के मैट्रो पिलर्स पर स्थापित वर्टिकल गार्डन के एम०एस० फ्रेम बदलने का वृक्षारोपण अनुरक्षण कार्य। | रु0 17.81 लाख |

जिन्हें दिनांक 22.02.2024 को सायं 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई- निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन बिड दिनांक 23.02.2024 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।

निदेशक (उद्यान)
नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा



# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

ए-15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली- 33
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राइवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया**, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

## बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2, पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## नाम परिवर्तन

मैं, सुनीता रानी पत्नी श्री सुंदर निवासी खेड़ी तगा, तह.- गन्नौर, सोनीपत घोषणा करती हू कि सुनीता रानी और सुनीता देवी दोनों एक नाम मेरे ही हैं और एक ही महिला के नाम है भविष्य मे मुझे सुनीता रानी के नाम से जाना जाए।

## न्यूज फ्लैश

### राज्य एनफोर्समेंट ब्यूरो ने अवैध खनन के विरूद्ध चलाया अभियान : विज

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि गत 7 फरवरी, 2024 को अवैध खनन के विरूद्ध हरियाणा राज्य एनफोर्समेंट ब्यूरो द्वारा एक अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत 120 स्थानों पर छापेमारी कर 748 वाहनों की जांच की गई जिसमें से 99 वाहनों को जब्त किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए विज ने बताया कि अवैध रूप से ले जा रहे मिट्टी, रेत तथा बजरी से भरे हुए कुल 99 वाहनों को जब्त किया। जिनमें 15 ट्रैक्टर-ट्राली, 39 हाइवा/डंपर, 3 जेसीबी/अन्य और 42 ओवरलोडिड वाहन शामिल है। उल्लेखनीय है कि गृह मंत्री अनिल विज ने हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो के अधिकारियों को को निर्देश जारी कर राज्य में अवैध खनन के खिलाफ अभियान को अधिक कठोरता और प्रभावशीलता के साथ तेज करने के लिए कहा है। उन्होंने इस संबंध में अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों को चेतावनी दी कि वे गलत काम करने से बचें, अन्यथा उनके खिलाफ प्रवर्तन ब्यूरो द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो के एडीजीपी डॉ. ए.एस. चावला ने कहा कि ऐसे असामाजिक तत्वों को एक साथ कई स्थानों पर निशाना बनाने से सकारात्मक परिणाम मिलना तय है।

### सूरजकुंड मेले में खास मासूम कारपेट लेकर आए हैं बधोई उत्तर प्रदेश के मोहम्मद तलीम

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के फरीदाबाद में चल रहे 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला में मोहम्मद तलीम उत्तर प्रदेश के बधोई का फेमस कारपेट लेकर आए हैं। मेला ग्राऊंड में मुख्य चौपाल के पास लगाई गई स्टॉल पर उत्तर प्रदेश के बधोई का हाथ से तैयार कालीन व डोर मैट आकर्षण का केन्द्र बने हुए है। मोहम्मद तलीम ने बताया कि उनका परिवार पुरानी पीढ़ियों से ही राजाओं - महाराजाओं के लिए कालीन तैयार करते आ रहे हैं। कालीन पुराने समय से देश के प्रत्येक राज्य में घरों की शोभा बढ़ाते आ रहे हैं। उनके द्वारा बुने ईरानियन, सिल्की, वूलन सहित अनेक प्रकार के हैंडमेड कॉरपेट तैयार किए जाते हैं, जो घर को राजसी ठाठ प्रदान करते आ रहे हैं। मेले में घूमने आए नागरिक 500 रुपए से 40 हजार रुपए तक की कीमत के यह हैंडमेंड कारपेट खरीद सकते है। इसी प्रकार उनके द्वारा तैयार सुंदर और आकर्षक डोरमेट भी स्टॉल पर उपलब्ध हैं जिन्हें मात्र 100 रुपए में खरीदा जा सकता हैं। मोहम्मद तलीम का यह हुनर मेले में पर्यटकों का दिल जीत रहा है।

### हमारे जीवन में स्कूल, अध्यापक व किताबों की अहम भूमिका: भव्य बिश्नोई

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

विधायक भव्य बिश्नोई ने कहा है कि हमारे जीवन में स्कूल, अध्यापक और किताबों की अहम भूमिका होती है। जीवन का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है हमारा बचपन। यही वो समय होता है जब हम स्कूल जाते हैं, नए दोस्त बनाते हैं और अपने भविष्य में उन्नति पाने के लिए पढ़ाई करते हैं। वे गुरुवार को आदमपुर स्थित एफजीएम कॉलेज में वार्षिक खेल प्रतियोगिता तथा गांव दुर्जनपुर के एवीएम स्कूल के वार्षिक उत्सव समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्कूल जीवन ही ऐसा है जहां हम दोस्तों के साथ हंसते हैं और जीवन का असली आनंद उनके साथ अनुभव करते हैं। कहा जाता है कि स्कूली पढ़ाई के दौरान ही एक छात्र की मेहनत, जुनून और जज्बे को देखकर यह पता लगाया जा सकता है कि एक छात्र जिंदगी में सफलता के किस शिखर को छूने वाला है। स्कूल में शिक्षक अपने बच्चों की भांति ही सभी छात्रों को समान रूप से अच्छी शिक्षा देते हैं, ताकि वे अपना भविष्य संवार सकें।

# 56.36 करोड़ रुपये की 10 नई परियोजनाओं को मंजूरी

## 56.36 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 10 नई परियोजनाएं लागू करने का निर्णय लिया

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ दीपिका शर्मा**

हरियाणा सरकार ने 6 जिलों सिरसा, हिसार, पलवल, महेंद्रगढ़, झज्जर और रेवाड़ी में ग्रामीण संवर्धन जल आपूर्ति कार्यक्रम के तहत 56.36 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 10 नई परियोजनाएं लागू करने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली इन परियोजनाओं को प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि ग्रामीण संवर्धन जल आपूर्ति कार्यक्रम के तहत जिला हिसार के गांव नियाना, बरवाला में 2.95 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर जल आपूर्ति योजना में सुधार, जिला सिरसा के गाँव कुरंगावाली, कालांवाली में 5.89 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से जल आपूर्ति योजना का विस्तार और वितरण प्रणाली को मजबूत करना, 16.88 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से जिला रेवाड़ी के 7 गांवों में नहर आधारित जलापूर्ति योजना, जिला झज्जर के नियोला ब्लॉक माछरौली में 6.17 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर स्वतंत्र जल कार्य प्रदान करना, जिला झज्जर के विभिन्न गांवों में 4.50 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से खरीदी जाने वाली डी.आई. पाइप लाइन की लागत में अंतर, जलापूर्ति स्थिति में सुधार के लिए जिला झज्जर के 20 गांवों बिठला, अंबोली, खानपुर कलां, खेड़ा थ्रू, खानपुर खुर्द, खोरदा, गोरिया, कालियावास, सुंद्रेहटी, चाडवाना, कोयलपुर, खेतावास, खापरवास, बम्बुलिया, झाड़ली, मोहनबाड़ी, झांसवा, साल्हावास, ढाणी साल्हावास और धनिया में 11.75 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से शेष मौजूदा वितरण पाइप लाइन बिछाकर/मजबूत करना शामिल है। इसके अलावा 2.67 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से जिला व तहसील महेंद्रगढ़ के गांव नांगल सिरोही में बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण और पाइप लाइन से जोड़ना, 2.33 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से पलवल के ब्लॉक होडल के गाँव बामनीखेड़ा में जल आपूर्ति योजना में सुधार और पाइप लाइन को बिछाना, एफएचटीसी, 2 ट्यूबवेल को लगाना और 2 अंडरग्राउंड टैंक का निर्माण करना शामिल है।



**मंजूरी**

8 अभियांत्रिकी विभाग द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली इन परियोजनाओं को प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की

### सीएम विंडो पर गलत जानकारी देने वाले नायब तहसीलदार और पटवारी निलंबित

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जिला भिवानी की एक शिकायतकर्ता द्वारा संपत्ति का इंतकाल देरी से करने तथा गलत कार्यवाही रिपोर्ट प्रस्तुत करने के मामले में भिवानी के नायब तहसीलदार आलमगीर तथा पटवारी ललित कुमार को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं। साथ ही दोनों के विरूद्ध नियम-7 के तहत कार्यवाही भी अमल में लाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के ओएसडी भूपेश्वर दयाल ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जिला भिवानी निवासी श्रीमती कमला देवी ने अपने पिता के देहांत के बाद उनकी रजिस्टर्ड वसीयतनामा के अनुसार संपत्ति का इंतकाल उनके व उनकी बहन के नाम किये जाने के संबंध में सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज करवाई थी।

# 'पीएम मोदी 16 को करेंगे देश के 22वें एम्स का शिलान्यास'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ अंकुश जैन**

सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य मंत्री डॉ.बनवारी लाल ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत हरियाणा प्रदेश के जिला रेवाड़ी को देश के 22वें एम्स की सौगात मिलने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी शुक्रवार, 16 फरवरी को जिला के माजरा भालखी में एम्स का शिलान्यास करेंगे।

सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी ने गुरुवार को रेवाड़ी के उपायुक्त राहुल हुड्डा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ गांव माजरा-भालखी में बनने वाले अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) साइट का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एम्स सहित अन्य कई विकास योजनाओं का शुभारंभ करने के साथ ही विकसित भारत-विकसित हरियाणा शिलान्यास समारोह को संबोधित भी करेंगे। जनस्वास्थ्य मंत्री डा.बनवारी लाल ने एम्स के निर्माण कार्य के शुभारंभ अवसर क्षेत्र के ही नहीं बल्कि पूरे दक्षिणी हरियाणा के विकास में अहम कदम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल व केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का केंद्र बिंदु रेवाड़ी जिला बनने जा रहा है जिससे न केवल हरियाणा के साथ लगते जिलों बल्कि राजस्थान के जिला के लोगों को भी बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। सहकारिता मंत्री ने कहा कि एम्स निर्माण के साथ ही आसपास के क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी लोगों के लिए सृजित होंगे। रेवाड़ी में एम्स के बनने से जहां एक ओर स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार होगा वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। वहीं रेवाड़ी सहित आसपास के क्षेत्र के लोग 16 फरवरी को इस पुनीत कार्य के साक्षी बनेंगे। डा.बनवारी लाल ने बताया कि प्रधानमंत्री के रेवाड़ी जिला में होने वाले कार्यक्रम का पूरे हरियाणा प्रदेश में लाइव प्रसारण किया जाएगा, जिसमें मंत्रीगण, विधायकगण व सांसदगण जनता के साथ कार्यक्रम से जुडकर प्रधानमंत्री का शुभ संदेश सुनेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के हरियाणा आगमन से विकसित भारत के साथ-साथ विकसित हरियाणा की नींव भी मजबूत हो रही है।

**स्वास्थ्य लाभ**

8 जनस्वास्थ्य मंत्री ने किया एम्स साइट का निरीक्षण, हरियाणा के साथ राजस्थान वासियों को भी मिलेगा स्वास्थ्य लाभ

### पद्मश्री दिलशाद धातु कला को देश-विदेश में दिलवा रहे हैं पहचान

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के 75 वर्षीय दिलशाद हुसैन धातु कला को देश-विदेश में प्रसिद्धि दिलाने में जुटे हैं। पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित यह कलाकार अपनी पुस्तैनी कला को तीन पीढियों से परिवर सहित आगे बढा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस कलाकार द्वारा बनाया गया धातु का बर्तन जर्मनी यात्रा के दौरान जर्मनी की चांसलर को भेंट किया था। यह कलाकार भी अपनी कलाकृतियों के साथ 37वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में पहुंचा है, जिन्हें पर्यटक बारीकि से निहारते देखे जा सकते हैं। मुरादाबाद देशभर में पीतल के बर्तनों के लिए प्रसिद्ध है। मेला परिसर में स्टॉल संख्या-1224 पर दिलशाद हुसैन ने अपनी धातु की कलाकृतियों को बखूबी प्रदर्शित किया है। इन कलाकृतियों में बर्तन, फ्लावर पॉट, हुक्का आदि शामिल हैं। इस स्टॉल पर पर्यटक 50 रुपए से 20 हजार रुपए तक की सुंदर धातु की कलाकृतियों की खरीददारी में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। दिलशाद के पांचों पुत्र रिहान, फैजल, नौसाद, अनस व साकेत भी अपने पिता के साथ अपनी पुस्तैनी कला को आगे बढा रहे हैं। दिलशाद हुसैन को धातु शिल्प कला को बढावा देने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा वर्ष 2023 के लिए पद्मश्री अवॉर्ड से पुरस्कृत किया गया है।

# 'लोकसभा आम चुनावों के लिए सिक्योरिटी डिपॉजिट 25 हजार रुपये होगी'

## नामांकन भरने के लिए रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में उम्मीदवार के साथ अधिकतम 4 लोगों को आने की होगी अनुमति

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि आगामी लोकसभा आम चुनावों में नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रत्याशियों को रिटर्निंग अधिकारी (आरओ), सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) के कार्यालय में अपने साथ अधिकतम 4 लोगों को लाने की अनुमति होगी। साथ ही, आरओ तथा एआरओ कार्यालय की 100 मीटर की परिधि में अधिकतम 3 वाहन लाने की अनुमति होगी। अनुराग अग्रवाल आज यहां लोकसभा आम चुनावों की तैयारियों के संबंध में अहम बैठक कर रहे थे। बैठक नामांकन प्रक्रिया, चुनाव चिन्ह आवंटन तथा चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के आपराधिक रिकॉर्ड के संबंध में आयोग द्वारा जारी हिदायतों की समीक्षा की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकसभा आम चुनावों के लिए सिक्योरिटी डिपॉजिट 25 हजार रुपये होगी। अनुसूचित जाति व जनजाति के उम्मीदवारों के लिए यह राशि 12,500 रुपये होगी।

सिक्योरिटी डिपॉजिट नकद या ट्रेजरी के माध्यम से ही स्वीकार्य होगी। चैक या डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से इस राशि को स्वीकार नहीं किया जाएगा। नामांकन प्रक्रिया पर विस्तृत दिशा-निर्देश देते हुए अनुराग अग्रवाल ने कहा कि रिटर्निंग अधिकारी नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि, स्थान, समय, नामांकन पत्रों की जांच, पत्र वापिस लेने की तिथि इत्यादि जानकारी सार्वजनिक करेंगे और सरकारी कार्यालयों में नोटिस भी चस्पा करेंगे। साथ ही, यह भी जानकारी दी जाए कि आरओ के स्थान पर कौन से एआरओ नामांकन पत्र स्वीकार करेंगे।



# गठबंधन सरकार ने आमजन का विश्वास खो दिया: भूपेंद्र सिंह हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ काजल रानी**

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने गुरुवार को कहा कि बीजेपी-जेजेपी सरकार से जनता का विश्वास उठ चुका है, इसलिए कांग्रेस इसके खिलाफ आने वाले बजट सत्र में विधानसभा में अविश्वास प्रस्ताव पेश करने जा रही है। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। ये सरकार युवाओं को रोजगार, किसानों को एमएसपी, कर्मचारियों को वेतन, व्यापारियों को राहत और नागरिकों को सुरक्षा देने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। यही वजह है कि आज बेरोजगार युवा भर्ती घोटालों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं, किसान एमएसपी के लिए एक बार फिर संघर्ष की राह पर हैं, पटवारी हड़ताल पर हैं और सब्जी मंडी व्यापारी हड़ताल पर जाने का ऐलान कर चुके हैं। हुड्डा ने कहा कि आशा वर्करों को भी 6 महीने से वेतन नहीं मिला। किसानों द्वारा दिल्ली कूच के मुद्दे पर हुड्डा ने कहा कि सरकार ने पिछली बार आंदोलन



खत्म होने पर एमएसपी के लिए कमेटी बनाने का ऐलान किया था। लेकिन अब तक किसानों को एमएसपी की गारंटी नहीं मिली है। मुआवजे की बात की जाए तो क्लस्टर-2 के 7 जिलों के किसानों को सरकार ने बीमा से ही वंचित कर दिया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकारी विभागों में 2 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हुए हैं। लेकिन उनको भरने की बजाए सरकार युवाओं को मजदूरी करने के लिए इसराइल भेज रही है। युद्ध के चलते अन्य देशों के लोग वहां से अपने नागरिकों को निकाल रहे हैं, वहीं हरियाणा सरकार हमारे युवाओं को युद्ध क्षेत्र में भेज रही है। कांग्रेस की तरफ से ठेकेदारी प्रथा को खत्म करने के लिए नीति बनाई गई थी। लेकिन कौशल रोजगार निगम के जरिए आज सरकार खुद ठेकेदार बन गई है और युवाओं की मिलने वाली नाममात्र वेतन में से भी कमीशन खा रही है।

**नाकाम**

8 व्यापारियों को राहत और नागरिकों को सुरक्षा देने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से चंडीगढ़ स्थित आवास संत कबीर कुटीर पर डेरा राधा स्वामी सत्संग ब्यास प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों शिष्टाचार मुलाकात करते हुए।

### सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

सडक सुरक्षा विषय पर आज पंचकूला के सेक्टर-14 स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में छठी हरियाणा राज्य स्तरीय सडक सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए बच्चों को सडक सुरक्षा तथा यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# प्रदेश में अराजकता फैलाने की कोशिश की जा रही : ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया/सांपला/रोहतक**

आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा वीरवार को सांपला में सीताराम हलवाई दुकान के मालिक से मिले। वे कुछ दिन पहले दुकान के बाहर फायरिंग कर एक करोड़ रुपए की फिरौती मांगने के मामले में मिलने पहुंचे। उन्होंने कहा ये बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि पूरे हरियाणा में एक के बाद एक इस तरीके की घटनाएं हो रही हैं। कानून व्यवस्था की ऐसी स्थिति कभी बिहार में होती थी और वैसा ही अराजकता का माहौल हरियाणा में पैदा करने की कोशिश की जा रही है। लगातार गैंग्स पनप रहे हैं ऐसा माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं कि इस गैंग के लोग किसी भी व्यापरी को पर्ची भेज दें और वो डर की वजह से पैसा दे दें। यदि पुलिस ने 48 घंटे में अपराधियों को नहीं पकड़ा तो आम आदमी पार्टी सड़कों पर उतरेगी। उन्होंने कहा कि ये सब बिना पुलिस की मिलीभगत और बिना पुलिस की नाकामी के ऐसा संभव नहीं है। क्योंकि पिछले दिनों इसी तरह की वारदात गोहाना में हुई और दो करोड़ रुपए की फिरौती मांगी गई थी। जहां दो लोग पकड़े गए थे इसके बावजूद पकड़े जाने पूरा गैंग नेस्तनाबूत क्यों नहीं हुआ? इसका मतलब पुलिस ने कार्रवाई ठीक से नहीं की। उन्होंने कहा कि यदि कोई शांतिपूर्ण तरीके से कहीं प्रदर्शन करे तो पुलिस उसके ऊपर तो लाठियां चलाती हैं और जो गैंगस्टर, अपराधी हरियाणा के व्यापारियों को, आम लोगों को परेशान कर रहे हैं। उनके ऊपर पुलिस की सख्ती कहां चली जाती है। आम आदमी पार्टी इसको लेकर चिंतित है कि हरियाणा में कानून व्यवस्था की हालत लगातार बद से बदतर होती जा रही है। प्रति दिन एक हत्या, 2-3 दुष्कर्म हो रहे हैं और अब नए तरीका का कल्चर गैंगबाजी जैसी फिर से शुरू हो रहा है जो लगभग खत्म हो चुका था।



**समर्थन**

8 सांपला में सीताराम हलवाई की दुकान के मालिक पीड़ित कंवर भान से मिले आप वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा

# अब तक सूरजकुंड शिल्प मेले में पहुंचे सवा तीन लाख से ज्यादा पर्यटक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

**37वें सूरजकुंड** अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में अब तक सवा तीन लाख से ज्यादा पर्यटक पहुंच चुके हैं। मेला क्षेत्र में एक ओर जहां शिल्पकार अपने उत्पादों की ओर पर्यटकों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित लोक कलाकार भी देशी व विदेशी पर्यटकों को अपने वाद्य यंत्रों की सुरीली धुनों पर थिरकने को मजबूर कर रहे हैं। मुख्य चौपाल व छोटी चौपाल पर दिनभर देशी व विदेशी कलाकार अपनी-अपनी संस्कृतियों की लगातार झलक बिखेर रहे हैं। लोक कलाकारों में पलवल की बंचारी पार्टी हरेंद्र सिंह के नेतृत्व में शिल्पमेला के अति विशिष्ट द्वार के समीप पर्यटकों का ढोल नगाडों की



थाप पर दिनभर मनोरंजन कर रहे हैं। यह पार्टी मेला में पहुंचने पर सुरीली धुनों से पर्यटकों का स्वागत कर रही है तथा पर्यटकों को नाचने पर भी विवश कर रही है। हरेंद्र सिंह ने बताया कि वे सूरजकुंड शिल्प मेला की शुरूआत से लागातार इस मेले में पहुंचकर पर्यटकों का मनोरंजन कर रहे हैं। बंचारी पार्टी में हरेंद्र सिंह, लेखराम, कर्म सिंह, पुरूषोत्तम, मोनू, लोकेश, बलबीर, अजीत, गुलशन व वीरेंद्र शामिल हैं। सरकार द्वारा कौशल विकास को बढावा देने के लिए दूधौला में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय स्थापित किया गया है। इस विश्वविद्यालय में बंचारी का भी एक व दो वर्षीय डिप्लोमा दिया जा रहा है। बंचारी पार्टी गीता जंयती महोत्सव के कार्यक्रमों में भी लगातार प्रदेश की समृद्ध संस्कृति से लोगों को रूबरू करवा रही है।

**खोया पाया बूथ मेले में बिछड़े लोगों को परिजनों से मिलाने में कर रहा भरपूर सहयोग** : हरियाणा के फरीदाबाद में चल रहे 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय हस्त शिल्प मेला में में मुख्य चौपाल के पीछे गेट नंबर-1 की ओर स्थापित किया गया खोया पाया बूथ मेले में बिछड़े लोगों को अपनों से मिलाने में काफी मददगार साबित हो रहा है। यह भी इस मेले की एक खास बात है। खोया पाया बूथ की अनाउंसर मेले में अपने परिजनों से बिछड़े लोगों को मिलाने में जुटी हुई हैं।

अगर कोई व्यक्ति सूरजकुंड मेले में घूमने के दौरान अपनों से बिछुड़ जाए तो वह इस अनाउंसमेंट बूथ पर आकर अपने परिजनों से मिलने की एनाउंसमेंट करवा सकता है। खोया पाया बूथ बिछड़े व्यक्ति की सहायता के लिए उसकी संबंधित जानकारी पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से तुरंत अनाउंस की जाती है।

**आकर्षित**

8 लोक कलाकार भी देशी व विदेशी पर्यटकों को अपने वाद्य यंत्रों की सुरीली धुनों पर थिरकने को मजबूर कर रहे

# विकसित गांव से ही विकसित भारत का निर्माण संभव: कमलेश ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** की महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि विकसित भारत योजना उस सोच का परिचायक है जो हमें एक विकसित राष्ट्र की ओर लेकर जाएगी। उन्होंने कहा कि विकसित गांव से ही विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण किया जा सकता है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांव को विकास की इकाई मानकर इस योजना को शुरू किया है ताकि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा के साथ जोड़ा जा सके। कमलेश ढांडा ने आज जिला कैथल में गांव चलो अभियान के तहत राजौंद मंडल, बालू मंडल व कलायत मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब कल्याण, युवा उत्थान, किसानों के विकास और उत्थान के लिए काम कर रहे हैं। हर घर नल से जल पहुंच रहा है। गांवों में 24 घंटे बिजली आ रही है। गरीब महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त सिलेंडर देकर धुएं से मुक्ति दिलाई है। राज्य सरकार गरीब छात्राओं की निशुल्क पढ़ाई की व्यवस्था की है। श्रीमती ढांडा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प का उद्देश्य है कि 2047 तक हमने मिल-जुलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। विकसित भारत यात्रा के तहत हम गली-गली गए और योजनाओं का लाभ मौके पर ही लाभार्थियों को प्रदान किया और ऐसा पहली बार हुआ।

**विकास**

8 विकसित गांव से ही विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण किया जा सकता है : कमलेश ढांडा

# अनिल विज ने 'चलो गांव की ओर' कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलो गांव की ओर कार्यक्रम की शुरूआत की गई है और जिस प्रकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इस बार 400 पार का नारा दिया है, वैसे ही हमें हर बूथ पर पहले से कई गुणा ज्यादा मतों से विजयी होना है। विज लार्ड महावीर जैन पब्लिक स्कूल में भाजपा के चलो गांव की ओर कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए अम्बाला छावनी में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चलो गांव की ओर कार्यक्रम का मकसद हमें अधिक से अधिक लोगों को अपने साथ जोड़ना है। उन्होंने कहा मैं अकेला ही चला था जानिब-ए-मंज़िल, मगर लोग साथ मिलते गए और कारवाँ बनता गया। पार्टी के साथ लोगों को जोड़ना आवश्यक है और आप कहीं भी किसी भी कार्यस्थल पर लोगों



को पार्टी से जोड़ सकते हैं। पार्टी की नीतियों से हमें लोगों को अवगत कराने के लिए अपना बूथ छोड़ दूसरे बूथ में जाकर लोगों से मिलना है और उन्हें बताना है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार माताएं-बहने इधर से ऊन निकाल उधर लगाते हुए स्वेटर बुनती है उसकी प्रकार हमें अपना बूथ छोड़ अलग-अलग बूथों पर जाकर लोगों को एक सूत्र में जोड़ना है। गृह मंत्री अनिल विज ने मंच से विपक्ष पर प्रहार करते हुए कहा कि हमने लोगों की भावनाएं भड़काकर कभी भी राजनीति नहीं की। हम राजनीति में सेवाभाव लेकर आए हैं और हमारा कार्यकर्ता सेवाभाव लेकर जनता में उतरता है।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा में शानदार कार्य हुआ, लोगों को मौके पर योजनाओं का लाभ मिला : मंत्री अनिल विज**

गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के

**संकल्प यात्रा**

**8 मैं अकेला ही चला था जानिब-ए-मंज़िल, मगर लोग साथ मिलते गए और कारवाँ बनता गया : विज**

कार्यक्रम अम्बाला छावनी के गांवों व कुछ शहरी क्षेत्रों में किए गए। उन्होंने देखा कि किस प्रकार से कार्यकर्ता लोगों को पकड़-पकड़कर कैंप में लाभ दिला रहे थे।

शहर में भी कुछ स्थानों पर कैंप लगे जहां लोगों को इसका लाभ मिला। वह उस सोच को सैल्यूट करना चाहते हैं जिसने विकसित भारत योजना चलाई। विकसित भारत संकल्प कि 2047 तक हमने मिल-जुलकर हमने भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है और पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने यह बात कही है। यदि आजाद होते ही हमारे पूर्व प्रधानमंत्री यह बात सोचते तो आज हम विकसित राष्ट्र बन चुके होते। हमारे से बाद जो देश आजाद हुए उन्होंने अपने आप को विकसित कर लिया। मगर हमारे देश में किसी ने सोचा ही नहीं। प्रधानमंत्री जी ने कल लोकसभा में भाषण देते हुए पंडित जवाहरलाल नेहरू जी का वाक्य बताया कि लाल किले से बोलते हुए रूस, अमेरिका, जापान आदि से तुलना करते हुए कहा था कि हमारे देश के लोग सुस्त है। यदि नरेंद्र मोदी उस समय हमारे प्रधानमंत्री होते हुए कहते चलो उठे हम देश को बनाए और इसे मजबूत व विकसित बनाए। उन्होंने पूर्व सरकारों पर तंज कसते हुए कहा कि पूर्व सरकारों ने केवल गरीबी हटाओं के नारे दिए, धरातल पर काम कुछ नहीं किया। पूर्व सरकारों की ऐसी मंशा नहीं थी और अब विकसित भारत बनाने की मंशा वाला पहला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आया है जिसने जो कहा वह उसकी गारंटी होती है।

# एम डीएवी स्कूल मे कथा वाचन प्रतियोगिता आयोजित

**स्टोरी टेलिंग**

**8 अंग्रेजी विषय के अध्यापिकाओं द्वारा किया गया साथ ही साथ एक अंतर्सदन प्रतियोगिता भी कराई गई**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल में कथा वाचन (स्टोरी टेलिंग) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता 5 फरवरी को कक्षा पांचवी से सातवीं तक के छात्रों के लिए थी। इस प्रतियोगिता का आयोजन अंग्रेजी विषय के अध्यापिकाओं द्वारा किया गया साथ ही साथ एक अंतर्सदन प्रतियोगिता भी कराई गई। जो 7 फरवरी को चारों सदनों टैगोर सदन, दयानन्द सदन, गाँधी सदन व विवेकानंद सदन के छात्रों के अन्तर्गत कराई गई। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अंग्रेजी



विषय की अध्यापिका श्रीमती कल्पना व श्रीमती मीनाक्षी रही। यह प्रतियोगिता विद्यालय की कोऑर्डिनेटर श्रीमती सुदेश के मार्ग दर्शन मे कराई गई। प्रतियोगी छात्रों को विद्यालय के प्रधानाचार्य व (सहायक क्षेत्रीय अधिकारी) डॉ आर आर सूरी ने सर्टिफिकेट प्रदान किये व छात्रों को बधाई दी व छात्रों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र मे कोई न कोई कला भीतर छिपी होती है, हर छात्र को विद्यालय के मंच पर आकर अपनी प्रतिभा को दिखाना चाहिए व निखारना चाहिए। इस प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे। कक्षा पांचवी से सृजन, छठी से वीरजीत व सातवीं से धैर्य प्रथम रहे। कक्षा पांचवी से मान्या, छठी से शिवी, सातवीं से भव्य द्वितीय रहे। तृतीय स्थान पर कक्षा पांचवी से चैतन्य, छठी से परनिका व सातवीं से आर्यन गर्ग रहे।

# '19500 बूथों पर बूथ योद्धाओं के साथ बूथ सखियों को जोडकर दें संगठन को मजबूती'

## प्रदेश सरकार ने बीस हजार किलोमीटर गांव की सडकों के निर्माण के साथ बड़ी संख्या में करवाया नये एक्सप्रेस-वे और राष्ट्रीय राजमार्गो का निर्माण-दुष्यंत चौटाला

**संगठन**

**8 लोकसभा चुनावों में साठ दिन तो हरियाणा के विधानसभा चुनावों में आठ माह का समय शेष रह गया**





**टीम एक्शन इंडिया/खरखौदा-गोहाना (सोनीपत)**
हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि प्रदेश के सभी 19500 बूथों पर बूथ योद्धाओं और बूथ सखियों को जोडकर संगठन की ताकत को मजबूती प्रदान करें। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में साठ दिन तो हरियाणा के विधानसभा चुनावों में आठ माह का समय शेष रह गया है। ऐसे में अब संगठन को और ताकत देने की दिशा में कदम बढ़ाने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने खरखौदा में सरसों का खरीद केंद्र स्थापित करने की घोषणा भी की। उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला गुरूवार को खरखौदा-बरोदा हलकों के गांवों के दौरे पर थे, जिसके तहत उन्होंने गांवों में जनसभाएं करते हुए लोगों की मांगों व समस्याओं की सुनवाई करते हुए मौके पर ही समाधान किया। इसकी शुरूआत उन्होंने खरखौदा हलके के सोहटी गांव से की जबकि समापन बली ब्राह्मणान गांव में हुआ। इस बीच उन्होंने खरखौदा के वार्ड-15 की एससी चौपाल, थाना कलां गांव की एससी चौपाल व गढ़ी सिसाना के बागड़ी वाले तालाब, बिलबिलान के जेएस स्कूल में, गुमाना की बड़ी चौपाल में और कटवाल में जनसभाओं को संबोधित किया। साथ ही उन्होंने गणमान्य व्यक्तियों के आवास पर जाकर जलपान भी ग्रहण किया। जनसभाओं के दौरान उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि नैना चौटाला की चुनरी चौपाल की चर्चा करते हुए स्मरण करवाया कि उन्होंने जो वायदा किया था वह पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं की बराबर की हिस्सेदारी दिलाने के साथ पूरा किया है। राशन डिपो आवंटन में भी तैंतीस प्रतिशत हिस्सेदारी महिलाओं को दी गई। अब बारी आपकी है कि संगठन को ताकत दें। इसके लिए मातृशक्ति को साथ जोडने.का काम करें जिनकी दौड़ चूल्हे तक होती है। अगर हमारी यह फौज खड़ी हो गई तो फिर हमारा संगठन सबसे बड़े संगठन के रूप में सामने आयेगा। बूथ योद्धा व बूथ सखी ही असली ताकत बढ़ायेंगे। मात्र ग्यारह माह की मेहनत से हम प्रदेश में दस सीट जीतकर 15-16 प्रतिशत मत हासिल करने में कामयाब रहे।

# कन्या भ्रूण हत्या की सूचना देने पर मिलेगा एक लाख का इनाम : अनीश यादव

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि कन्या भ्रूण हत्या करने व करवाने वालों की सही सूचना देने वालों को सरकार द्वारा एक लाख रुपये तक का इनाम दिया जाएगा। ऐसी सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा। सरकार व प्रशासन की ओर से कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम के लिए उचित कदम उठाए जा रहे हैं। संचालक व डॉक्टर द्वारा पहली बार गर्भधारण पूर्व लिंग चयन और प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण संबंधी जुर्म करने पर 3 साल की कैद और 10 हजार रुपए जुमार्ना तथा इसके उपरांत पुनः जुर्म करने पर 5 साल कैद और 50 हजार रुपए जुमनि का प्रावधान है।

# पुलिस टीम ने लगभग 3 टन नशीले पदार्थो को किया नष्ट

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा, पुलिस अधीक्षक यमुनानगर गांगा राम पुनिया व पुलिस अधीक्षक कुरूक्षेत्र सुरेन्द्र भौरिया अन्य पुलिस अधिकारियों की देखरेख में थाना पंजोखरा क्षेत्र रुद्राक्ष एन्वायर केयर प्राईवेट लिमिटेड गाँव भड़ोग में अम्बाला मण्डल के थानों/मालखानो में जमा मादक पदार्थों की तस्करी में पकडे गये मादक पदार्थो को नष्ट किया गया। जिला अम्बाला के कुल 33 मामलों में जब्तशुदा मादक पदार्थो मे चुरापोस्त के 9 मामलो में 1511 किलो 946 ग्राम चूरापोस्त, हैरोईन के 19



मामलो में 1 किलो 214 ग्राम 380 मिलिग्राम हैरोईन, गांजा के 1 मामले में 1 किलो 900 ग्राम गांजा, मैडिसन के 9 मामलो में 66 इन्जैक्शन, 928 गोलियां, 824 कैपसूल, कुरूक्षेत्र के कुल 63 मामलो में जब्तशुदा मादक पदार्थो मे चुरापोस्त के 25 मामलो मे 1125 किलो 200 ग्राम चुरापोस्त, गांजा के 14 मामलो मे 20 किलो 16 ग्राम गांजा, सुल्फा के 2 मामलो में 183 ग्राम सुल्फा, भांग के 1 मामले मे 1 किलो 600 ग्राम भांग, चरस के 1 मामले में 1.864 किलोग्राम चरस, हैरोईन के 17 मामलो मे 83 ग्राम 156 मिलिग्राम हैरोईन, स्मैक के 03 मामलो मे 34 ग्राम स्मैक व यमुनानगर के कुल 73 मामलो मे जब्तशुदा मादक पदार्थो मे गांजा के 14 मामलो में 21.50 किलो गांजा, चरस के 4 मामलो में 462 ग्राम गांजा, चुरापोस्त के 9 मामलो में 3 किलो 362 ग्राम चुरापोस्त, स्मैक के 38 मामलो मे 330 ग्राम 254 मिलिग्राम स्मैक, कैपसूल/गोली के 06 मामलो में 3570 कैपसूल, 60 गोलियां को नियमानुसार कार्यवाही उपरान्त नष्ट किया गया।

# 'व्यक्तित्व के विकास के लिए सभी विषयों का ज्ञान होना आवश्यक'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने एवं वयक्तित्व के विकास के लिए देश-दुनिया के सभी विषयों का सामान्य ज्ञान होना आवश्यक है, क्योंकि इसके बिना ना तो कोई कम्पीटीटिव परीक्षा पास होगी और ना ही साक्षात्कार - ऐसे में जीवन के लक्ष्य को पाने में युवा पीछे रह जायेगा।

उक्त उदगार मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने साथी फाउंडेशन एवं नैतिक शिक्षा संस्कार समिति के संयुक्त प्रयास से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (मॉडल टाउन)



में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगी परीक्षा के अवसर पर विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। इसके अतिरिक्त राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (जटवाड़ा), राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बैंयापुर लहराड़ा), राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (गढ़ी ब्राह्मणान), दून स्कूल (आई०टी०आई० चौक), ज्ञान विद्या पीठ (नई अनाज मंडी, लहराड़ा) एवं मामचंद पब्लिक स्कूल (देवरु रोड) के प्रांगणों में भी प्रतियोगिता का

**मार्गदर्शन**

**8 विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने एवं वयक्तित्व के विकास के लिए सामान्य ज्ञान होना आवश्यक : जैन**

आयोजन किया । उन्होंने कहा कि किसी भी विषय की जानकारी के लिए विद्यार्थी आजकल मोबाइल पर गूगल सर्च करते हैं परन्तु परीक्षा या साक्षात्कार के दौरान मोबाइल का प्रयोग वर्जित है।

# प्रो-एक्टिव ओबीसी प्रमा□पत्र सुविधा की हुई शुरूआत : यादव

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में राज्य सरकार नागरिकों को पेपरलेस, पारदर्शी व सुगम तरीके से सुविधाओं का लाभ ऑलाइन माध्यम से उनके घर द्वार पर पहुंचा रही है। इसी कड़ी में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए हरियाणा सरकार की ओर से नागरिकों के लिए परिवार पहचान पत्र के माध्यम से प्रो-एक्टिव ओबीसी प्रमाण पत्र सुविधा की शुरूआत की गई है। अब नागरिक सरल पोर्टल पर जाकर, पीपीपी में मौजूद अपने डाटा के आधार पर पात्र पाए जाने पर अपना ओबीसी प्रमाण पत्र ऑनलाइन घर बैठे डाउनलोड कर सकते हैं। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि एक बार जब किसी नागरिक की जाति व जाति की श्रेणी पीपीपी में सत्यापित हो जाती है, तो वह बिना किसी मानव हस्तक्षेप के सरल पोर्टल पर अपनी पारिवारिक आई.डी. डालकर अपेक्षित जाति प्रमाण पत्र डाउनलोड कर सकता है। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र के पीछे सरकार का उद्देश्य लोगों को केसलेस और पेपरलेस सेवाएं प्रदान करना है। इसी उद्देश्य से पीपीपी में नागरिकों की सत्यापित जाति और जाति की श्रेणी के आधार पर सरल पोर्टल के माध्यम से प्रमाण पत्र पहले से ही जारी किए जा रहे हैं।

# वात्सल्य वाटिका परिवार ने श्री राम भक्तों का स्वागत किया



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)**
बृहस्पतिवार को कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पर 72 राम भक्तों का एक जथा अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ है। वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र परिवार ने सभी राम भक्तों को तिलक लगाकर और पुष्प माला पहना कर व प्रसाद वितरण कर स्वागत किया गया । इस अवसर पर वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र संस्थापक आदरणीय परम पूज्य स्वामी हरिओम दास परिव्राजक जी, वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र कोषाध्यक्ष संत राजेंद्र सिंह जी, विद्यालय प्रधानाचार्य गौरव चौधरी, छात्र छात्राएँ मौजूद रहे ।

# कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने का दुष्यंत चौटाला दे गए मंत्र

**टीम एक्शन इंडिया/ खरखौदा/ सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा** हलके के दौरे पर आए प्रदेश उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने शहर के वार्ड 15 की चौपाल में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, कि सवा 4 साल के राज्य में उनके द्वारा हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए विकास का खाका तैयार किया गया है। जिससे हर वर्ग को फायदा पहुँच रहा है। बात अगर खरखोदा कि की जाए तो लोग आईएमटी में जाने से भी कतराते थे। उसमें मारुति का प्लांट लगाकर खरखौदा की कायाकल्प करने का काम उन्होंने किया है। आने वाले समय में इसे और विस्तार देकर खरखोदा की सूरत में सीरत को



बदलने का काम किया जाएगा। यह सब लोगों के विश्वास के चलते ही संभव हो पाया है। जिसके बुते पर प्रदेश से 10 सीट जीतकर उन्होंने सरकार ने हिस्सेदारी पाई और आज आमजन के कामों को अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं को आगामी लोकसभा में विधानसभा चुनाव के लिए आज से ही जुट जाने का

**विकास कार्य**

**8 सवा 4 साल के राज्य में उनके द्वारा हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए विकास का खाका तैयार किया गया है**

प्रावधान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को घर-घर तक पहुंच कर पार्टी का झंडा और दंड तो जाने का काम करना होगा। तभी जाकर पार्टी आगामी चुनाव में मजबूती के साथ उबर का आएगी। उन्होंने कहा कि आज ऐसी व्यवस्था प्रदेश में कर दी गई है कि राशन कार्ड पेंशन सहित अन्य किसी भी काम के लिए लोगों को विभिन्न सरकारी कार्यालय में चक्कर काटने की जरूरत नहीं है। उन्हें पास के ही सीएससी सेंटर में जाकर एक क्लिक पर सारी सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा की ड्रोन से मैपिंग करवा कर छोटी-छोटी समस्याओं का निदान कर दिया गया है। इस दौरान सैनिक गढ़ी मोहल्ले की तरफ से घड़ी मोहल्ले को अवैध श्रेणी में से हटकर कॉलोनी को पास करने की मांग उठाई गई। जिस पर डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि वह इस मामले में खुद निजी तौर पर संज्ञान लेकर जल्द ही इस पर उचित कार्रवाई करवाने का काम करेंगे।

# टाटा एआईए ने वेंकटचलम एच को सीईओ और एमडी नियुक्त किया

**टीम एक्शन इंडिया/गुडगांव**
भारत की सबसे तेजी से बढ़ती जीवन बीमा कंपनियों में से एक, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के बोर्ड ने वेंकटचलम एच को नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। यह नियुक्ति आईआरडीएआई से नियामक अनुमोदन के अधीन है। वेंकटचलम एच वर्तमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक, नवीन ताहिलयानी का स्थान लेंगे, जो टाटा समूह में एक दूसरा पद संभालेंगे और उन्हें टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में पदोन्नत किया गया है।

**जिम्मेदारी**

**8 नए व्यापार प्रीमियम पर नंबर 3 कंपनी बन गई है और निजी क्षेत्र के जीवन बीमाकर्ताओं में रिटेल बीमा राशि में नंबर 1 स्थान पर है**

वेंकटचलम एच को सभी प्यार से वेंकी कहते हैं। जीवन बीमा, संपत्ति प्रबंधन और कस्टोडियल सेवाओं में 27 वर्षों से अधिक अनुभव के साथ वेंकी ने बिक्री और वितरण, रणनीति, व्यवसाय और प्रक्रिया विकास और मुख्य खाता प्रबंधन में विशेषज्ञता हासिल है। वह 2016 में टाटा एआईए में शामिल हुए और इसके पहले अध्यक्ष और मुख्य वितरण अधिकारी थे। वेंकी ने मार्केटिंग, स्ट्रैटेजी, विश्लेषण और प्रत्यक्ष डिजिटल व्यवसाय जैसे क्षेत्रों में भी कई पहलों का नेतृत्व किया है। दूरदर्शी नेता नविन ताहिलयानी टाटा एआईए को बाजार में अग्रणी और डिजिटल रूप से सक्षम मल्टी-चैनल व्यवसाय में बदलने का नेतृत्व कर रहे हैं। बाजार में लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए 2018 और 2022 के बीच टाटा एआईए का वीओएनबी साढ़े तीन गुना बढ़ गया है। नवीन के नेतृत्व में, टाटा एआईए रिटेल के आधार पर नए व्यापार प्रीमियम पर नंबर 3 कंपनी बन गई है और निजी क्षेत्र के जीवन बीमाकर्ताओं में रिटेल बीमा राशि में नंबर 1 स्थान पर है।

# इनेलो 11 को बराडा में मनाएगी श्री गुरु रविदास प्रकाशोत्स्व समारोह

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला-बराड़ा (मनीष कुमार)**इंडियन नेशनल लोकदल द्वारा 11 फरवरी को बराडा की अनाज मंडी में प्रदेश स्तरीय श्री गुरु रविदास जी महाराज प्रकाशोत्स्व समारोह मनाया जायेगा। इनेलो के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश भारती ने बराडा में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि रविवार को सुबह 11 बजे से शुरू इस कार्यक्रम में इनेलो के राष्ट्रीय महासचिव अभय सिंह चौटाला सम्बोधित करेंगे। इसके अलावा भारी संख्या में लोग एंव पार्टी के नेता शामिल होंगे। कार्यक्रम में निमंत्रण के लिए उन्होंने कई दिनों से अभियान चलाया हुआ है। गांव दर गांव जाकर लोगों को निमंत्रण दिया जा रहा है और भारी संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल होंगे. प्रकाश भारती ने कहा कि इनेलो



प्रत्येक संत महापुरुष का आदर और सम्मान करती है और हर वर्ग को साथ लेकर चलती है। इसी कड़ी में श्री गुरु रविदास जी महाराज जी के प्रकाश पर्व को समर्पित यह विशाल समारोह कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता बेहद परेशान है। बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। परेशान जनता अब बदलाव चाहती है और इनेलो को विकल्प के रूप में देख रही है। प्रदेश में अगली सरकार इनेलो की होगी और चौधरी अभय सिंह चौटाला प्रदेश के मुख्यमंत्री होंगे। उन्होंने कहा कि इनेलो का संगठन मजबूत है और लोग रोजाना पार्टी से जुड़ रहे है। पार्टी मजबूती के साथ प्रदेश में चुनाव

**समारोह**

**8 सुबह 11 बजे से शुरू इस कार्यक्रम में इनेलो के राष्ट्रीय महासचिव अभय सिंह चौटाला सम्बोधित करेंगे**

लड़ेगी। उन्होंने अपील कि की लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में 11 फरवरी को श्री गुरु रविदास जी महाराज के प्रदेश स्तरीय प्रकाशोत्स्व समारोह में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे। इस अवसर पर जंगबीर सिंह किसान सैल जिलाध्यक्ष अम्बाला, सुभाष राणा उपप्रधान किसान सैल, बृजभूषण पुंडीर, महिला जिला उपाध्यक्ष रीटा केसरी, राजू गगनेजा आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### बीएसवी ने एफओजीएसआई के साथ गठबंधन किया

**नोएडा ।** भारत में अग्रणी बायोफार्मास्युटिकल कंपनी भारत सीरम्स एण्ड वैक्सीन्स लिमिटेड (बीएसवी) ने फेडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक एण्ड गायनेकोलॉजिकल सोसायटीज ऑफ इंडिया (एफओजीएसआई) की स्टडी ऑन फीमेल ब्रेस्ट कमिटी के साथ गठबंधन किया है। यह गठबंधन रिश्ता इनिशिएटिव 2024 के माध्यम से स्तनपान एवं प्रसव के बाद की देखभाल पर जागरूकता बढ़ाने के लिये किया गया है। रिश्ता पहल स्तनपान से स्वास्थ्य को मिलने वाले फायदों पर चिकित्सा-सहायकों को शिक्षित करते हुए स्तनपान के लिये अनुकूल एवं सहयोगी परितंत्र को बढ़ावा देने की एक कोशिश है। रिश्ता 2024 प्रशिक्षण के दो फॉर्मेट्स पर केन्द्रित है : एक कार्यक्रम चिकित्सा पेशेवरों को ट्रेन द ट्रेनर प्रोग्राम के माध्यम से शिक्षित करने पर केन्द्रित है। अपने पहले चरण में यह छह शहरों में पायलट के तौर पर चलेगा। अनुभवी गायनेकोलॉजिस्ट्स सत्रों का संचालन करेंगे और इसमें नई दिल्ली, बरेली, पटना, लखनऊ, फरीदाबाद और देहरादून को शामिल किया जाएगा। दूसरे कार्यक्रम में चिकित्सा-सहायकों के लिये ऑनलाइन प्रशिक्षण होगा। इसमें स्तनपान की तकनीकों पर प्रशिक्षण सात वेबिनारों के माध्यम से मातृभाषाओं में दिया जाएगा। इंडिया बिजनेस, बीएसवी के सीओओ आलोक खेत्री के अनुसार, महिलाओं की सेहत के लिये एक प्रतिबद्ध कंपनी होने के नाते हेल्दी भारत बनाने की कोशिशें करना हमारी जिम्मेदारी है। इसके अनुसार हम एफओजीएसआई के साथ गठजोड़ कर और रिश्ता के साथ जुड़कर बहुत खुश हैं। रिश्ता पहल नवजात शिशुओं और माताओं की सेहत के लिये स्तनपान के महत्व को बढ़ावा देती है। हमें विश्वास है कि ऐसे गठजोड़ स्तनपान के सुरक्षित अभ्यासों और स्तनपान की परेशानियों का जल्दी पता लगाने पर जागरूकता फैलाने में हमारी मदद करेंगे।

### जेएसडब्ल्यू वन ने जेएसडब्ल्यू वन टीएमटी के लॉन्च की घोषणा की




**गाजियाबाद।** 23 बिलियन अमेरिकी डॉलर के मूल्यांकन वाले जेएसडब्ल्यू ग्रुप की सहायक कंपनी, जेएसडब्ल्यू वन ने आज जेएसडब्ल्यू वन टीएमटी के लॉन्च की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य गुणवत्ता और विश्वसनीयता के लिए नए मानक स्थापित करते हुए, भारत की निर्माण महत्वाकांक्षाओं को सशक्त बनाना है। बीआईएस-प्रमाणित जेएसडब्ल्यू वन टीएमटी बार्स, ग्राहकों को एक टीएमटी में 10 गुना लाभ प्रदान करके नए मानक स्थापित करते हैं। इसमें श्रेणी की सर्वश्रेष्ठ रिब डिजाइन, बेहतर रसायन विज्ञान, संक्षारण प्रतिरोध, यूरोपीयन तकनीक, बजट अनुकूलता, उच्चतम लचीलापन और मोड़ने की क्षमता, बढ़ी हुई संरचनात्मक शक्ति, सर्वोच्च कंक्रीट पकड़, समान गेज और आयाम तथा गर्मी / भूकंप प्रतिरोध शामिल है, जो कि जेएसडब्ल्यू की विरासत के रूप में इसके स्टील में निहित है। जेएसडब्ल्यू वन टीएमटी बार्स, गुणवत्ता और प्रदर्शन के अंतर को खत्म करते हैं, जिसका अक्सर ग्राहकों और निर्माण कंपनियों द्वारा सामना किया जाता है। ये सरिए अपने साथ क्षेत्रीय बाजारों में प्रचलित स्थानीय गैर-मानक टीएमटी ब्रैंड्स की चुनौती का समाधान लेकर आते हैं। पार्थ जिंदल, डायरेक्टर, जेएसडब्ल्यू वन प्लेटफॉर्म्स, ने कहा, "जैसा कि हम टेक्नोलॉजी के माध्यम से पूरे भारत में अपनी पहुँच का विस्तार कर रहे हैं, हम पाते हैं कि बाजार में हमारे ग्राहकों को किफायती कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले टीएमटी खोजने के लिए भारी संघर्ष करना पड़ता है। बाजार में अमानक और अपुष्ट प्रोडक्ट्स की भरमार है। इन्हीं बाजारों को हम जेएसडब्ल्यू वन के लिए अरबों डॉलर के एक बड़े अवसर के रूप में देखते हैं। इसे संबोधित करने के लिए ही हमने प्राइवेट ब्रैंड्स बिजनेस की स्थापना की है। जेएसडब्ल्यू वन टीएमटी हमारा पहला प्राइवेट ब्रैंड प्रोडक्ट है।

# कर्ण कैनाल तथा रघुनाथ मंदिर मार्ग के दिन जल्द बहुरेंगे

## अनुमानित 4.66 करोड़ से होंगे सीसी सडक, बरसाती नाला तथा रोड फर्नीचर के कार्य

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** कर्ण कैनाल (मुगल कैनाल) रोड तथा रघुनाथ मंदिर मार्ग के दिन जल्द बहुरेंगे। निवर्तमान महापौर रेनू बाला गुप्ता तथा मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला ने गुरूवार को कर्ण कैनाल तथा बुधवार को रघुनाथ मंदिर मार्ग का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर वार्ड 13 व 10 के निवर्तमान पार्षद ईश गुलाटी व वीर विक्रम कुमार, नगर निगम की कार्यकारी अभियंता मोनिका शर्मा व प्रियंका सैनी, कनिष्ठद्द अभियंता रवि कुमार के अतिरिक्त निर्मल बहल, संजय व सतीश सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

निगमायुक्त ने दी जानकारी-नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने जानकारी देते बताया कि कर्ण कैनाल रोड के दोनो ओर की सडकें सीमेंट कंक्रीट की होंगी। पानी निकासी के लिए सोशल ड्रेन बनाई जाएगी। सडक को सुरक्षित बनाने के लिए रोड फर्नीचर के तहत कैटआई, रिफ्लेक्टर, थर्मोप्लास्टि पेंट, सोलर स्टड, डेलीनेटर तथा जेब्रा क्रॉसिंग जैसे कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 2.7 किलोमीटर लम्बाई की दोनो ओर की सडकों के सुद्दढ़ीकरण पर अनुमानित 2 करोड़ 43 लाख 82 हजार रुपये की राशि खर्च की जाएगी।

रघुनाथ मंदिर मार्ग की जानकारी देते निगमायुक्त ने बताया कि करीब 750 मीटर लम्बे इस मार्ग के सुद्दढ़ीकरण कार्य पर अनुमानित 2 करोड़ 22



लाख 94 हजार रुपये की राशि खर्च होगी। उन्होंने बताया कि पहले इस मार्ग के दोनो ओर बरसाती पानी निकासी के लिए नाला बनाया जाएगा। इसके बाद रेलवे रोड स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठद्द माध्यमिक विद्यालय से बगवाडि गैस एजेंसी चौक तक सीमेंट कंक्रीट से मजबूत सडक का निर्माण किया जाएगा। वाहन चालकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सडक पर रोड फर्नीचर के तहत कैटआई, रिफ्लेक्टर, थर्मोप्लास्टि पेंट, सोलर स्टड, डेलीनेटर तथा जेब्रा क्रॉसिंग जैसे कार्य भी करवाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि उपरोक्त के अतिरिक्त मदनपुर से दहा गांव को जाने वाली सडक का सुद्दढ़ीकरण कार्य भी इस माह शुरू करवाए जाने की प्रबल उम्मीद है। इस कार्य के लिए निविदाएं खोली जा चुकी हैं और यह तकनीकी मूल्यांकन की प्रक्रिया में है। इस सडक पर फैक्ट्रियां मौजूद होने के कारण बड़े वाहनों का यहां आना-जाना लगा रहता है। इसे देखते हुए मजबूत सीमेंट कंक्रीट के ब्लॉक से सडक का निर्माण किया जाएगा। करीब 1500 मीटर लम्बी सडक पर अनुमानित 2 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत आएगी।

निवर्तमान महापौर रेनू बाला गुप्ता ने शुभारंभ अवसर के पश्चात नागरिकों को सम्बोधित करते कहा कि हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में करनाल ही नहीं, बल्कि प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान हरियाणा सरकार के कार्यकाल में पूरे प्रदेश का एक समान विकास किया जा रहा है। नागरिकों की सुविधाओं को देखते हुए प्रदेश में अनेक बड़े-बड़े प्रोजेक्ट निर्माणाधीन हैं।

### सूर्य नमस्कार 12 शक्तिशाली योग आसनों का समन्वयः सुमन संधू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान के तहत आयुष विभाग के तत्वावधान में घरौंडा ब्लॉक के योग सहायकों की ओर से आज आठवें दिन गांव कुताना के सरकारी स्कूल में सुमन संधू व विपिन ग्रोवर ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया।

योग सहायक सुमन संधू ने बताया कि सूर्य नमस्कार एक उत्तम कार्डियो वैस्कुलर व्यायाम भी है और स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। सूर्य नमस्कार मन व शरीर दोनों को तंदुरुस्त रखता है। यदि आपके पास समय की कमी है और चुस्त दुरुस्त रहने का कोई नुस्खा ढूंढ रहे हैं तो सूर्य नमस्कार इसका सबसे अच्छा विकल्प है।

उन्होंने बच्चों को बताया कि सूर्य नमस्कार से पाचन तंत्र सुधरता है और शरीर को डिटॉक्स करने में मदद मिलती है।

# सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। महाराणा** प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय द्वारा गांव सिद्धपुर के सरकारी स्कूल में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आज समापन हो गया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर स्कूल के मुख्याध्यापक कृष्ण कश्यप व ग्राम सरपंच मुकेश बाबा ने विशेष तौर से शिरकत की।

मुख्य अतिथि कृष्ण कश्यप और सरपंच मुकेश बाबा ने संयुक्त रूप से कहा कि विद्यार्थियों को हमेशा समाज कार्यों में आगे रहना चाहिए। संस्थान बच्चों को समाज में बेहतर योगदान करना सिखाने का उचित मंच होते है। प्रो. रंजन गुप्ता ने बच्चों को समाज की जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करते हुए समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि कैंप में स्वयंसेवक श्रमदान से लेकर सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेते हैं। स्वयंसेवक के माध्यम से उन्हें समाज की सेवा करने का



अवसर मिलता है। विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ. अजय कुमार ने सात दिवसीय कैंप की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि स्वयंसेवकों ने दिन की शुरूआत योगा से की, गांव में प्रौढ़ शिक्षा के लिए विजिट की, दहेज प्रथा के ऊपर जागरूकता रैली निकाली, स्लोगन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, पौधारोपण और खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इसके अलावा कम्यूनिकेशन स्कील्स, टाइम मैनेजमेंट तथा फेक न्यूज के बारे में बारे में जानकारी हासिल की।

### मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर 15 तक पंजीकरण करवाएं किसान

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया 15 फरवरी को बंद हो जाएगी। जिला में कृषि योग्य 3 लाख 70 हजार 761 एकड़ भूमि का पंजीकरण हुआ है। जिले के 49 हजार 633 किसान अपना पंजीकरण करवा चुके हैं। कुल रकबे का लगभग 72 प्रतिशत क्षेत्रफल पर पंजीकरण हो चुका है तथा 28 प्रतिशत क्षेत्रफल पर पंजीकरण होना शेष है। कृषि तथा किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डा. वजीर सिंह ने बताया कि हर एक किसान का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर होना अनिवार्य है। किसी किसान ने रबी 2024 में अपनी जमीन किसी कारण से खाली छोड़ दी है तो वह भी पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी करें। प्रत्येक किसान का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण होना चाहिए।

# फ्लाईओवर का निर्माण कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** उपायुक्त अनीश यादव ने आज शहर के मध्य 112 करोड़ की लागत से बनने वाले फ्लाईओवर के निर्माण को लेकर जिला सचिवालय में संबंधित अधिकारियों और पुल निर्माण करने वाली केसीसी कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उपायुक्त ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, बीएसएनएल, बिजली विभाग के अधिकारियों को पानी, सीवरेज लाईन, टेलीफोन और बिजली तारों को जल्द शिफ्ट करने के निर्देश दिये। कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर सुनील कुमार ने बताया कि जल्द साइट पर बेरिकेडिंग के बाद 10 दिन के भीतर निर्माण कार्य शुरू कर दिया



जायेगा।

उपायुक्त ने आज हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, बिजली निगम, नगर निगम, भारतीय दूर संचार निगम के अधिकारियों और केसीसी कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और ओवरब्रिज के निर्माण कार्य को लेकर प्रगति की समीक्षा की। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे रेलवे रोड स्थित राजकीय पुस्तकालय से लेकर हरियाणा नर्सिंग होम तक तथा अम्बेडकर चौक से महर्षि वाल्मीकि चौक तक के क्षेत्र में अपने-अपने विभाग से संबंधित लाईनों की शिफ्टिंग का कार्य जल्द पूरा करायें।

# खालिस्तानी मुहिम को जड़ से मिटाने के लिए हर घर से एक भगत सिंह तैयार होः शांडिल्य

## शांडिल्य बोले - किसी कीमत पर भी दस गुरुओं से ऊपर नहीं होने देंगे आतंकी भिंडरावाला का स्थान, गुरुद्वारों से फोटो उतरवाने को लेकर छेड़ेंगे मुहिम

**पानीपत/कमाल हुसैन**

एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्व हिन्दू तख्त के अंतर्राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने आज देश के युवाओं को आह्वान किया कि खालिस्तान की जड़ को मिटाने व उखाड़ फेंकने के के लिए हर घर से एक भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, सुभाष चंद्र बोस, उधम व अशफाक उल्ला खान तैयार हो। शांडिल्य आज पानीपत स्काईलार्क होटल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे इस अवसर पर पानीपत के जिलाध्यक्ष मदन भारद्वाज, अनिल बजाज, राज कुमार शर्मा, राजू बठला, पप्पी,साहिल समेत कई गणमान्य मौजूद थे । शांडिल्य कहा



कि देश के संविधान,तिरंगे व कानून को ललकारने वाले इन खालिस्तानियों को यदि जरूरत पड़े तो इन शहीदों की तरह हथियार उठाने के लिए राष्ट्र स्तर पर जनांदोलन एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया तैयार व विश्व हिन्दू तख्त तैयार करेगा । वीरेश शांडिल्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह एवं हरियाणा पंजाब के मुख्यमंत्री से मांग की कि देश के तमाम गुरुद्वारों से जरनैल सिंह भिंडरवाला के चित्र हटवाएं जाएं ।

**आह्वान**

**8 10वें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने फरमाया, सब सिखन को हुकूम है, गुरु मान्यो ग्रंथ, गुरु ग्रंथ जी मानयो, प्रगट गुरु दी देह**

शांडिल्य ने कहा कि 10वें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने फरमाया, सब सिखन को हुकूम है, गुरु मान्यो ग्रंथ, गुरु ग्रंथ जी मानयो, प्रगट गुरु दी देह। इसलिए विश्व में जहां भी गुरु ग्रंथ साहब का प्रकाश है, वहां जरनैल सिंह भिंडरावाला के चित्र नहीं लगने चाहिए।

क्योंकि जरनैल सिंह भिंडरावाला को भारतीय सेना ने मौत के घाट उतारा था और पंजाब को खून से लाल करने में भिंडरावाला ने साजिश रची थी । शांडिल्य ने कहा अगर गुरु घरों के अंदर चित्र लगाने भी हैं तो वह चित्र दसों गुरुओं, जिनमें श्री गुरुनानक देव, श्री अंगद देव, श्री अमरदास, श्री रामदास, श्री अर्जुन देव, श्री हरगोबिंद सिंह, श्री गुरु हरराय, श्री गुरु हरकृष्ण साहिब, श्री गुरु तेग बहादुर और श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के साथ उन तमाम शहीदों के चित्र लगाएं जिन्होंने सिख गुरुओं के साथ शहादतें दी हैं और साहिबजादों के चित्रों सहित माता गुजर कौर की फोटो लगाने की पहल की जाएं।

### अंत्योदय परिवारों के लिए वरदान बनी मनोहर सरकार की 'दयालु' योजना


**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा सामजिक-वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु), अंत्योदय परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत 1 लाख 80 हजार रुपये तक वार्षिक आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या 70 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांग होने पर अर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना का क्रियान्वयन हरियाणा परिवार सुरक्षा न्यास द्वारा किया जा रहा है।

उपायुक्त ने बताया कि योजना के तहत एफआईडीआर के अनुरूप सत्यापित 1.80 लाख रुपए वार्षिक तक की आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या दिव्यांग होने पर एक लाख रूपए से लेकर 5 लाख तक की वित्तीय सहायता दी जाती है। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य राज्य के पात्र निवासियों को मृत्यु/दिव्यांगता के मामले में सामाजिक और वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत 5 वर्ष से 60 वर्ष तक की आयु के सदस्यों को इस योजना का लाभ मिलेगा। दयालु स्कीम का लाभ केवल उन परिवारों को देय होगा जिनकी वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रूपए तक सीमित है। उपायुक्त ने बताया कि दयालु योजना के तहत विभिन्न आयु वर्ग के अनुसार लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 5 से 12 वर्ष आयु तक के लिए 1 लाख रूपए, 13 से अधिक व 18 वर्ष तक 2 लाख रूपए 19 से अधिक व 25 वर्ष तक 3 लाख रूपए, 26 से अधिक व 40 वर्ष तक 5 लाख रूपए, 41 से अधिक व 60 वर्ष तक 2 लाख रूपए की राशि दी जाती है।

# गाड़ी से टायर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** थाना शहर की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर टायर चोरी करने वाले दो आरोपियों विनोद पुत्र महेंद्र और अखिलेश पुत्र अजय वासियान नसीम विहार कॉलोनी घरौंडा को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से गाड़ी के चुराए गए चार टायर बरामद किए गए।

पुलिस जांच में पाया गया कि दोनों आरोपियों ने 4 फरवरी की रात को शिकायतकर्ता सूबे सिंह वासी न्यू चार चमन करनाल के घर के बाहर खड़ी टोयोटा गाड़ी एचआर06बीए-7413 के चारों टायर चोरी की



वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना शहर में चोरी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस पूछताछ में पाया गया कि दोनों आरोपियों ने चोरी की यह वारदात नशापूर्ति और पैसों के लालच में की थी। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करके एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जाएगी और वारदात में इस्तेमाल गाड़ी बरामद की जाएगी।

# छात्राओं को महिला अपराधों के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** डीएसपी महिला सुरक्षा विजय कुमार के निर्देशन और महिला निरीक्षक राजेश लता के नेतृत्व में टीम द्वारा राजकीय स्कूल मंगलपुर में जाकर छात्राओं को महिला सुरक्षा बारे जागरूक किया। महिला निरीक्षक राजेश लता ने बताया कि आज के समय महिलाओं के विरुद्ध बहुत ज्यादा अपराध बढ़ रहा है। महिलाओं का शोषण उनके घर में भी हो रहा है। उन्होंने बताया कि समय बदलने के साथ अब महिलाओं को भी जागरूक होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि कई बार चुप रहकर हम



भी अपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं। छात्राओं को गुड टच और बैड टच बारे भी सावधान किया गया।

उन्होंने छात्राओं को अच्छी नजर और बुरी नजर के बारे भी सावधान किया। उन्होंने स्कूल की कुछ छात्राओं को विश्वास में लेकर उनसे उनकी वे समस्याएं जानी, जिनको छात्राओं ने अपने घर वालों को भी नहीं बताया हुआ था और उन समस्याओं को जानकर तुरंत उनका समाधान किया। छात्राओं को यह भी बताया कि महिला सुरक्षा के लिए जिला में दुर्गा शक्ति के नाम से टीम का गठन किया हुआ है, जो कि शहर में स्कूल, कॉलेजों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में हमेशा सहायता के लिए तत्पर रहती है। छात्राओं को उसके घर, स्कूल या अन्य जगह कोई भी परेशानी आने पर दुर्गा शक्ति पुलिस फोर्स द्वारा सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। राजेश लता ने छात्राओं को पोक्सो एक्ट के बारे भी विस्तार से बताया। छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 और डॉयल 112 का प्रयोग कर आपातकालीन स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता लेने बारे भी जागरूक किया गया।

# मॉक ड्रिल करवाकर आपात स्थिति से निपटने को लेकर महत्वपूर्ण टिप्स दिए

## आमजन की सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच प्राथमिकता; पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत

**पानीपत/कमाल हुसैन**

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने मॉक ड्रिल का निरीक्षण कर जवानों को महत्त्वपूर्ण टिप्स देते हुए कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के दौरान आमजन के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार कर उनका सहयोग लिया जाए तथा कानून से खिलवाड़ करने वाले असमाजिक तत्वों के साथ सख्ती से निपटा जाए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच प्राथमिकता है, ताकि आमजन अपने आपको सुरक्षित महसूस करें। इस अवसर पर जिला पुलिस लाइन में जवानों को मॉक ड्रिल करवाते समय बताया गया कि आपात स्थित



में पूरी सावधानी व सतर्कता बरतें तथा संदिग्ध किस्म के लोगों पर पैनी नजर रखें। अगर कहीं भीड़ उग्र हो जाए तो भीड़ से कैसे निपटना है, इस बारे में पुलिस जवानों को महत्त्वपूर्ण गुर बताए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यदि भीड़ ज्यादा उग्र या अनियंत्रित हो जाए तो ऐसी स्थिति में पुलिस अधिकारियों व जवानों को जहां तक हो सके मनोवैज्ञानिक तरीके से भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास करना चाहिए। इसके अलावा भीड़ को कानूनी नजरियें से अवगत करवाए

**तैनात**

**8 स्थानिय पुलिस लाइन में पुलिस जवानों की दंगा निरोधक टीम बनाकर तैनात किया गया है**

की उनका यह प्रदर्शन व उग्र रुप गैरकानूनी है तथा उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा सकती है । पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भीड़ व मजमे के दौरान पुलिस अफसर व जवानों को हमेशा शांत रहना चाहिए, अपने सूचना तंत्र को मजबूत कर भीड़ की साइकोलॉजी को पहचाने तथा जनता से सहयोग प्राप्त कर भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास करें। इस अवसर पर पुलिस जवानों को हिदायत दी कि भीड़ को कंट्रोल करने के दौरान बदले की भावना से काम न करें तथा किसी भी मजमे के बारे में गलत टिप्पणी नही करनी चाहिए । पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों व जवानों से कहा कि किसी भी हिंसक प्रदर्शन या उग्र भीड़ को नियंत्रित करने के दौरान स्थानीय प्रशासन के साथ पूरी तरह से समन्वय बनाकर रखें। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर स्थानिय पुलिस लाइन में पुलिस जवानों की दंगा निरोधक टीम बनाकर तैनात किया गया है।

# नशा हमारी युवा पीढ़ी के लिए है घातकः डा. अशोक कुमार वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोहंड पहुंचे। यहां एक दिवसीय 168वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे 736 विद्यार्थियों एवं 40 शिक्षकों ने भाग लिया। विद्यालय की प्राचार्या सुषमा गोयल के निर्देशन और प्रवक्ता मुकेश शर्मा की उपस्थिति में यह कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय के बाहर 100 मीटर के



क्षेत्र में तंबाकू उत्पाद बेच रहे एक खोखे और तीन रेहड़ी वालों को चेतावनी देकर हटवाया गया कि भविष्य में शिक्षण संस्थान के 100 मीटर के क्षेत्र में कोई भी तंबाकू उत्पाद अथवा अन्य नशीला पदार्थ नहीं बेचेगा अन्यथा नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि माता-पिता ने उन्हें शिक्षा प्राप्त करने के लिए भेजा है।

## संपादकीय

# जिंदगी परीक्षाओं से कहीं बड़ी और गहरी है

**युवा पीढ़ी** के लिए यह एक अद्भुत एहसास है, जब देश के प्रधानमंत्री उनका मनोबल बढ़ाने और समर्थन करने के लिए उनके जीवन का हिस्सा बन जाते हैं। वह भी ऐसे समय पर जब तनाव, भय, अवसाद और चिंता से उबरने में मदद करने के लिए मजबूत कंधे की आवश्यकता होती है। मैकाले शिक्षा प्रणाली ने बोर्ड परीक्षाओं और प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बच्चों के मन में उथल-पुथल मचा दी है। जबतक नई शिक्षा कार्ययोजना स्कूल, कॉलेज और संस्थानों में व्यवस्थित रूप से लागू नहीं हो जाती, तब तक बच्चों को निराशा, चिंता, नशीली दवाओं के दुरुपयोग और आत्महत्याओं में वृद्धि सहित मानसिक और भावनात्मक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का समाज के साथ मजबूत रिश्ता और जमीन पर काम करने का दशकों का अनुभव, साथ ही जमीन पर क्रियान्वित प्रणालियों व नीतियों और समाज पर प्रभाव के बारे में उनके व्यापक ज्ञान ने उन्हें शैक्षिक प्रणाली के बारे में बच्चों के दृष्टिकोण एवं उनकी कठिनाइयों को समझने में सहायता की। इसलिए उन्होंने हर साल बोर्ड परीक्षा से पहले छात्रों के साथ "परीक्षा पे चर्चा" चर्चा शुरू की। यह माता-पिता और बच्चों को परीक्षा को व्यापक और सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने में सक्षम बनाता है, जिससे तनाव कम होता है और मन को आराम मिलता है। प्रश्न और उत्तर सत्र बच्चों और अभिभावकों के बीच किसी भी भ्रम को तुरंत दूर कर देता है। छात्रों को अपनी परीक्षाओं और जीवन के बारे में संक्षेप में क्या जानना चाहिए, आइए देखें। बच्चों को जीवन को व्यापक दृष्टिकोण से समझना होगा कि बोर्ड या प्रतियोगी परीक्षाएँ इस विशाल अस्तित्व का छोटा-सा हिस्सा हैं। जीवन के विभिन्न चरणों में अस्तित्व के विभिन्न पहलुओं की बहुत जागरूकता के साथ जांच की जानी चाहिए। हम देखेंगे कि जिन परेशानियों का हम सामना करते हैं वे समुद्र में एक बूंद के समान हैं। हम अपनी पढ़ाई या अपने जीवन में जिन समस्याओं और कठिनाइयों का सामना करते हैं, वे वास्तव में छिपे हुए आशीर्वाद की तरह हैं, क्योंकि वे उन आंतरिक गुणों को सामने लाते हैं जिन पर हमने अभी तक ध्यान केंद्रित नहीं किया है, वे हमारे जीवन में अपेक्षित विकास के लिए आवश्यक हैं। जब हम आत्मविश्वास और जुनून के साथ बाधाओं का सामना करते हैं तो हमारा व्यक्तित्व और चरित्र चमक उठता है। हम भगवान श्रीराम की उनके सबसे कठिन जीवन के कारण पूजा करते हैं। कैसे उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी शांतिपूर्ण दिमाग, महान वीरता बनाए रखी, लोगों की सहायता करने के हर अवसर को सहजता से देखा और सभी स्थितियों में शांति बनाए रखी। जब हम उनके जीवन पर नजर डालते हैं तो सबसे महत्वपूर्ण घटना वह थी जब उन्हें महल छोड़ कर 14 वर्षों के लिए निर्वासन में रहने के लिए कहा गया था। क्या कोई इस तथ्य को आसानी से समझ सकता है कि अगले दिन भगवान श्रीराम को राजा बनना था, लेकिन उससे एक रात पहले ही उन्हें 14 साल के लिए वनवास पर जाने के लिए कहा गया था। भगवान श्रीराम ने अपने जीवन के इस कठिन दौर को बिना किसी संदेह या कठिनाई के स्वीकार किया और खुशी-खुशी महल से बाहर जाना स्वीकार कर लिया। श्रीराम का जीवन बच्चों को यह दिशा देता है कि कैसे हर कठिनाई को शांत मन से देखें, परिवर्तन को पूरे दिल से स्वीकार करें और चिंता, भय, संदेह, क्रोध, नकारात्मक दबाव के बिना अपने लक्ष्य की प्राप्त के लिए शांति और जुनून के साथ प्रयास करें।

# चिंता बढ़ाती है ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट



रोहित माहेश्वरी

> "बढ़ता हुआ भ्रष्टाचार आचरण दोष का ही परिणाम है। आजकल अखबारों, टीवी और रेडियो में एक ही खबर सुनने-देखने को मिल रही है, वह है भ्रष्टाचार की। हर दिन भ्रष्टाचार के काले करनामे उजागर हो रहे हैं। देश में भ्रष्टाचार को मिटाकर सभी नागरिकों को रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करना सरकार का काम ही नहीं, बल्कि राजनीतिक धर्म भी होता है। लेकिन आजादी से लेकर अब तक देश की सरकारें भ्रष्टाचार को मिटाने में विफल रही हैं। दरअसल, जब तक भ्रष्टाचार की राजनीतिक बुनियाद पर चोट नहीं की जाती, भ्रष्टाचार के खिलाफ कोई भी मुहिम तार्किक परिणति तक नहीं पहुंच सकती। चुनाव कितने खर्चीले हैं, चुनावों में कितना बेहिसाब धन बहाया जाता है, हर कोई जानता है"

**भारत** में वैसे तो अनेक समस्याएं विद्यमान हैं जिसके कारण देश की प्रगति धीमी है। उनमें प्रमुख है बेरोजगारी, गरीबी, अशिक्षा, आदि लेकिन उन सबमें वर्तमान में सबसे ज्यादा यदि कोई देश के विकास को बाधित कर रहा है तो वह है भ्रष्टाचार की समस्या। आज इससे सारा देश संत्रस्त है। लोकतंत्र की जड़ो को खोखला करने का कार्य काफी समय से इसके द्वारा हो रहा है। और इस समस्या की हद यह है कि इसके लिए भारत के एक पूर्व प्रधानमंत्री तक को कहना पड़ गया था कि रुपए में मात्र बीस पैसे ही दिल्ली से आम जनता तक पंहुच पाता है। वास्तव में यह स्थिति सिर्फ एक दिन में ही नहीं बनी है। भारत को जैसे ही अंग्रेजी दासता से मुक्ति मिलने वाली थी उसे खुली हवा में सांस लेने का मौका मिलने वाला था उसी समय सत्तालोलुप नेताओं ने देश का विभाजन कर दिया और उसी समय स्पष्ट हो गया था कि कुछ विशिष्ट वर्ग अपनी राजनैतिक भूख को शांत करने के लिए देश हित को ताक में रखने के लिए तैयार हो गये हैं। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की हाल में जारी रिपोर्ट में भ्रष्टाचार सूचकांक में भारत का स्थान दुनिया के 180 देशों में 93वां आंका गया है। वहीं संस्था द्वारा निर्धारित हमारे समग्र स्कोर में कोई बदलाव नहीं है। बीते वर्ष भारत का स्थान 85वां आंका गया था। लिहाजा विश्व रैंकिंग में यह स्थिति आठ स्थान खिसकी है। हालांकि, ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल का भ्रष्टाचार मापने का पैमाना कितना पारदर्शी है और वह पश्चिमी ताकतों के दबाव से कितना मुक्त है, कहना कठिन है,लेकिन फिर भी रिपोर्ट हमें आत्ममंथन का मौका तो देती है। दरअसल, संस्था इस सूचकांक में विशेषज्ञों और व्यापारिक लोगों की धारणा के आधार पर सार्वजनिक क्षेत्र के भ्रष्टाचार के स्तरों को केंद्र में रखकर दुनिया के 180 देशों और क्षेत्रों की रैंकिंग निर्धारित करती है। साथ ही इस रैंकिंग के लिये शून्य से सौ तक के पैमाने का प्रयोग किया जाता है। यानी जहां जीरो है वह सर्वाधिक भ्रष्ट है और सौ सर्वाधिक ईमानदारी का सूचक है। इस पैमाने पर बीते वर्ष में भारत का समग्र स्कोर 39 रहा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में हमारा समग्र स्कोर चालीस था।
वहीं भ्रष्टाचार के दलदल में फंसे पाकिस्तान का स्थान दक्षिण एशिया में 133 व श्रीलंका का स्थान 115 निर्धारित किया गया। जिसमें राजनीतिक अस्थिरता व कर्ज के दबाव को भी कारक बताया गया है। लेकिन वहीं दूसरी ओर चीन ने अपने 35 लाख से अधिक सार्वजनिक अधिकारियों को दंडित करके अपनी आक्रामक भ्रष्टाचार विरोधी नीति से दुनिया का ध्यान खींचा है। फलतः उसका स्थान इस सूची में 76वां रहा है। दरअसल, एशिया प्रशांत क्षेत्र में वर्ष 2024 चुनावी वर्ष है।

जिसके चलते पूरी दुनिया की निगाह भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, दक्षिण कोरिया व ताइवान पर लगी रही हैं। उल्लेखनीय है कि एशिया प्रशांत क्षेत्र के 71 फीसदी देशों में भ्रष्टाचार मापने का मानक सीपीआई वैश्विक औसत 43 से नीचे रहा है। भारत में भ्रष्टाचार का रोग बढ़ता ही जा रहा है। हमारे जीवन का कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं बचा, जहां भ्रष्टाचार के असुर ने अपने पंजे न गड़ाए हों। भारत नैतिक मूल्यों और आदर्शों का कब्रिस्तान बन गया है। देश की सबसे छोटी इकाई पंचायत से लेकर शीर्ष स्तर के कार्यालयों और क्लर्क से लेकर बड़े अफसर तक, बिना घूस के आज सरकारी फाइल आगे ही नहीं सरकती। निस्संदेह, किसी भी देश के लिये वैश्विक भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में ऊंचे स्तर पर रहना चिंता की बात होनी चाहिए। यह अवसर आत्ममंथन का भी होता है कि क्यों उसके लिये वैश्विक स्तर पर ऐसी धारणा बनी है। यह भी कि हम सार्वजनिक क्षेत्र में भ्रष्टाचार को कैसे कम कर सकते हैं। वैसे तो ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट में उल्लेखित भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक विश्व बैंक, विश्व आर्थिक मंच, निजी जोखिम और परामर्श संगठनों, थिंक टैंक और अन्य सहित तेरह बाहरी स्रोतों की जानकारी पर आधारित होता है। लेकिन राजनीतिक दुराग्रहों से मुक्त होकर देश के स्तर पर ऐसी एजेंसी होनी चाहिए जो सार्वजनिक क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार का न केवल ईमानदार मूल्यांकन करे बल्कि उस पर नियंत्रण के कारगर उपाय भी सुझाए। यह स्थिति हम सब की चिंता का विषय होनी चाहिए कि क्यों हम सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में विफल हो रहे हैं। कई बार राजनेताओं और बहुधंधी लोगों के यहां नोटों के जो पहाड़ ईडी और आयकर विभाग की कार्रवाई में बरामद होते हैं, वे एक आम आदमी को विचलित करते हैं।

आम आदमी सोच में पड़ जाता है कि एक ईमानदार व्यक्ति हाड़-तोड़ मेहनत के बाद दो जून की रोटी और एक छत का जुगाड़ मुश्किल से कर पाता है, वहीं भ्रष्ट लोग नोटों के अंबार लगा देते हैं। वे कौन से व्यवस्था के छिद्र हैं जो भ्रष्ट लोगों को अकूत संपदा जुटाने का मौका देते हैं। भ्रष्टाचार की दीमकें हमारी सारी व्यवस्था को खोखला कर रही हैं। कभी सोने की चिड़िया कहा जाने वाला भारत आज भ्रष्टाचार के कीचड़ में धंस चुका है। हमारे नैतिक मूल्य और आदर्श सब स्वाहा हो चुके हैं।
बढ़ता हुआ भ्रष्टाचार आचरण दोष का ही परिणाम है। आजकल अखबारों, टीवी और रेडियो में एक ही खबर सुनने-देखने को मिल रही है, वह है भ्रष्टाचार की। हर दिन भ्रष्टाचार के काले करनामे उजागर हो रहे हैं। देश में भ्रष्टाचार को मिटाकर सभी नागरिकों को रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करना सरकार का काम ही नहीं, बल्कि राजनीतिक धर्म भी होता है। लेकिन आजादी से लेकर अब तक देश की सरकारें भ्रष्टाचार को मिटाने में विफल रही हैं। दरअसल, जब तक भ्रष्टाचार की राजनीतिक बुनियाद पर चोट नहीं की जाती, भ्रष्टाचार के खिलाफ कोई भी मुहिम तार्किक परिणति तक नहीं पहुंच सकती। चुनाव कितने खचीर्ले हैं, चुनावों में कितना बेहिसाब धन बहाया जाता है, हर कोई जानता है। लेकिन यह कितने लोग जानते हैं कि यह सारा धन किन जगहों से, किन स्रोतों से जुटाया जाता है? चुनावों में खर्च होने वाले धन का अधिकांश स्रोत अज्ञात रहता है। जब तक चुनाव पूरी तरह पारदर्शी और सादगीपूर्ण नहीं होंगे, भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लग पाएगा। भारत में हर दिन भ्रष्टाचार के औसतन 11 मामले दर्ज किए जाते हैं। 2021 के मुकाबले 2022 में भ्रष्टाचार के मामलों में करीब 11 फीसदी का इजाफा हुआ है। एनसीआरबी की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में जहां कुल 3,745 मामले सामने आए थे, तो वहीं 2022 में बढ़कर 4139 हो गए। कैसे राजनीति में आने के बाद लोग रातों-रात करोड़पति हो जाते हैं। कैसे लोग मोटा पैसा चुनाव में खर्च करने के लिये जुटाते हैं और फिर चुनाव जीतकर धन का तीन-तेरह करते हैं। निश्चित रूप से भ्रष्टाचार की कीमत समाज में ईमानदार लोगों को ही चुकानी पड़ती है। ये उस व्यक्ति के साथ अन्याय ही है। मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ पिछले दस सालों पर काफी शिकंजा कसा है। राजनीतिक भ्रष्टाचार पर लगातार कार्रवाई जारी है। भ्रष्ट सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की गई है। सरकार की सख्ती और कानून के बाद भी भ्रष्टाचार समाज में व्याप्त है। असल में हमें यह विचार करना होगा कि आने वाली पीढ़ियों के लिये हम कैसा भारत छोड़कर जाएंगे, जहां उन्हें कदम-कदम पर भ्रष्टाचार से जूझना पड़ेगा। जो कालांतर समाज में हताशा, निराशा और आक्रोश को ही जन्म देता है। नीति-नियंताओं को गंभीरता से इस दिशा में सोचना चाहिए।



## कविता

पानी है तो सब कुछ है।
पानी की एक-एक बूंद बचाएं।
जीवन में है पानी की
बड़ी सार्थकता ।
जल एक परम आवश्यकता ।
व्यक्तित्व में पानी होना चाहिए,
पर पानी पानी नहीं होना चाहिए,
पानी है तो सब कुछ है आब,
नहीं तो समझो सब कुछ ख्वाब।
पुरुष के चेहरे का रुआब पानी है,
नारी के चेहरे की लज्जा पानी ही है,
शरीर मे भी तो मिट्टी
और अधिकांश पानी है,
नौनिहालों के लिए,
मां के
स्तन से निकला अमृत
भी पानी है।
पानी के महत्व को
सुना गए ज्ञानी, ध्यानी,
सुबह शाम और संध्या
की जरूरत सिर्फ पानी,
नदिया, झरने, पोखर बचाओ
यह यज्ञ है मित्रों
साथ साथ आओ,
यदि धरा पर पानी ना होगा,
जीवन इतना पानीदार,
इतना जीवंत कहां होगा,
जमीन जंगल वृक्ष लताएं,
पानी की निर्झरिणी से
बहती गंगा की धाराएं।

श्याम कुमार

## स्वीकार का साहस

विजय गर्ग

**जिंदगी** में सुकून, सम्मान और सफलता की चाहत हर किसी को होती है, लेकिन इसे पाने के लिए कुछ ऐसे नैतिक मूल्य हैं, जिनको अपनाना बेहद जरूरी है। बचपन से ही हमें सही ज्ञान, संस्कार और गुण मिले हैं, जिनसे हम सही गलत का बोध कर पाते हैं, सही दिशा का चुनाव कर पाते हैं, गलत चीजों को नकार पाते हैं तो यही हमारे व्यक्तित्व को ऊंचा उठाने में मदद करेगा । नेपोलियन हिल ने इस संदर्भ में बहुत अच्छी बात कही है कि जीवन संघर्ष में संस्कार, नैतिक मूल्य और मानवीय गुण एक व्यक्ति के सबसे बड़े शास्त्र और औजार होते हैं, जिनके माध्यम से वह जीवन को सुकूनदेह और सार्थक बना सकता है और सफल हो जाता है।
किसी भी देश, समाज या परिवार में रहने के कुछ कायदे होते हैं और इनके प्रति हमारी कुछ जिम्मेदारियां भी होती हैं। देश या समाज का नागरिक ही उसकी सबसे बड़ी ताकत होता है। अगर हम खुद को, अपने देश और समाज को सुकून, सम्मान और सफलता दिलाना चाहते हैं, तो अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों, जैसे कचरा और प्रदूषण न फैलाना, अवैध और गैरकानूनी कामों में लिप्त न रहना और लोगों की मदद करना आदि को अपने व्यक्तित्व में शामिल कर लेना चाहिए । विंस्टन चर्चिल ने कहा था कि महानता की कीमत जिम्मेदारी है। यानी हमको लोगों से सम्मान पाना है और एक सफल व लोकप्रिय इंसान बनना है तो समाज के प्रति जिम्मेदार, उदार और कर्तव्यनिष्ठ होना पड़ेगा। कहने का आशय यह कि समाज का जैसा व्यवहार हम अपने लिए अपने लिए अपेक्षा करते हैं, वैसा ही व्यवहार हमें समाज को देना चाहिए। तभी हम समाज से अच्छे व्यवहार का अधिकार पाने की उम्मीद कर सकते हैं। यों भी यह महत्त्वपूर्ण है कि हम दूसरों के प्रति वैसा ही व्यवहार करें, जैसे व्यवहार की हम दूसरों से अपने प्रति अपेक्षा करते हैं ।
दरअसल, संवेदनशीलता भी एक आवश्यक मानवीय गुण है। हम दूसरों के सुख-दुख, उनके दर्द का खयाल रखें और उनके प्रति नरमी और दयालुता का भाव रखें तो बदले में हमें भी दूसरों से ऐसा ही व्यवहार मिलता है। इससे सामाजिक दायरा भी बढ़ता है और हमारी विश्वसनीयता में भी इजाफा होता है । नतीजतन, हम अपने पेशेवर या कारोबारी जीवन में भी हर किसी के चहेते बन जाते हैं और सफलता की राह पर आगे बढ़ते चले जाते हैं। समाज में सम्मान उन्हीं लोगों को मिलता है जो दूसरों के प्रति संवेदनशील और परोपकारी होते हैं । यह गुण सफलता और मानसिक सुकून के लिए भी बेहद जरूरी है। दूसरों को दुख देने या परेशान करने की कोशिश करने में संलिप्त लोग हमेशा बेचैन रहते हैं और अपने ही व्यक्तित्व के दर्जे को कमतर करने में जाने-अनजाने सहभागी बनते हैं । कड़वे वचन हमेशा अप्रिय होते हैं। जीवन में सम्मान और सफलता पाने के लिए विनम्र होना बेहद जरूरी है। यह हम अपने अनुभव से भी समझ सकते हैं कि अगर कोई व्यक्ति हमसे नाहक ही कड़वी भाषा में बात करता है, तो हमें वह अच्छा नहीं लगता।

## विचार

# कुचलना ही होगा पाक-चीन के लिए जासूसी करने वालों को

आर.के. सिन्हा

**एक बार फिर** से पाकिस्तान को भारत की रक्षा संबंधी तैयारियों की खबर देने वाले धूर्त शख्स की गिरफ्तारी से साफ है कि अब भी देश में आस्तीन के सांप हैं। उन्हें सख्ती से पूरी तरह से कुचलना ही होगा। चंद सिक्कों की खातिर अपने देश को बेचना उसी तरह से है, जेसे कोई राक्षस प्रवृति का शख्स कुछ पैसों के लालच में अपनी मां के खून का सौदा कर लें। यूपी एटीएस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। एटीएस की टीम ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने वाले एक भारतीय युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी सतेंद्र सिवाल विदेश मंत्रालय के मल्टी टास्किंग स्टाफ में काम करता था। वर्तमान में वह मास्को स्थित भारतीय दूतावास में कार्यरत था। सतेंद्र हापुड़ का रहने वाला है। यूपी एटीएस से पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।अच्छी-खासी पगार पाने वाला एक सरकारी कर्मी का जमीर इस कद्र गिर जाएगा कि वह कुछ अतिरिक्त धन के लालच में देश के साथ गद्दारी करेगा, यह सोचना भी आसान नहीं होता। सतेंद्र जैसे देश के दुश्मनों को सीधे मौत की सजा मिलनी चाहिए। अगर उन्हें हल्की सजा मिलेगी तो वह उन शहीदों का अपमान होगा जिन्होंने देश की खातिर अपनी जान का नजराना दिया। सतेंद्र जैसे लोगों को दुश्मन से दोस्ती करते हुए यह ख्याल क्यों नहीं आता कि पाकिस्तान ने भारत पर बार-बार हमला किया है। हालांकि, उसे हर बार कसकर मार पड़ी। जब वह सीधे हमले में शिकस्त खाता रहा तो उसने 2001 में मुंबई में खुफिया ढंग से आतंकी हमला करवाया। वह भारत के खिलाफ लगातार कठमुल्लों को खाद-पानी देता रहा। आपको गद्दार महिला जासूस माधुरी गुप्ता की कहानी का तो पता ही होगा। माधुरी गुप्ता भारतीय विदेश सेवा की ग्रुप की अफसर थी। अपनी लगभग ढाई दशक लम्बी सेवा में माधुरी गुप्ता ने पाकिस्तान इराक, लाइबेरिया, मलेशिया और क्रोएशिया में नौकरी की। उसकी उर्दू पर अच्छी पकड़ थी। सूफियाना मिजाज वाली माधुरी साहित्यिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहती थी। खुले ख्यालों वाली माधुरी धूम्रपान, शराब-सेवन, गुटका खाने और पुरुष-मित्रों से सम्बन्ध बनाने के लिए खास तौर पर जानी जाती थी। इस्लामाबाद-स्थित भारत के उच्चायोग में पोस्टिंग के दौरान माधुरी गुप्ता को उर्दू की सही सी जानकारी होने के कारण पाकिस्तानी मीडिया पर नजर रखने का काम सौंपा गया था। पाकिस्तान में पोस्टिंग के बमुश्किल छह महीने बीतते-बीतते माधुरी जमशेद नाम के व्यक्ति के चंगुल में फंस गई। भारत सरकार के अधिकारियों को जब आभास हुआ कि माधुरी शत्रु के जासूसी षड्यंत्र में फंस गयी है तो पुष्टि के लिए उसके माध्यम से एक गलत सूचना जानबूझ कर भेजी गयी। परिणामस्वरूप, खुफिया सूचनाओं को लीक करने का माधुरी के कारनामों का पक्का यकीन हो गया। उसे भूटान में आयोजित होने वाले सार्क समिट की तैयारियों के बहाने स्वदेश वापस बुलाया गया। 22 अप्रैल 2010 को वह वह ज्यों ही दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरी भारतीय खुफिया एजेंसी के लोगों ने उसे अपनी पकड़ में ले लिया और पूछताछ के लिए अज्ञात स्थान पर ले गये। पूछताछ से पता लगा कि वह आईएसआई के दो जासूसों से सांठगाँठ करके उन्हें खुफिया सूचनाएं सप्लाई करतीहै। इन आरोपों के आधार पर 20 जुलाई 2010 को माधुरी को गिरफ्तार कर लिया गया और उसे न्यायिक हिरासत में रखा गया। 21 महीने जेल में रहने के बाद 7 जनवरी 2012 को उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया। 18 मई 2018 को दिल्ली के अतिरिक्त सेशंस जज सिद्धार्थ शर्मा ने जासूसी के लिए माधुरी को 3 वर्षों की सजा सुनाई। मुझे लगता है कि माधुरी जैसे गद्दारों को और अधिक और कड़ी सजा दी जानी चाहिए थी। उसे उसकी करतूत के लिए बहुत कम सजा मिली। जैसा कि मैं ऊपर कह चुका हूँ कि देश के गद्दारों की एक ही सजा हो सजाये मौत> पाकिस्तान की तरफ से उसके राजधानी दिल्ली स्थित उच्चायोग से भी जासूसी की जाती थी। भारत सरकार ने 1950 के दशक में चाणक्यपुरी में विभिन्न देशों को भू-भाग आवंटित किये थे। पाकिस्तान को भी इस आशा के साथ बेहतरीन जगह पर अन्य देशों की अपेक्षा बड़ा प्लाट दिया गया था कि वह भारत से अपने संबंधों को मधुर बनाएगा। पर पाकिस्तान ने भारत को निराश ही किया। वह अपनी करतूतों से न बाज आया न ही सुधरा।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# परीक्षाओं को नकल से मुक्त करने का प्रयास

विजय गर्ग

**किसी** भी प्रतियोगिता का उद्देश्य काबिलियत की परख करना होता है। पुराने जमाने में यह काम शासकों की सेनाओं में भर्ती के लिए किया जाता था। तब ऐसे परीक्षाओं का पैमाना शारीरिक सौष्ठव हुआ करता था। आधुनिक समय में किसी भी प्रतियोग परीक्षा में पढ़ाई-लिखाई और दिमागी समझ इसका आधार बनी, पर योग्यता तय करने के जिस परीक्षा की जरूरत होती है, अगर उसमें कदाचार यानी नकल और पर्चा लीक जैसे घुन लग जाएं तो क्या होगा? यह एक ऐसा सवाल है, जिससे निजात पाने की हर कोशिश पिछले एक-डेढ़ दशक में नाकाम साबित होती रही है। खास तौर से पेपर लीक और नकल कराने के मामलों में संगठित गिरोहों की घुसपैठ ने हालात बद से बदतर ही किए हैं, पर अब इसका एक पक्का इलाज मिलने जा रहा है। सख्ती का उद्देश्य इसके लिए केंद्र सरकार ने संसद में सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक 2024 बिल पेश किया है। लोकसभा और राज्यसभा में पारित होने के पश्चात इसे राष्ट्रपति के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएग राष्ट्रपति की मुहर लगते ही यह विधेयक कानून का रूप ले लेगा। इस विधेयक में नकल और पर्चा लीक आदि परीक्षा से जुड़े कदाचार के मामलों में एक करोड़ रुपये तक के जुमार्ने और 10 साल कैद का प्रविधान किया गया है। सभी तरह की सरकारी परीक्षाओं में किसी भी किस्म की गड़बड़ी करने वालों पर पूरी तरह लगम लगने के उद्देश्य से लाए गए इस विधेयक का मकसद देश के योग्य और प्रतिभावान युवाओं के साथ संगठित गिरोहों की हरकतों के कारण हो रही ज्यादती पर रोक लगाना भी है। हालांकि तमाम भर्ती परीक्षाओं में हो रही धांधलियों की रोकथाम के लिए कुछ राज्यों ने सख्ती की है। पेपर लीक जैसे मामलों में शमिल लोगें पर रासुका (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) के तहत कार्रवाई की गई हैं, लेकिन समय-समय पर आ रही कदाचार की घटनाओं से साबित हुआ है कि भर्ती परीक्षाओं में अवैध तरीकों से नैया पार लगाने की कोशिशें निरंतर जारी हैं। इसकी बड़ी वजह ऐसी धांधलियों के जरिये होने वाली बेहिसाब कमाई है, जिस कारण ऐसे काम संगठित गिरोह बनाकर अंजाम दिए जा रहे हैं।

## बेकाबू होती कीमतें

संजीव ठाकुर

**भारत में मह**ंगाई का स्तर अभूतपूर्व तरीके से अचानक उच्चतम सीमा से ऊपर हो गया है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ हिंदुस्तान में ही महंगाई का परचम भयानक तौर पर लहरा रहा है। पेट्रोल ,डीजल, गैस के दाम तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रूड आयल के दाम बढ़ने से बढ़ते हैं, फिर अलग अलग राज्य सरकारें उस पर कर लगाकर दाम बढ़ाने का काम करती है पर मूल रूप से वैश्विक स्तर पर महंगाई करोना के भयानक संक्रमण और रूस यूक्रेन युद्ध की भयानक विभीषिका की परिणति ही है। रूस के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों ने तो महंगाई में आग ही लगा के रख दी है। रूस अब किसी भी कीमत पर यूरोपीय देशों तथा अन्य पश्चिमी देशों को पेट्रोल डीजल गैस देने की मनः स्थिति में नहीं है, उस पर रूस पर यूरोपीय तथा नेटो देशों का प्रतिबंध भी महंगाई का बड़ा कारण है। रूस का अमानवीय तरीके से यूक्रेन पर आक्रमण और लगभग एक करोड़ यूक्रेन के नागरिक अन्य देशों में शरणार्थी बनकर रहने के कारण ही यूरोप में महंगाई बहुत बढ़ गई है। भारत के परिपेक्ष में महंगाई अब चरम सीमा पर है आम आदमी का जीना मुश्किल दर मुश्किल होता जा रहा है। पाकिस्तान, बांग्लादेश के अलावा श्रीलंका में तो महंगाई ने सरकार का तख्ता ही पलट दिया है।
पाकिस्तान में भी सत्ता परिवर्तन का कारण महंगाई तथा बेरोजगारी ही रही है। रूस यूक्रेन युद्ध के इतने महीने बाद भी अमानवीय क्रूर विभीषिका थमने का नाम नहीं ले रही है। यूक्रेन के करोड़ों लोग बेघरबार हो गए हैं।
यूक्रेन की अरबों रुपए की संपत्ति युद्ध की भेंट चढ़ चुकी है, यूक्रेन में नागरिकों का कोहराम मचा हुआ है। ऐसे समय में संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियों गुतारेस की रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से शांति बहाल हेतु शांति वार्ता मानवता के लिए सर्वाधिक सकारात्मक एवं अहम पहल है। अब रूस, यूक्रेन युद्ध भयानक तथा क्रूरतम रूप ले चुका है।
रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पूरी तरह अपनी सनक में आकर यूक्रेन को बबार्दी के अंतिम छोर पर पहुंचाना चाह रहे हैं। ऐसा नहीं है कि सिर्फ अड़ियल रवैया रूस ही दिखा रहा है बल्कि यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेन्सकी भी ना जाने किस घमंड और गुमान पर अड़े हुए हैं।

# लगातार बढ़ रही चोरी व बदमाशी के विरोध में दुकानदारों ने मुख्य बाजार किया बंद

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**गन्नौर** गांव के मुख्य बाजार में लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातों और असामाजिक तत्वों की गुंडागर्दी से परेशान दुकानदारों ने गुरुवार को अपनी दुकानें बंद कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ रोष जताया। दुकानदारों ने गन्नौर सोनीपत मार्ग पर धरना देते हुए रास्ते को जाम कर दिया व पुलिस और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद गन्नौर व्यापार मंडल के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे और धरने का समर्थन किया। सूचना मिलने पर गन्नौर थाना से पुलिस मौके पर पहुंची और दुकानदारों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस ने दुकानदारों को कड़ी कार्रवाई का



आश्वासन दिया जिसके बाद ही दुकानदार धरने से उठे और अपनी दुकानों को खोला।

-पुलिस को दी शिकायत

धरना समाप्त करने के बाद दुकानदार गन्नौर थाना में पहुंचे। उन्होंने गन्नौर थाना में शिकायत दी कि गन्नौर गांव के बाजार में बदमाशी ज्यादा बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि रोहित, गौरव, गोलू त्यागी व गौरव सहित अन्य ने बाजार में लोगों को परेशान कर रखा है। कुछ दिन पहले भी उन्होंने एक व्यक्ति व उसके जीजा के साथ मारपीट की

**विरोध**

**8 धरना देते हुए गन्नौर सोनीपत सड़क मार्ग किया बंद, पुलिस के आश्वासन के बाद उठे दुकानदार**

थी। गत रात्री भी इन्होंने बाजार में उत्पात मचाया और दुकानदारों के मीटर तोड़ दिए। वहीं राजू दी हट्टी की दुकान में चोरी की वारदात भी हुई है। उन्होंने पुलिस को शिकायत देकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

-चोरो ने देर रात तोड़ा दुकान का ताला

स्थानीय दुकानदार रमेश कुमार ने बताया कि गत रात गन्नौर गांव के बाजार में गश्त कर रही पुलिस ने उन्हें दुकान का ताला टूटा होने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद वह मौके पर पहुंचे तो दुकान से हजारों रुपयों की नकदी, सामान व डीवीआर चोरी हुआ मिला। इसके बाद पुलिस की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस की इस लापारवाही की विरोध में वह धरने पर बैठे हैं और जब तक कड़ी कार्रवाई नहीं होती तब तक उनका धरना जारी रहेगा। स्थानीय निवासी विकास ने बताया कि गुरुवार की रात कुछ लोगों ने उनके घर पर पत्थरबाजी की और उनके साथ गाली गलौच भी किया।

# राखी ने 800 मीटर की दौड़ में जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया, हुआ सम्मान

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

56वीं राज्य स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की 12वीं कक्षा की छात्रा राखी ने 800 मीटर की दौड़ में जिला स्तर पर प्रथम स्थान व राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय पहुंचने में स्कूल प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा, प्रधानाचार्य जितेंद्र उत्तम व उप प्राचार्य रमेश वत्स ने छात्रा को सम्मानित किया। उन्होंने इस शानदार उपलब्धि के लिए विद्यालय के शारीरिक शिक्षा के अध्यापक सोहनलाल व छात्रा के अभिभावकों को बधाई दी। उप प्राचार्य रमेश वत्स ने बताया कि ऐसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों का शारीरिक व मानसिक



विकास तो होता ही है, साथ ही उनमें सहयोग की भावना एवं जीवन में आगे बढ़ने की लालसा का विकास होता है। जिसकी सामाजिक जीवन में अहम भूमिका होती है। इस अवसर पर प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा ने बताया कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी हमारे जीवन में बहुत महत्व है ।उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए जरूरी है कि देशभर में खेल प्रतिभाओं के लिए स्वस्थ वातावरण तैयार करते हुए बिना भेदभाव के सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराकर सही ढंग से तराशा जाए। इस अवसर पर रवि शास्त्री, नरेंद्र कुमार, सोहनलाल, रजनी, मुकेश व अन्य सभी अध्यापकगण मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### प्रतिभाओं को निखारना सरकार की प्राथमिकता: डीसी डॉ.वीरेंद्र कुमार

**पानीपत/कमाल हुसैन**

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों और शहरी निकायों में विभिन्न प्रकार के खेलों को बढ़ावा देने व गांव में छुपी खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना 2023-24 अधिसूचित की गई है। इस योजना के तहत ग्राम पंचायतों और नगर निकायों को विभिन्न प्रकार का खेल का सामान अनुदान पर उपलब्ध कराया जाएगा।

डीसी ने बताया कि यह योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान यानि 31 मार्च 2024 तक वैध रहेगी। उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा सरकार की इस योजना से जिला में विभिन्न प्रकार के खेलों को बढ़ावा मिलेगा तथा युवा इन खेलों की ओर अग्रसर होंगे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतें व शहरी निकाय इस योजना के तहत आवेदन करने के लिए तभी पात्र होंगे यदि संबंधित गांव व शहर में संबंधित खेल के लिए उचित खेल का मैदान (एफओपी) उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना के तहत वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, बॉक्सिंग, कुश्ती, जूडो, क्रिकेट को शामिल किया गया है।

### गरीब व्यक्तियों के लिए वरदान साबित हो रही प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना: उपायुक्त

**पानीपत/कमाल हुसैन**

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना जिले के लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की तरफ से प्रत्येक गरीब व बीपीएल श्रेणी के व्यक्ति को 5 किलो अनाज मुफ्त में प्रदान किया जाता है। 4 वर्ष पूर्व प्रारंभ हुई इस योजना का बड़ी संख्या में नागरिकों को लाभ मिल रहा है। उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना 20 मार्च, 2020 को शुरू की गई थी। इस योजना का उद्देश्य कोविड-19 महामारी के कारण हुए आर्थिक संकट से राहत प्रदान करना था। अब इस योजना का और विस्तार किया गया है। अब योजना से जुड़े पात्र लोग वर्ष 2028 तक इस योजना का लाभ ले पाएंगे। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण और योजना के तहत, सरकार गरीब परिवारों को प्रति व्यक्ति प्रति माह 5 किलो मुफ्त अनाज प्रदान करती है।

# लोक नृत्य दलों के पंजीकरण के लिए आवेदन आमंत्रित

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**कला** एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा द्वारा पानीपत सहित हरियाणा के अन्य जिलों से लोकनृत्य दलों के पंजीकरण के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने टीम लीडर तथा सह-कलाकारों से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि कोरियोग्राफर व टीम लीडर के नृत्य विधा से संबंधित दस्तावेजों को लाना अनिवार्य है। कोरियोग्राफर की न्यूनतम आयु 35 वर्ष तथा सह-कलाकार की आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि किसी एक दल में पंजीकृत सदस्य केवल अपने पंजीकृत दल में ही प्रस्तुति दे सकेगा, अन्यथा विभाग द्वारा उसके पूर्ण दल का पंजीकरण रद्द कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि दल के सदस्य पर किसी भी प्रकार का पुलिस केस अथवा कोर्ट केस नहीं होना चाहिए, अन्यथा उसका पंजीकरण रद्द करने के साथ-साथ विभाग द्वारा आयोजित किसी भी कार्यक्रम में प्रस्तुति का कार्य नहीं दिया जाएगा। सभी कलाकार पारम्परिक व साफ-सुथरी वेशभूषा में होने अनिवार्य हैं। दलों को अग्रिम व नकद राशि नहीं दी जाएगी। राशि की अदायगी कलाकार के व्यक्तिगत बैंक खाते में सीधे की जाएगी।

# संगीतमय भव्य श्री राम कथाः तीसरे दिन श्री राम वन गमन वृत्तांत सुनाया गया

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**जिला** परिषद के उपाध्यक्ष एवं प्रधान आर्य समाज हुडा आर्य सुरेश मालिक द्वारा कुटानी रोड की डाबर कालोनी स्थित रामलीला मैदान में संगीतमय भव्य श्री राम कथा व महायज्ञ में तीसरे दिन श्री राम वन गमन वृत्तांत सुनाया गया। रामकथा का प्रारंभ यज्ञ के द्वारा हुआ। जिसमें कलोनी वासियों ने पूरी श्रद्धा से आहुति प्रदान डाली। वहीं प्रसिद्ध राम कथा वाचक बिजनौर से पधारे पंडित कुलदीप आर्य ने आज भगवान श्री राम वन गमन के करुणा प्रद वृत्तांत को सुनाकर सभी राम भक्तों को प्रभु श्री राम के भाव में विभोर किया। पंडित कुलदीप आर्य ने बताया कि एक तरफ प्रभु श्री राम हैं जो पिता के वचन का पालन करने के लिए 14 वर्षो का वनवास सहर्ष स्वीकार करते हैं और दूसरी दिशा में आज का



समाज जहां माता-पिता की आज्ञा का पालन तो दूर माता पिता की सामान्य सेवा को भी कठिन कार्य समझते हैं। वहीं कथा आयोजक आर्य सुरेश मलिक ने भगवान श्री राम को वर्तमान समय की प्रासंगिकता से जोड़ते हुए बताया कि भगवान श्री राम आज प्रत्येक व्यक्ति के जीवन से संबंधित हैं। राम भारतीय समाज के आदर्श पुत्र, आदर्श पति, आदर्श गुरु भक्त और आदर्श राजा थे। उनके जीवन का एक एक गुण देश, समाज व प्रत्येक व्यक्ति के लिए अनुकरणीय है। संगीतमय भव्य श्री रामकथा व महायज्ञ में पूर्व मेयर सुरेश वर्मा, पंडित रामवीर यादव, देवव्रत आर्य, सुखबीर खर्ब, गुरुदेव कादियान, पंडित राजेंद्र तिवारी, अजीत राणा, संतोष कुमार, देवी चंद कश्यप, संजना, मयंक भारद्वाज, उषा शर्मा, लीलावती, ललिता, ममता, चंदा व रेखा श्रीवास्तव मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# 'आप कार्यकर्ता युवाओं के रोजगार की आवाज उठाएंगे'




**पानीपत/कमाल हुसैन**

आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश चुघ व प्रदेश जॉइंट सेक्ट्री सुखबीर मलिक ने पत्रकारों को जानकारी दी कि आम आदमी पार्टी शुक्रवार को जिला स्तरीय प्रदर्शन करेगी। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता जिले में मुख्य चौकों पर खड़े होकर युवाओं के रोजगार की आवाज उठाएंगे और मनोहर सरकार की रोजगार नीति की पोल खोलेंगे। बुधवार को आम आदमी पार्टी ने करनाल में मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया और युवाओं के रोजगार की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता नौजवानों के रोजगार के लिए पुलिस की लाठियों से नहीं डरेंगे और जेल जाने से भी पीछे नहीं हटेंगे। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी दीपक बग्गा, जिला सह सचिव नीलम प्रणामी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा, वार्ड अध्यक्ष अशद, वार्ड सचिव चंदन छाबड़ा मौजूद रहे।

# गांव-गांव, बूथ-बूथ पर जाकर सरकारों की उपलब्धियों का प्रचार करेंः डा अर्चना

**पानीपत/कमाल हुसैन**

केंद्र तथा प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बने इसके इसकी लिए कार्यकर्ता गांव गांव,बूथ बूथ जाकर मोदी मनोहर की सरकारों की उपलब्धियों का प्रचार प्रसार करे। ये शब्द भाजपा प्रदेश महामंत्री डा अर्चना गुप्ता ने बैबल मंडल की बैठक को संबोधित करते हुए कहे। विदित रहे भाजपा का चलो गांव की ओर अभियान 9 फरवरी शुरू हो रहा है। जिसके तहत हर बूथ एक एक कार्यकर्ता 24 घंटे का प्रवास करके सरकार की उपलब्धियों का प्रचार प्रसार करेगा।इसी की कार्यशाला में डा अर्चना मुख्य वक्ता के रुप बोल



रही थी। डा अर्चना गुप्ता ने की मोदी मनोहर की सोच है की भारत को 2047 तक देश को विकसित देश बने।ये तभी संभव है जब गांव व गरीब का विकास हो। डा अर्चना गुप्ता ने कहा की तीन तलाक,धारा 370 धारा हटाकर तथा राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करा कर देश की पुरानी आशाओं को पूर्ण कर दिया है साथ ही अब तो राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा भी हो चुका है।

डा अर्चना गुप्ता ने कहा की अपने काम के दम पर तथा देश की जनता के विश्वास से भाजपा को लोक सभा चुनाव में 370 सीटें तथा एन डी ए को 400 सीटें मिलना तय है।

विधायक महिपाल ढांडा ने कहा की कार्यकर्ता पार्टी रीड की हड्डी है। कार्यकर्ता के भरोसे भाजपा सरकार हैट्रिक लगाएगी।भाजपा सरकारें गरीब ,युवा महिला तथा किसान के विकास को कृत संकल्पित है। मंडल अध्यक्ष संजय त्यागी ने डा अर्चना गुप्ता तथा महिपाल ढांडा का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

# 40वां वार्षिक मजदूर सम्मेलन का खुला अधिवेशन 11 को

**समालखा (कुलदीप सिंह)**

एआईयूटीयूसी से संबद्ध कारखाना मजदूर यूनियन समालखा, 40वां वार्षिक मजदूर सम्मेलन का खुला अधिवेशन 11 फरवरी को गोल्डन पार्क समालखा में होगा।

यह जानकारी यूनियन के प्रधान शेर सिंह ने देते हुए कहा कि पुर्ववत कांग्रेस सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों को चालू रखते हुए मौजूदा भाजपा सरकार और भी निर्दयता से श्रमिकों के अर्जित अधिकारों को छीनने पर तुली हुई है। श्रमिकों पर काम का बोझ बढ़ा रही है, वेतन व हितलाभ काट रही है। 8 घंटे की बजाय 12 घंटे का कार्य दिवस करने, झंटनी ले आफ व तालाबंदी को आसान करने के प्रावधान लाए जा रही हैं। श्रमिकों की समस्याओं के सामूहिक समाधान, यूनियन बनाने व हड़ताल करने जैसे वैधानिक अधिकारों को भी छीनने का रास्ता खोल दिया है।"हायर एंड फायर", "अल्प अवधि नियुक्ति"आउटसोर्सिंग" "स्कीम वर्कर" "कैजुवलाईजेशन" जैसे अनेक प्रावधान लाकर स्थाई नौकरियों की आवश्यकता व धारणा को ही बदल दिया है। एक पर एक ऐसी अनेक नीतियां सरकार द्वारा लाई जा रही हैं। इनसे हौसला पाकर मालिक वर्ग - पूंजीपति श्रम कानूनों को लागू नहीं कर रहे हैं। मजदूरों के पास आंदोलन के माध्यम से अपनी मांगों व समस्याओं का समाधान कराने के अलावा अन्य कोई रास्ता नहीं बचा है। स्थिति आए दिन विकट से विकटम बनाई जा रही है।इसी लिए राष्ट्रीय स्तर पर केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों व संयुक्त किसान मोर्चा ने मिल कर आगामी 16 फरवरी को राष्ट्र व्यापी औद्योगिक हड्ताल व ग्रामीण बंद करने का आह्वान किया है।

समालखा का श्रमिक वर्ग इस हडताल में शामिल होगा।

# 12 से ज्वाइंट एक्शन कमेटी रिटायर्ड कर्मचारी का क्रमिक अनशन होगा शुरू : सुलतान सिंह

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)**

कुरूक्षेत्र ज्वाईंट एक्शन कमेटी रिटायर्ड कर्मचारी हरियाणा कुरूक्षेत्र के सभी संगठनों की मासिक बैठक स्थानीय बस स्टैंड पर रिटायर्ड कर्मचारी संगठन के जिला प्रधान सुलतान सिंह की अध्यक्षता मे सम्मपन्न हुई ।

मीटिंग में सभी संगठनों की जिला कार्यकारिणी के सदस्यों व पेंशनर्स ने सरकार की कार्यप्रणाली की कड़े शब्दों में निंदा की और सरकार से अपील की कि समय रहते सरकार पेंशनरों की मांगों को जल्दी पूरा करें नहीं तो हरियाणा के



सभी पेंशनरों को कठोर कदम उठाना पड़ेगा और उस का प्रभाव आने वाले चुनाव पर पड़ेगा।

मीटिंग में ज्वाईंट एक्शन कमेटी के राज्य संयोजक कुलभूषण शर्मा ,रिटायर्ड कर्मचारी संगठन के कार्यकारी प्रधान पहल सिंह तंवर, राज्य सचिव राजपाल गूंसर,बरखा राम जास्ट,सुरेन्द्र वधवा, जगतार सिंह सोढी,सुरेन्द्र शर्मा, मेहर सिंह खोखर,रतन जास्ट,मांगे राम पाई,सह ने संगठन को मजबूत करने के लिए अपने -अपने विचार रखे। राज्य संयोजक कुलभूषण शर्मा ने संगठन ने मुख्य मांगों के बारे अवगत कराया।

# भाजपा में कार्यकर्ताओं का सम्मान हैः दुष्यंत भट्ट

**पानीपत/कमाल हुसैन**

भारतीय जनता पार्टी के जीटी रोड पानीपत स्थित जिला कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गयो बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की जिला महामंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता शन लाल माहला, समाजसेवी सुशील ठाकुर और गाँव चलो अभियान के संयोजक देव मलिक ने भी बैठक को संबोधित कियो इस अवसर पर पूर्वांचल समाज पानीपत के अनेक सदस्यों ने भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन की। भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे विशाल राजनितिक पार्टी है और जिस तेजी से लोग इसकी सदस्यता



ग्रहण कर रहे हैं, उससे लगता है कि और भी विशाल पार्टी बनने जा रही है ` जितना भाजपा में कार्यकताओं का सम्मान है, वह अन्य किसी भी राजनितिक दल में नहीं है इसमें अन्तोदय के मार्ग पर चलते हुए अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को भी पार्टी व सरकार में किसी भी समय किसी भी उच्च पद पर बैठाया जा सकता है भारतीय जनता पार्टी हर आम इंसान की आशा और उम्मीदों से भरी लबालब पार्टी है उन्होने कहा कि भाजपा की विचारधारा एकात्म मानववाद है। यह किसी परिवार, जाति या वर्ग विशेष की पार्टी नहीं है। उन्होंने पार्टी के सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं को उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी पूरी लगन और निष्ठा के साथ निभाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि इस पार्टी में हर कार्यकर्ता को उसकी मेहनत का फल जरूर मिला है और आगे भी मिलता रहेगा बैठक में गाँव चलो अभियान के संयोजक देव मलिक ने अभियान के तहत आयोजित सभी मंडलों में आयोजित कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# डेरा सच्चा सौदा के सेवादार जीते जी दूसरों की जिंदगी बचाने का कार्य करते रहते हैं लीन

**पानीपत/कमाल हुसैन**

डेरा सच्चा सौदा के सेवादार जीते जी दूसरों की जिंदगी बचाने का कार्य करते रहते हैं और मरने के बाद भी पूज्य हजूर पिता संत डॉ गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां के पावन वचनों पर अमल करते हुए। आंखों दान के साथ-साथ शरीर दान करके भी महान कार्य कर जाते हैं ।जीते जी तो हर कोई दूसरों की सेवा करता रहता है लेकिन मरने के बाद भी अगर हमारा शरीर दूसरों के काम आ जाए तो इससे बड़ा कोई पुण्य का कार्य नहीं हो सकता। ऐसा ही एक महान कार्य करके दिखाया है तहसील कैंप के रामनगर निवासी 77 वर्षीय ईश्वर देवी इंसा ने।

जानकारी देते हुए प्रदेश के 85 मेंबर रमेश ढींगड़ा इन्सां सदस्य ने बताया




कि 77 वर्षीय ईश्वर देवी इन्सां अपनी स्वासो रुपी पूंजी पूरी करके प्रभु चरणों में लीन हो गई। ईश्वर देवी इन्सां के दो बेटे से हरा भरा परिवार छोड़कर गई है। ईश्वर देवी की अंतिम इच्छा अनुसार उनके पति गोविंद लाल इंसा व उनके बेटो ब ने इनका शरीर का अंतिम संस्कार ना करके बल्कि समाज भलाई के लिए रामा मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर हापुड उत्तर प्रदेश को दान किया है। बेटा बेटी एक समान के नारे को सार्थक करते हुए माता की बहूओ ने शव यात्रा में शामिल होकर आथी को कधा भी दिया। उन्होंने बताया जीते जी खून दान से बड़ा

**देहदान**

**8 डेरा सच्चा सौदा सिरसा की ब्लॉक पानीपत की और से ईश्वर देवी इन्सां की 16वीं देहदान है**

कोई दान नहीं हो सकता और मरने के बाद शरीर दान महादान है ऐसा करने से दो अंधेरी जिंदगियों को रोशनी भी मिलती है और शरीर पर रिसर्च कर कर 10 डॉक्टर तैयार होते हैं जो आगे चलकर मरीजों का इलाज करते हैं और धरती पर भगवान का रूप मे रूप में कार्य करते हैं।

उन्होंने बताया कि डेरा सच्चा सौदा सिरसा की ब्लॉक पानीपत की और से ईश्वर देवी इन्सां की 16वीं देहदान है। ईश्वर देवी इंसा को अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए सगे संबंधियों के साथ जन सेवा दल की टीम भी मौजूद रही हमें गर्व है कि हम अपने इस मां की बच्चे हैं। मां की कमी कभी पूरी नहीं हो सकती लेकिन हमें अपनी मां पर गर्व है। जिन्होंने जीते जी घर की जिम्मेदारियों के साथ-साथ समाज की सेवा भी की है और मरने के बाद भी समाज कल्याण के लिए कार्य करके गए हैं यह उनकी अंतिम इच्छा थी उनकी कमी हमें हमेशा रहेगी लेकिन उनके बताए गए मार्ग पर हम सदा चलते रहेंगे और आने वाले पीढीओ को भी उनके मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करेंगे।

# 35वें अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन के आयोजन से विश्वभर के लोगों में मानव एकता की भावना जागृत हुई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

विश्व एकता, परस्पर प्रेम और भाईचारे को संपूर्ण विश्वभर में फैलाने के उद्देश्य से 35वें अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन का आयोजन सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख संत राजिन्दर सिंह जी महाराज की अध्यक्षता में कृपाल बाग, दिल्ली में किया गया। इस तीन दिवसीय सम्मेलन ;4-6 फरवरीद्ध के दौरान विभिन्न धर्मों के धमार्चार्य और अंतर्राष्ट्रीय वक्ता एक सांझे मंच पर एकत्रित हुए, जहां उन्होंने आज के समय की सबसे महत्त्वपूर्ण जरूरत आंतरिक शांति तथा अध्यात्म द्वारा मानव एकता को पाने के विषय में अपने विचार व्यक्त किए।

इस सम्मेलन में देश-विदेश से आए



लाखों की संख्या में भाई-बहनों ने भाग लिया। इस अवसर पर पिछली सदी के महान परम संत कृपाल सिंह जी महाराज का 130वां जन्मोत्सव मनाया गया, जिन्होंने विश्व के कोने-कोने में रूहानियत का प्रचार-प्रसार किया। इस वर्ष मानव एकता आंदोलन की 50वीं वर्षगांठ है क्योंकि परम संत कृपाल सिंह जी महाराज ने सन् 1974 में पहले मानव एकता सम्मेलन का उद्घाटन किया था।

# ईडी बीजेपी का नया हथियार: केजरीवाल

## केंद्र सरकार सभी केंद्रीय एजेंसियों को उनके खिलाफ इस्तेमाल कर रही है जैसे कि वह सबसे बड़े आतंकवादी हों: दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल

**साधा निशाना**

**8 किसे जेल भेजना है तो उसे पकड़ लेते हैं और वो तब तक जेल में रहता है जब तक वह निर्दोष साबित नहीं होता**






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 'आप' नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हो रही कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार सभी केंद्रीय एजेंसियों को उनके खिलाफ इस्तेमाल कर रही है जैसे कि वह सबसे बड़े आतंकवादी हों। उन्होंने ईडी को भाजपा का नया हथियार बताया। गुरुवार को मुख्यमंत्री ने द्वारका में बनने वाले एक स्कूल भवन की आधारशिला रखने के बाद ये बातें कहीं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि 'अभी तक इस देश में कानून होता था कि किसी व्यक्ति पर दोष साबित होने के बाद ही उसे जेल भेजा जाता था लेकिन अभी उन्होंने (भाजपा) तय कर लिया है कि किसे जेल भेजना है तो उसे पकड़ लेते हैं और वो तब तक जेल में रहता है जब तक वह निर्दोष साबित नहीं होता। अभी उन्होंने हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया है जबकि अभी तक कुछ भी साबित नहीं हुआ है। कल वे मुझे भी जेल में डाल सकते हैं, विजयन जी, स्टालिन साहब, सिद्धारमैया साहब को जेल में डालकर सरकार गिरा देंगे।' मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा, 'भारत के 75 साल के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ जब शिक्षा के क्षेत्र में इतने बड़े स्तर पर काम हुए हों। लोगों को उम्मीद नहीं थी कि सरकारी स्कूलों में हमारे बच्चों का कोई भविष्य है, ये जो इतने बड़े स्तर पर स्कूल बन रहे हैं, मुझे लगता है कि ये 1950 में ही बन जाने चाहिए थे। अगर सरकारी स्कूल इतने शानदार बन गए होते तो हमारे देश में एक भी गरीब आदमी नहीं होता।' सीएम केजरीवाल कल पंजाब में डोरस्टेप डिलीवरी की योजना शुरू करेंगे

## डीडीए का 8811 करोड़ रुपये का बजट पारित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उपराज्यपाल व** दिल्ली विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष वीके सक्सेना की अध्यक्षता में हुई बोर्ड बैठक में वर्ष 2024-25 के लिए 8,811 करोड़ रुपये का बजट पारित कर दिया गया। केंद्र सरकार के अनुरूप इसमें वार्षिक आवंटन का 61 प्रतिशत (लगभग) पूंजीगत व्यय शामिल है। इस बार बजट में मुख्य फोकस बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने, नागरिक सुविधाएं बेहतर करने, गांवों का भी उन्नयन करने और दिल्ली के सुंदरीकरण पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया गया है। बोर्ड बैठक में सामने आया कि एलजी और अधिकारियों के नेतृत्व में बेहतर रणनीतियों के कारण, डीडीए की कुल प्राप्तियां पिछले वर्ष के 4392 करोड़ रुपये की तुलना में चालू वित्तीय वर्ष में 75 प्रतिशत तक की वृद्धि के साथ 7696 करोड़ रुपये हो गईं। अगले वर्ष के अनुमानों में, डीडीए ने अपना राजस्व लक्ष्य 9182 करोड़ रुपये आंका है, जो चालू वर्ष से लगभग 19 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। इसी प्रकार, डीडीए ने चालू वित्तीय वर्ष में बड़े पैमाने पर विकासात्मक गतिविधियों पर 8804 करोड़ रुपये की राशि व्यय की, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 69 प्रतिशत अधिक है, जबकि व्यय 5189 करोड़ रुपये था। अगले वर्ष, डीडीए ने व्यय को चालू वर्ष के समान स्तर पर रखने का लक्ष्य रखा है। नागरिक बुनियादी ढांचे पर रख-रखाव व्यय के आवंटन में भी महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। गौरतलब है कि दिवाली विशेष आवास योजना की सफलता डीडीए के सामान्य विकास खाते (जीडीए) के बजट में दिखाई देती है, जो संशोधित अनुमान 2023-24 के अनुसार 262 करोड़ रुपये और बजट अनुमान 2024-25 में 2145 करोड़ रुपये अधिशेष होने का अनुमान है।



# गोकुलपुरी मेट्रो स्टेशन की बाउंड्री वॉल गिरने से एक की मौत



**हादसा**

**8 दीवार की जद में कुल पांच राहगीर आ गए इनमें से एक शख्स मौत हो गई वहीं अन्य को मामूली रूप से चोट लगी**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
पूर्वी दिल्ली के गोकुलपुरी मेट्रो स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर बनी चारदीवारी का एक हिस्सा गिरने से बृहस्पतिवार सुबह पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। इसके साथ ही पिंक लाइन की सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। इस घटना में एक शख्स की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए हैं। मृतक की पहचान विनोद (53) निवासी करावल नगर के रूप में हुई है। वहीं घायलों की पहचान अजित कुमार, मोनू कुमार, संदीप और मोहम्मद ताजिर के रूप में हुई है। यह सभी क्रमशः बलराम नगर लोनी गाजियाबाद, गोकुलपुरी, गोकुलपुरी और लक्ष्मी गार्डन इंदिरापुरी लोनी गाजियाबाद के रहने वाले हैं।

**गोकुलपुरी मेट्रो स्टेशन बंद:** घटना के बाद गोकुलपुरी मेट्रो स्टेशन भी बंद कर दिया गया है। इसका मतलब ये है कि गोकुलपुरी मेट्रो स्टेशन से ट्रेनें गुजर तो रहीं हैं लेकिन इस स्टेशन से एंट्री और एक्जिट बंद है। जानकारी के अनुसार आज सुबह 11 बजे मेट्रो स्टेशन के प्लेटफॉर्म को सुरक्षित रखने के लिए जो बाउंड्री वॉल बनी थी उसी का एक बड़ा हिस्सा (पूर्वी दिशा में स्थित) जाकर मेन रोड पर गिर गया।

**रास्ते में गुजर रहे तीन-चार लोग आए जद में:** इसकी हादसे की जद में नीचे से गुजर रहे तीन से चार लोग आ गए, जिससे वह घायल हो गए। एक शख्स दीवार के मलबे के नीचे फंस गया जिससे उससे बुरी तरह से चोटें आईं हैं। हालांकि अन्य लोगों को मामूली चोटें लगी हैं।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और वहां मौजूद कुछ लोगों की सहायता से मलबे में फंसे शख्स को बाहर निकाला। जब घटना हुई तो वह स्कूटी से गुजर रहा था। उसने आनन-फानन जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**पुलिस घायल शख्स की पहचान की कोशिश कर रही है:** पुलिस घायल शख्स की पहचान की भी कोशिश कर रही है। घटना को लेकर अधिक जानकारी का इंतजार है। रास्ते से जेसीबी और क्रेन की मदद से मलबा हटा लिया गया है।

मौके पर स्थानीय पुलिस और मेट्रो स्टाफ मौजूद हैं। इस मामले में उचित धाराओं में केस दर्ज करने की बात पुलिस कर रही है और जांच भी जारी है।

# मस्जिद गिरा कर गुरुद्वारा रकाबगंज का हुआ था निर्माण: मनजिंदर सिंह सिरसा

**विवाद शुरू**

**8 कालका ने सिरसा के बयान का समर्थन करते हुए श्री अकाल तख्त से सरना के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गुरुद्वारा** रकाबगंज के निर्माण को लेकर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा के बयान पर विवाद शुरू हो गया है। उन्होंने पिछले दिनों एक कार्यक्रम में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) द्वारा प्रकाशित पुस्तक का हवाला देते हुए कहा था कि सिख योद्धा बाबा बघेल सिंह ने 1783 में मस्जिद ध्वस्त कर गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब का निर्माण किया था। उनके इस बयान का शिरोमणि अकाली दल (शिअद बादल) के प्रदेश अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना व अन्य सिख नेताओं ने विरोध किया है। उन्होंने सिरसा पर सिख इतिहास को गलत तरह से प्रस्तुत करने का आरोप लगाते हुए श्री अकाल तख्त के जत्थेदार कार्रवाई करने की मांग की है। डीएसजीएमसी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका ने सिरसा के बयान का समर्थन करते हुए श्री अकाल तख्त से सरना के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। सिरसा ने कार्यक्रम में कहा था कि गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब वही स्थान है, जहां गुरु तेग बहादुर जी के धड़ का अंतिम संस्कार हुआ था।

गुरु गोविंद सिंह वर्ष 1707 में दिल्ली आकर इस स्थान पर गुरुघर बनवाया था। मुगल शासक द्वारा उस गुरुद्वारा को हटाकर मस्जिद बना दी गई थी।

# दिल्ली से क्यों खत्म नहीं हो रहे 'कूड़े के पहाड़

**नई दिल्ली:** दिल्ली के प्रवेश द्वारों पर कूड़े के पहाड़ भद्दे लगते हैं। शहर के प्रति देश की राजधानी के प्रति एक नकारात्मक अवधारणा को जन्म देते हैं। स्वच्छता जिस शहर की पहचान होनी चाहिए वहां कूड़े का पहाड़ द्वारों पर दिखते हैं।
कूड़े का पहाड़ जिम्मेदार निकाय और राजनेताओं की अव्यवस्था का ही दुष्परिणाम है। इसे हटाने, कम करने की कवायदें खूब चलीं लेकिन हाल वही रहा, दो फीट कम किया और जितना घटाया उतना ही वहां लाकर डाल दिया गया। सारी मेहनत ढेर होती नजर आती है। इन्हें खत्म करने का कोई ठोस स्थायी उपाय दिसंबर 2024 तक के लक्ष्य के बावजूद भी नजर नहीं आता। दिल्ली की लैंडफिल साइटों पर बने कूड़े के पहाड़ों को खत्म करने में इच्छाशक्ति में क्यों कमी है?

# दिल्ली-एनसीआर में तेजी से बदल रहे मौसम के तेवर



**ठिठुरन भरी ठंड**

**8 पार्कों में एवं घरों की छत पर लोग धूप सेकते दिखे। बादल घिर आए और हल्की बूंदाबांदी भी हुई**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली में बृहस्पतिवार की सुबह ठिठुरन भरी ठंड तो बनी रही, लेकिन कोहरा नहीं दिखा। सुबह का तापमान थोड़ा बढ़कर भी सामान्य से एक डिग्री नीचे दर्ज किया गया एयरपोर्ट पर दृश्यता का स्तर सामान्य रहा।

**हवा की गुणवत्ता में हुआ सुधार**
मौसम विभाग का अनुमान है कि आज दिन में आसमान साफ रहेगा। धूप भी खिली रहेगी। अधिकतम तापमान 21 डिग्री रह सकता है। उधर तेज हवाओं के असर से बृहस्पतिवार को भी दिल्ली वासियों को प्रदूषित हवा से मिली राहत बनी रही। सुबह 9 बजे दिल्ली का एक्यूआई 162 दर्ज किया गया जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है।

**गाजियाबाद : सुबह धूप खिली, शाम को छाए बादल**
लगातार दूसरे दिन बुधवार को सुबह सवेरे से धूप खिली रही। जिससे लोगों को सर्दी से राहत रही। शाम को बादल घिर आए और बूंदाबांदी भी हुई। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो धूप रहेगी, लेकिन आसमान में हल्के बादल मंडराते रहेंगे। दो दिन लगातार बूंदाबांदी एवं वर्षा होने के बाद रविवार को आसमान में बादल मंडराते रहे थे। जिससे सर्दी ज्यादा महसूस हुई थी। मंगलवार के बाद बुधवार को भी दूसरे दिन लगातार सुबह सवेरे से ही धूप खिली तो लोगों को सर्दी से राहत मिली। पार्कों में एवं घरों की छत पर लोग धूप सेकते दिखे। शाम को फिर से मौसम बदल गया। बादल घिर आए और हल्की बूंदाबांदी भी हुई। न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा अधिकतम 12 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चली। वातावरण में आर्द्रता 59 प्रतिशत दर्ज की गई।

**आसमान में मंडराते रहेंगे हल्के बादल:** मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिन धूप खिली रह सकती है, लेकिन आसमान में हल्के बादल मंडराते रहेंगे। तापमान में एक दो डिग्री सेल्सियस बढोतरी आ सकती है।


बृहस्पतिवार को न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रहा।

वातावरण में आर्द्रता 54 प्रतिशत रहेगी और हवा अधिकतम 12 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चली।

# रेलवे स्टेशन पर पुलिसवाले की कटी जेब, पकड़ा गया झपटमार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन में झपटमारी की वारदातें कर रहे झपटमार को पकड़ने के लिए पुलिस को अपनी जेब कटवानी पड़ गई। जेब काटकर जब आरोपित भागने की फिराक में था तो सादे कपड़ों में तैनात रेलवे पुलिस जवान ने उस धर दबोचा। डीसीपी रेलवे केपीएस मल्होत्रा ने बताया कि आईटीबीपी में तैनात हवलदार टी सैमुअल ने सराय रोहिल्ला रलवे स्टेशन से मोबाइल झपटने की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि जब वे हिसार एक्सप्रेस में चढ़ रहे थे तो उन्हें ट्रेन में धकेलकर आरोपी मोबाइल छीनकर फरार हो गया था। फोन की लोकेशन ट्रैक करने पर स्टेशन दिखा रही थी। सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन के एसएचओ उपाध्याय बालाशंकरन के नेतृत्व में एचसी सुरजीत और सीटी प्रीतम की एक टीम का गठन किया गया। उन्होंने लालच में फंसाकर उसे गिरफ्तार करने की योजना बनाई। सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन के डेटा का विश्लेषण करने पर पाया गया कि यहां से पिछले दिनों में मोबाइल चोरी की कई वारदातें हुई हैं। इसके बाद एचसी सुरजीत और सीटी प्रीतम को सादे कपड़े पहनने का निर्देश दिया गया।

# यमुना में बढ़ी अमोनिया का मात्रा, पानी की सप्लाई बाधित



**समस्या**

**8 दिसंबर मध्य से ही वजीराबाद जलाशय में अमोनिया का स्तर बढ़ने की समस्या हो रही है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
यमुना में अमोनिया का स्तर बढ़ने से वजीराबाद जल शोधन संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) से जुड़े दिल्ली के कई क्षेत्र में जल आपूर्ति प्रभावित हो रही है। दिसंबर मध्य से ही वजीराबाद जलाशय में अमोनिया का स्तर बढ़ने की समस्या हो रही है। कुछ दिनों तक स्थिति ठीक रहने के बाद फिर से समस्या शुरू हो गई है। इस कारण वजीराबाद डब्ल्यूटीपी से उसकी क्षमता की तुलना में मात्र 50 प्रतिशत पानी मिल रहा है।

**3 पीपीएम तक पहुंच रहा यमुना में अमोनिया का स्तर:** अधिकारियों का कहना है कि पिछले तीन दिनों से वजीराबाद में यमुना में अमोनिया का स्तर 1.7 पीपीएम (पार्ट्स प्रति मिलियन) से 3 पीपीएम तक पहुंच रहा है। छह फरवरी की रात यह इससे भी ऊपर पहुंच गया। अमोनिया का स्तर 1 पीपीएम से अधिक पहुंचने के बाद परेशानी शुरू हो जाती है।

**आने वाले दिनों में बढ़ सकती है समस्या...:** अधिकारियों का कहना है कि हरियाणा से आने वाले डीडी-6 व डीडी-8 नाले की दीवारें क्षतिग्रस्त होने से गंदा पानी यमुना में गिर रहा है जिससे वजीराबाद में अमोनिया का स्तर बढ़ रहा है। प्लांट में पानी उत्पादन क्षमता आधा होने से मंगलवार से कई इलाकों में पानी की किल्लत है। आने वाले दिनों में यह समस्या और बढ़ भी सकती है। पिछले तीन दिनों से नई दिल्ली नगर पालिका परिषद, मध्य व उत्तरी दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली के कई क्षेत्र में है, लेकिन दिल्ली जल बोर्ड द्वारा इसकी कोई सार्वजनिक सूचना नहीं दी है।

# दिल्ली जल बोर्ड में घोटाला!

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
शराब के कथित घोटाले की जांच का सामना कर रही दिल्ली सरकार को लेकर ईडी ने एक और दावा किया गया है। ईडी ने आरोप लगाया कि दिल्ली जल बोर्ड अनुबंध में कथित भ्रष्टाचार से मिले रिश्वत का पैसा आम आदमी पार्टी के चुनावी फंड में दिया गया। जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि मंगलवार को इस मामले में की गई छापेमारी के दौरान 1.97 करोड़ रुपये के कीमती सामान और 4 लाख रुपये की विदेशी मुद्रा के अलावा आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य जब्त किए गए। बता दें कि ईडी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के निजी सचिव बिभव कुमार, आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद एनडी गुप्ता समेत कुछ अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी।

**जल बोर्ड के ठेके से मिली रिश्वत- ईडी:** ईडी ने कहा कि गिरफ्तार किए गए जल बोर्ड के पूर्व चीफ इंजीनियर जगदीश कुमार अरोड़ा ने एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी को डीजेबी का ठेका देने के बाद नकद और बैंक खातों में रिश्वत प्राप्त की थी। उन्होंने इस पैसे को प्रबंधन करने वाले विभिन्न व्यक्तियों को दिया था। दिल्ली जल बोर्ड के मामलों में आप से जुड़े लोग भी शामिल हैं। साथ ही ईडी ने दिल्ली जल बोर्ड के कथित भ्रष्टाचार को लेकर दावा किया कि रिश्वत की रकम आप को चुनावी फंड के तौर पर भी दी गई।

# इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन विश्व का सबसे बड़ा नेचुरोपैथी संगठन बना



**टीम एक्शन इंडिया/दिल्ली**
राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आम-जनता में नेचुरोपैथी का प्रचार-प्रसार व समग्र विकास हेतु 25 वर्षों से समर्पित इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आगेर्नाइजेशन को
Biggest Naturopathy Oranization in the World
अवार्ड से वियतनाम की आर्थिक राजधनी हो चि मिह्न शहर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में सम्मानित किया गया।
वियतनाम बुक आफ रिकॉर्ड्स के 20वें वार्षिक समारोह के अवसर पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में इण्डिया बुक आफ रिकॉर्डस व वर्ल्ड रिकार्ड्स यूनियन द्वारा वियतनाम में माननीय मंत्राी तथा इण्डो-वियतनाम मेडिकल बोर्ड के निदेशक डॉ. बिश्वरूप रॉय चैध्री द्वारा सूर्या पफाउण्डेशन के वाइस चेयरमैन तथा इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आगेर्नाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अंनत बिरादार को मेडल व प्रमाण-पत्रा देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मेलन में साहित्य, शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्रा में विशेष योगदान दे रहे 10 देशों के लगभग 700 प्रतिनिध्यिों ने भाग लिया। इस अवसर पर हिंदी भाषा में विशेष योगदान हेतु माननीय राज्यसभा सांसद श्री रामचंद्र जाँगड़ा व 195 देशों के राष्ट्रगान कंठस्थ करने पर पुणे के 12 वर्षीय मास्टर जयेश को भी सम्मानित किया गया। इसके पूर्व भी INO को सन् 2018 में सामूहिक मिट्टी स्नान के लिए एशिया बुक आफ रिकार्डस से सम्मानित किया जा चुका है। सूर्या फाउण्डेशन व INO के संस्थापक चेयरमैन पदमश्री जयप्रकाश जी के प्रेरणादायक व कुशल मार्गदर्शन में प्राकृतिक चिकित्सा योग (आयुष) को विभिन्न कार्यक्रमों, शिविरों व अभियानों के माध्यम से भारत के 32 राज्यों (केन्द्रशासित प्रदेशों सहित), लगभग 500 जिलों तथा अमेरिका, चीन, कनाडा, वियतनाम, मॉरिशस, यूक्रेन, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, नेपाल, फीलीपिन्स व अन्य देशों में तीन दशकों से सफलतापूर्वक आगे बढ़ा रहे हैं। पदमश्री जयप्रकाश जी ने स्वयं प्राकृतिक चिकित्सा को अपने जीवन में अपनाया व प्रयोग किया है। वह चाहते हैं कि इस सरल व सस्ती स्वदेशी चिकित्सा प( ति का ज्ञान और लाभ देश के हर नागरिक को मिले। उन्होंने नेचुरोपैथी के प्रति जन-सामान्य को जोड़ने, शासकीय ध्यान आकर्षण करने हेतु तथा इसके समग्र विकास प्रचार-प्रसार व संवधर्न हेतु इसे जन आन्दोलन बनाने के लिए 20 दिन तक केवल जलाहार कर दिल्ली में गाँधी समाधि राजघाट पर सन् 2003 में ह्यह्यभारत जगाओ- सत्याग्रहव्व आन्दोलन किया था। जिसके परिणाम स्वरुप केंद्र सरकार द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा के विकास हेतु अनेक रचनात्मक योजनाओं की घोषणा हुई तथा मोदी सरकार ने तो 9 नवंबर, 2014 को स्वतंत्र आयुष मंत्रालय का गठन किया है। वर्तमान समय में INO एवं सूर्या फाउण्डेशन द्वारा विद्यार्थियों व सामान्य जनता (आयु वर्ग 12 वर्ष से 60 वर्ष तक) में नेचुरोपैथी-योग के जन जागृति हेतु ह्यकौन बनेगा स्वास्थ्य रक्षक (डइरफ) अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें 75 लाख लोगों की सहभागिता का लक्ष्य रखा गया है। वर्ष 2012 में बैंगलूरू में प्राकृतिक चिकित्सा पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन किया जिसमें 5000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। वर्ष 2018 अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विश्व के 73 लाख लोगों को योगाभ्यास कराने का कीतीर्मान स्थापित किया। इसके अतिरिक्त डॉक्टर्स मैनेजमेंट ट्रेनिंग कैम्प, संगोष्ठी, सम्मेलन, शिविर, योग-प्राकृतिक चिकित्सा दिवस, नेचर क्योर वर्ल्ड त्रौमासिक पत्रिका का प्रकाशन एवं केंद्र व राज्य सरकारों के साथ समन्वय आदि क्ठड के प्रमुख कार्यक्रम हैं। संगठन की स्थापना से लेकर आज तक प्राकृतिक चिकित्सा-योग के समग्र विकास एवं प्रचार-प्रसार हेतु आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से अनेक रचनात्मक कार्य किये हैं जिसमें नेशनल आयुष मिशन का गठन, प्राकृतिक चिकित्सा दिवस की घोषणा, नेशनल बोर्ड फॉर प्रमोशन एण्ड डेवलपमेंट आफ नेचुरोपैथी बोर्ड नेचुरोपैथी टॉस्क फोर्स एवं मंत्रालय के अंतर्गत संचालित स्वाशासित संस्थाए केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधन परिषद् व राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान को सशक्त( करना आदि है।
हमारे परिवार व देश का स्वास्थ्य बजट घटेगा, साथ ही नेचुरोपैथी-योग से व्यक्ति स्वस्थ रहकर, परिवार व समाज के अन्य लोगों को प्रभावित कर सकता है।

# श्री रामलला के दर्शन करने रवाना हुआ कारसेवकों का जत्था

## कुंडली में नगरपालिका चेयरपर्सन शिमला देवी, पार्षद निरंजन मास्टर, प्रवीण खत्री आदि के नेतृत्व में फूल बरसाकर राम भक्तों को अयोध्या के लिए रवाना किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

सोनीपत शहर व आसपास के क्षेत्र के 50 से ज्यादा कार सेवकों का जत्था बृहस्पतिवार दोपहर श्री रामलला के दर्शन करने अयोध्या के लिए रवाना हुआ। कुंडली में नगरपालिका चेयरपर्सन शिमला देवी, पार्षद निरंजन मास्टर, प्रवीण खत्री आदि के नेतृत्व में फूल बरसाकर राम भक्तों को अयोध्या के लिए रवाना किया गया । इस जत्थे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह अमरचंद, मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन, ललित राई के साथ-साथ साल 1992 में अयोध्या में कार सेवा करने वाले कई कार सेवक व संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हैं ।

इस मौके पर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण से लोगों की लगभग 500 वर्षों की प्रतीक्षा खत्म हुई है और पूरे देश का वातावरण राममयी हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वयं



भगवान राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के लिए 11 दिन तक कठिन व्रत किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की बदौलत ही राम भक्तों की इच्छा पूर्ण हो पाई है। उन्होंने कहा कि श्रीराम मंदिर न केवल राम भक्तों की आस्था का केंद्र है , बल्कि राष्ट्र निर्माण का मंदिर है। इस अवसर पर नपा पार्षद निरंजन मास्टर ने कहा कि अशोक सिंघल और लाल कृष्ण आडवाणी जैसे महान नायकों की तपस्या को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंजिल तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भगवान राम का नाम

**राम भक्त**

**8 रामलला अयोध्या में बाल स्वरूप में बिराजे हैं अर्थात देश के सभी बच्चों को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जैसे होने की जरूरत है**

सुनते ही हमें गर्व महसूस होता है । हमारे रामलला अयोध्या में बाल स्वरूप में बिराजे हैं अर्थात देश के सभी बच्चों को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जैसे होने की जरूरत है। इस मौके पर कुंडली में बांके बिहारी सनातन सेवा समिति व पूर्वांचल सेवा समिति के सदस्य, नगर पालिका चेयरपर्सन शिमला देवी, पार्षद निरंजन मास्टर, प्रवीन खत्री, प्रदीप जयंत, लक्ष्मण, नरेश खत्री, परवाज , नितीन कौशिक विक्रम और गौ सेवक दल से रवि, सिद्धार्थ, पप्पू, छोटू, गुड्डू, प्रभुनाथ, कुन्दन तथा सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

**न्यूज फ्लैश**

## प्रसिद्ध समाजसेवी आर.डी गोयल ने रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र को दिया आर्थिक योगदान


**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**स्वतंत्रता सेनानी परिवार के प्रथम उतराधिकारी एवं प्रसिद्ध समाजसेवी आरडी गोयल ने रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र के कोषाध्यक्ष एवं अंकेक्षक नरेश सैनी को आर्थिक योगदान दिया। कोषाध्यक्ष नरेश सैनी ने रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र की ओर से समाजसेवी आर .डी गोयल का आभार जताया। उन्होंने बताया कि आर .डी गोयल हर माह रोटी बैंक में अपनी सेवाएं देते रहते है। संस्था प्रतिदिन 300 से अधिक लोगों को निशुल्क भोजन उपलब्ध करा रही है। आर .डी गोयल ने कहा कि समजासेवा से बड़ी कोई सेवा नही है। रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि रोटी बैंक के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष श्रीकांत जाधव भारतीय पुलिस सेवा साहब के दिशानिदेर्शों एवं मार्गदर्शन में रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र जरूरतमंद लोगों को भोजन परोस रही है। कुरुक्षेत्र रोटी बैंक शाखा वर्ष 2018 में अस्तित्व में आई। 16 मई 2018 से रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र निरंतर और नियमित जरूरतमंद लोगों के घर तक जाकर भोजन पहुंचा रही है। डॉ. वर्मा ने बताया कि रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र के साथ न केवल पुलिस के लोग जुड़े हैं अपितु भारत के विभिन्न कोनों से गणमान्य और सेवाभावी लोग जुड़े हुए हैं जो नि:स्वार्थ भाव से अन्न धन का योगदान करते हैं। रोटी बैंक ऐसे लोगों तक भोजन पहुंचा रही है जो वास्तव में जरूरतमंद हैं।



## संघर्ष मोर्चा की मांग पर नगरपालिका ने श्री तारा एन्कलेव कालोनी से डोर टू डोर कूड़ा उठाने का कार्य शुरू किया

**समालखा 8 फरवरी ( कुलदीप सिंह )**

पिछले सात दिन से कूड़ा व गंदगी की समस्या झेल रहे श्री तारा एनकलेव कालोनी वासियों को कूड़े की समस्या से निजात मिली है । नगरपालिका ने संघर्ष मोर्चा द्वारा बुधवार को दिये मांग पत्र पर तत्काल कारवाई करते हुए आज ट्रेक्टर ट्राली भेज कर कालोनी से घरेलू कूड़ा डोर टू डोर उठाये जाने का कार्य शुरू कर दिया । इससे सैंकड़ों कालोनी वासियों ने राहत की साँस ली और संघर्ष मोर्चा संयोजक पीपी कपूर का आभार व्यक्त किया । समालखा बचाओ संघर्ष मोर्चा संयोजक कॉमरेड पीपी कपूर ने बताया कि पिछले सात दिन से कालोनी वासी नर्क से बदतर जीवन व्यतीत करने को मजबूर थे । क्योंकि कूड़ा उठाने का कार्य अचानक बंद होने से कालोनी की सड़कों गलियों पर चारों ओर गंदगी और घरेलू कूड़ा बिखरा पड़ा था । भीषण दुर्गंध से लोगों का सांस लेना दूभर हो चुका था । कपूर ने पालिका अधिकारियो को ज्ञापन द्वारा बताया कि सरकार ने श्री तारा एनकलेव कालोनी को करीब छ महीने पहले 22 अगस्त 2023 को गजट नोटिफिकेशन जारी कर अप्रूव किया था । इतना ही नही गत 16 नवंबर 2023 को पालिका सीमा विस्तार के ड्राफ्ट नोटिफिकेशन के अनुसार भी इस कालोनी को पालिका सीमा में शामिल किया था ।लेकिन सरकार ये घोषणाएं करके विकास करना भूल गई । नगर पालिका ने इस कालोनी की कभी कोई सुध तक नहीं ली । कोई विकास कार्य कराना तो दूर रहा, यहाँ डोर टू डोर कूड़ा उठाने की कोई व्यवस्था भी आज तक नगर पालिका नहीं कर पाई । ना ही यहाँ कभी कोई सफाई कर्मी नगरपालिका ने भेजा । कालोनी वासी वर्षो से चंदा इकठा करके निजी स्तर पर कूड़ा उठवा रहे थे और निजी सफाई कर्मियों से सफाई करवा रहे थे । लेकिन पिछले सात दिन से ये निजि सफाई व्यवस्था ठप्प होने से कालोनी मे गंदगी के ढेर चारों ओर लग गये , बिमारी फैलने का खतरा खड़ा हो गया। कालोनी वासियों की इस भारी परेशानी को देखकर संघर्ष मोर्चा ने
पालिका अधिकारियों से कालोनी से तुरंत डोर टू डोर कूड़ा उठवाने व सफाई कर्मी भेज कर सफाई व्यवस्था कराने की मांग की है ।
कपूर ने बताया कि मांग पत्र का संज्ञान लेते हुए नगरपालिका के सफाई निरीक्षक विकास नरवाल ने आज ट्रेक्टर ट्राली भिजवा कर कूड़ा उठवाने का कार्य शुरू करवा दिया । इससे सभी कालोनी वासी खुश हैं ।



## आईबी पीजी महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने पदक जीता



**पानीपत/कमाल हुसैन**

आईबी पीजी महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में पदक जीतकर महाविद्यालय का मान बढ़ाया है। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा प्रभारी डॉ.राजेश कुमार ने बताया कि इंटर कॉलेज वुशू प्रतियोगिता का आयोजन कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में हुआ था। जिसमें महाविद्यालय की वुशू टीम ने भाग लिया तथा लडकों के 65 किलोग्राम भार वर्ग में बीए प्रथम वर्ष के छात्र सौरब ने रजत पदक प्राप्त किया। डॉ. राजेश ने बताया कि सौरब अभ यूनिवर्सिटी की तरफ से लगने वाले कैंप में भी हिस्सा लेगा। वहीं महाविद्यालय लौटने पर विजेता छात्र को प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग तथा उप प्राचार्या प्रो.रंजना शर्मा ने सम्मानित किया व बधाई दी।

## वैज्ञानिक दृष्टिकोण का होना बेहद जरूरी: राजपाल

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

भारतीय संसाधन एवं विकास संघ इरादा के तत्वधान में राष्ट्रीय विज्ञान एवम प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवम प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, के सौजन्य से अम्बाला जिले के विभिन्न गांवों में सवेरा (लोक कला के माध्यम से विज्ञान का प्रसार) कार्यक्रम चलाया जा रहा है इस कार्यक्रम को लेकर इरादा की टीम अम्बाला जिले के जैतपुराऔर जडली गांव में पहुंची। उनकी टीम के कलाकारों ने वहां पर स्वच्छ भारत तथा जल बचाओ पर आधारित नाटक और गीत प्रतिभागियों के सामने प्रस्तुत किये। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से टीम ने



वैज्ञानिक चेतना का प्रसार किया। जिसके उपरांत लोगो को स्वच्छता और पानी बचाने को लेकर शपथ दिलाई गई। संस्था के सचिव ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जन-जन तक विज्ञान का लोकप्रिय करण करना है जिससे लोग जागरूक होंगे। विज्ञान आज के समय में जीवन का आधार है इसलिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण का होना बेहद जरूरी है। लोक कला के माध्यम से अपनी बात समझाना

**प्रसार**

**8 लोक कला के माध्यम से अपनी बात समझाना बेहद ही सरल है इसलिए विज्ञान का प्रसार किया जा रहा**

बेहद ही सरल है इसलिए लोक कला के माध्यम से विज्ञान का प्रसार किया जा रहा है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत से सरपंच तथा पंच और ग्रामीण मौजुद रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम में दीपक मुदगिल, प्रतीक सैनी आंगनवाड़ी वर्कर्स, अमर पुनिया ब्लॉक कोर्डिनेटर अंबाला-1 कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## सरकार की लगातार हठधर्मिता सामने आ रही है: दिलावर सिंह

**पानीपत/कमाल हुसैन**

पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन 3 जनवरी से सांकेतिक हड़ताल पर है। इनकी मांगे अभी तक पूरी नहीं हुई है। पानीपत जिला सचिव दिलावर सिंह ने मंच संचालन करते हुए बताया कि पटवारी लगातार सांकेतिक धरना 3 जनवरी से दे रहे हैं। 32100 पे स्केल दिया थ अभी तक इस पे ग्रेड को 2016 से लागू नहीं किया है। यूनियन की पे ग्रेड क्या अतिरिक्त पटवारी की भर्ती की मांग बिल्कुल जायज है । इन सभी मांगों का समर्थन आम जन भी धरने पर आकर किया है । इसके अतिरिक्त सरपंच संगठन व नंबरदार एसोसिएशन ने भी पटवारी की मांगों का समर्थन



किया है । मीडिया प्रभारी सुधांशु ने बताया कि सरकार के लगातार अनदेखी से जनता बहुत परेशान हो रही है। यदि सरकार चाहती तो जनता की जनता को यह परेशानी आने ही नहीं थी क्योंकि पटवारी तो जनता और प्रशासन के बीच की एक अहम कड़ी है लेकिन लगातार अपनी मांगों की अनदेखी होते देख पटवारी ने पटवारी की यूनियन सांकेतिक धरना धरने के सिवाय और कोई रास्ता दिखाई नहीं दिया। सरकार से तीन दौर की वार्ता हुई जिसमें आखिरी वार्ता में कुछ सकारात्मक दिखाई दी । इसके अतिरिक्त 8 फरवरी को रोहतक में रेवेन्यू पटवार एवं कानून का संगठन ने दुष्यंत चौटाला जो कि हमारे रेवेन्यू मिनिस्टर भी हैं और उपमुख्यमंत्री भी हैं उनके आवास का सिरसा में घेराव करने का निर्णय लिया था जो कि आज सरकार सरकार के साथ सकारात्मक बातचीत होने के कारण कुछ समय के लिए स्थगित किया गया है ।किंतु सरकार के साथ वातार्लाप का अंतिम परिणाम अभी तक नहीं आया । अभी तक मांगों पर पूर्ण सहमति नहीं बनी ।मीडिया प्रभारी सुधांशु ने कहा की सरकार ने हमें धरने पर बैठने को मजबूर कर देती है। हम सब काम करने पर राजी है लेकिन सरकार हमारी जायज मांगों को न मान कर धरने पर बैठने पर मजबूर कर रही है ।उन्होंने कहा कि जब तक सरकार जायज मांगों को नही मान लेती धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। जिला प्रधान मुकेश पटवारी ने बताया कि यदि सरकार के साथ हमारी मांगों पर सहमति नहीं बनती तो यह सांकेतिक धरना ऐसे ही राज्य कार्य करने के आह्वान पर जारी रहेगा । इस धरना स्थल पर संदीप पटवारी ,सुरेंद्र वर्मा पटवारी विजेंद्र शर्मा पटवारी मनीष पटवारी जितेंद्र पटवारी सुधांशु पटवारी ,इरफान अली , बिजेंद्र कौशिक,बलबीर सिंह, सुरेंद्र सिंह सादर कानूनगो इंतजार पटवारी जोगिंदर, सुनील राकेश ,कुलदीप हुड्डा संदीप आदि पटवारी मौजूद रहे ।

## दो दुकानों के शटर उखाड़ कर नकदी व सामान चुराया

**गन्नौर।** पटेल नगर अनाज मंडी के सामने दो दुकानों के शटर उखाड़ कर चोर हजारों रुपये की नकदी व सामान चोरी कर ले गए। दुकान संचालक ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में हरिनगर गांव के गोविंद ने बताया कि उसकी पटेल नगर अनाज मंडी के सामने किराना की दुकान है। गुरुवार की सुबह उसे चौकीदार से दुकान में चोरी होने की सूचना मिली। जब वह मौके पर पहुंचा तो उसकी दुकान का शटर टूटा था और दुकान के गल्ले से करीब 2500 रुपये, सिगरेट के पैकेट, देशी घी के तीन डिब्बे, बादाम गिरी चोरी हुए मिले।

## युवा साथी नशे से दूर रहे: मिहा सिंह

**प्रभात फेरी**

**8 आज हम संकल्प लें कि युवा साथी नशे से दूर रहें और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें: समाजसेवी मिहा सिंह रंगा**

**टीम एक्शन इण्डिया,/ कुरुक्षेत्र/ शाहबाद (दलबीर मलिक)**

शाहाबाद स्टेशन माजरी में कमेटी द्वारा आयोजित प्रभात फेरी का भाई विशाल के परिवार द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित स्वीटी रंगा नलवी ,समाजसेवी मिहा सिंह रंगा कलसाना ने हाजरी लगाई । स्वीटी रंगा ने कहा कि गुरुओं के दिखाई



मार्ग पर चलें और समाज सेवा में अहम भूमिका निभाएं। स्वीटी रंगा ने कहा कि बेटियों की शिक्षा के लिए अधिक से अधिक प्रयास करें। जिन बेटियों के परिवार में आर्थिक अभाव है उन बेटियों को अधिक से अधिक बढ़ाने में सहयोग करें ताकि वह बेटियां भी पढ़ लिखकर अपना भविष्य बना सकें।

समाजसेवी मिहा सिंह रंगा ने कहा कि आज हम संकल्प लें कि युवा साथी नशे से दूर रहें और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें ।खेलों में और पढ़ाई में अधिक रुचि लेकर अपना भविष्य बनाएं।

## शताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आए बुजुर्ग की मौत

**गन्नौर।** बीएसटी आरओबी के पास गुरुवार की दोपहर रेलवे ट्रैक पार करते समय एक 70 वर्षीय बुजुर्ग शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया। इस हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मृतक की पहचान के प्रयास किए। मृतक की पहचान जफरपुर गांव के रहने वाले रामचंद्र के रूप में हुई। जीआरपी चौकी प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि रामचंद्र गन्नौर शहर में किसी काम से आया था। रेलवे लाइन क्रास करते समय वह ट्रेन की चपेट में आ गया। जीआरपी ने शव को देवा संस्था की एंबुलेंस की मदद से पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया है।

## 'अब जनता झूठे वायदे करने वाले नेताओं की बातों में नहीं आएगी'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ लाडवा (दलबीर मलिक)**

समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने कहा कि अब लाडवा हल्के की जनता झूठे व लुभावने वायदे व चुनावों के समय में वोट मांगने वाले नेताओं की बातों में नहीं आएगी, क्योंकि अब जनता ऐसे नेताओं को परख व देख चुकी है कि यह केवल चुनावों में नजर आते हैं, उसके बाद दिखते तक नहीं। समाजसेवी संदीप गर्ग गुरूवार को लाडवा अनाजमंडी स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लाडवा हल्के को अब तक तीन विधायक मिले, परंतु हल्का का दुर्भाग्य रहा कि तीनों में से एक भी विधायक ने हल्के की



जनता के कार्यो की ओर ध्यान नहीं दिया, केवल चुनावों के समय में वोट मांगना व झूठे वायदे तक जनता को गुमराह करना नेताओं का काम रह गया है। उन्होंने कहा कि अगर कोई नेता जनता के कार्य करता तो उसको बदलने की आवश्यकता ही क्यों पड़ती, जब चुनाव आते हैं तब सभी नेता जनता के बीच में दिखाई देते हैं और वोट लेने के बाद पूरे पांच साल दिखते तक नहीं, ऐसे नेताओं को अब जनता समझ चुकी है और विधानसभा चुनावों का इंतजार कर रही है, जनता इन नेताओं से वोट की चोट से बदला लेगी। उन्होंने कहा कि मैनें हमेशा लाडवा हल्के को अपना परिवार माना है और मेरी प्राथमिकता हमेशा अपने परिवार के कार्य को करवाने की रही है, क्योंकि अगर हम सक्षम है तो हमें जनता के कार्य को करना चाहिए न कि उन्हें परेशान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनावों में ऐसे प्रत्याशी को वोट दें जो लोगों के बीच रहा हो और आगे भी लोगों के बीच रहकर उनके काम को करवा सकें। मौके पर सरदार प्यारा सिंह, लवली, महेश गर्ग, मनीष गुप्ता आदि मौजूद थे।

## सेवा ट्रस्ट यूके ने एसएमसी की सक्रिय महिलाओं को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था सेवा ट्रस्ट यू.के भारत द्वारा आज राजकीय आदर्श संस्कृति प्राथमिक विद्यालय धूलगढ गुलडेहरा मे विद्यालय प्रबन्धन समिति की सक्रिय महिला सदस्यों को सम्मानित कर अपना सामाजिक दायित्व निभाया। विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोऑर्डिनेटर व मुख्याध्यापक पवन मित्तल द्वारा की गई। पवन मित्तल ने अपने संबोधन में बताया कि संस्था द्वारा समस्त प्रांत में महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत महिलाओं



को सम्मानित करने का लक्ष्य निर्धारित किया ,जिससे महिलाओं को आत्मनिर्भर समानता ,सम्मान के अधिकार बोध का व अपने बच्चों की पढ़ाई के प्रति अपनी जिम्मेदारी का अनुभव करवाया जा सके। कुरूक्षेत्र के भी विभिन्न गांवो मे हर रोज यह कार्यक्रम कर महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा । सीमा शर्मा ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस कड़ी में अब तक संस्था द्वारा स्कूली छात्रों ,वृद्धाश्रम, स्लम एरिया के लोगों ,आशा वर्कर्स, स्वास्थ्य, सफाई कर्मी व खिलाड़ी आदि के लिए 900 सम्मान समारोह आयोजित कर लगभग तीन लाख लोगों को अपनी सह प्रयोजक डाबर कंपनी के सौजन्य से बूस्टर किट वितरित की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त ई लर्निंग कार्यक्रम के अधीन इस सेवा से 10,000 लोग लाभान्वित हो चुके हैं। इसी प्रकार से उषा इंटरनेशनल के सहयोग से संस्था द्वारा 65 सिलाई केंद्रो की स्थापना कर हजारों महिलाओं के सशक्तिकरण एवं स्वालंबन कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है ।संस्था ने करोना काल के संकट काल में की गई सेवा योजना का क्रम निरंतर जारी रखते हुए कन्याओं, विधवाओं, सफाई कर्मियों,वरिष्ठ नागरिकों तथा स्वयं सहायता समूहों को जूस, शैंपू ,शहद, गुलकोज पेस्ट आदि स्वास्थ्यवर्धक एवं दैनिक जीवनोपयोगी विभिन्न प्रकार की सामग्री वितरित कर उनके स्वास्थ्य एवं जीवन को सरल ,सुगम व सशक्त बनाने का प्रयास जारी रखा है। आज भी सभी महिलाओं को डाबर गिफ्ट पैक देकर सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर अर्चना, मनीष शर्मा, अनिल कुमार, कृष्ण, अशोक कुमार, नीरज, मनीषा, पूनम, नीतू, राज, सहित भारी संख्या में अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## विनोद कुमार शुक्ल और एम टी वासुदेवन नायर को 'आकाशदीप'

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

लेखन और जीवन के समग्र अवदान के लिए इस वर्ष अमर उजाला का सर्वोच्च शब्द सम्मान 'आकाशदीप'-हिंदी में प्रख्यात रचनाकार विनोद कुमार शुक्ल और हिंदीतर भाषाओं में मलयालम के विख्यात लेखक -फिल्म निर्देशक एम टी वासुदेवन नायर को दिया जाएगा। 9 अगस्त 1933 को केरल में जन्मे एम टी वासुदेवन नायर को मलयालम के आधुनिक कला-साहित्य में में अप्रतिम योगदान के लिए चुना गया है और 1 जनवरी 1937 को राजनाँदगाँव में जन्मे विनोद कुमार शुक्ल को हिंदी लेखन क्षेत्र में अद्वितीय अवदान के लिए यह सम्मान अर्पित होगा । आकाशदीप के अंतर्गत हिंदी के साथ अब तक कन्नड़,मराठी,बांग्ला तथा उड़िया को लिया जा चुका है, इस वर्ष मलयालम को चुना गया है। अमर उजाला के समूह सलाहकार और शब्द सम्मान के संयोजक यशवंत व्यास ने बताया कि भारतीय भाषाओं के सामूहिक स्वप्न की पृष्ठभूमि में अमर उजाला फाउंडेशन ने 2018 में शब्द सम्मान की स्थापना की थी । सर्वोच्च 'आकाशदीप' अलंकरण हिंदी और अन्य भारतीय भाषा के एक-एक साहित्य मनीषी को अर्पित किया जाता है। अलंकरण में पांच-पांच लाख रुपये की राशि, प्रशस्ति पत्र और प्रतीक के रूप में गंगा प्रतिमा सम्मिलित हैं। इसके साथ ही वर्ष की श्रेष्ठ कृतियों को भी सम्मानित किया जाता है जिसमें भाषाओं के बीच सहभागिता को रेखांकित करने के लिए अनुवाद का भाषाबंधु सम्मान भी सम्मिलित है।

अमरउजाला शब्द सम्मान-23 तहत वर्ष 2022 में प्रकाशित श्रेष्ठ हिंदी कृतियों के लिए शब्द सम्मान की भी घोषणा कर दी गई है। 'छाप' श्रेणी में कविता वर्ग में कुमार अम्बुज के संग्रह 'उपशीर्षक 'को श्रेष्ठ कृति के रूप में चुना गया है।

# नरेला में सती चरित्र व ध्रुव चरित्र की कथा सुन भावविभोर हुए भक्त






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
बाहरी दिल्ली के नरेला में समस्त नरेला मंडल की ओर से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। नरेला के रेलवे रोड़ स्थित नंदीमल धर्मशाला में आयोजित हो रही इस कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।।

**कथा का दूसरा दिनः कपिल देवहुति संवाद, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र रहे मुख्य प्रसंग**
कथा के दूसरे दिन वीरवार को श्रीधाम वृंदावन से पधारे प्रख्यात कथा वाचक श्री कृष्ण स्वामी महामंडलेश्वर ने व्यास पीठ से कपिल देवहुति संवाद, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र की कथा का प्रसंग बहुत ही मनमोहक अंदाज में प्रस्तुत किया। बीच-बीच में कई बार ऐसे भी पल आए जब श्रोता भावविभोर हो उठे। ध्रुव चरित्र में भगवान भक्त की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान ने भगत को अटल पदवी देने का निर्णय किया। कथा के दौरान कृष्ण स्वामी जी ने कई सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। उन्होंने माता सती की कथा को विस्तार से बताते हुए कहा कि माता सती के पिता दक्ष ने एक विशाल यज्ञ किया। उसमें भगवान शिव की अनुमति लिए बिना उमा अपने पिता दक्ष के यहां आयोजित यज्ञ में पहुंच गई। यज्ञ में भगवान शिव को निमंत्रण नहीं दिए जाने से कुपित होकर सती ने यज्ञ कुंड में आहुति देकर शरीर त्याग दिया। इससे नाराज शिव के शिव के गणों ने राजा दक्ष का यज्ञ विध्वंस कर दिया। इसलिए जहां सम्मान न मिले वहां कदापि नहीं जाना चाहिए। ध्रुव कथा प्रसंग में उन्होंने बताया कि सौतेली मां से अपमानित होकर बालक ध्रुव कठोर तपस्या के लिए जंगल को चल पड़े। बारिश, आंधी तूफान के बावजूद तपस्या से न डिगने पर भगवान प्रकट हुए और उन्हें अटल पदवी प्रदान की। कथा दौरान महिलाओं और धर्म प्रेमी लोगों ने भजनों पर नृत्य भी किया। कथा उपरांत आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। कथा में सुनीता गुप्ता, सुनीता मंगलला, संतोष, मनीषा, नेहा गोयल, पुष्प लता शर्मा ,मोहित गुप्ता, महावीर गुप्ता जोगिंदर दहिया, सरदार राजेंद्र सिंह शाहिद सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



# वजीरपुरः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की तस्वीर बदलीः उमाकांत शर्मा

## भारतीय जनता पार्टी ने जो कहा, वह करके दिखायाः शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा** के मंडल अध्यक्ष उमाकांत शर्मा ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है, आज जो आप देश में विकास की लहर देख रहे है, उसका श्रेय केवल भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है, जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह एक भी पूरे नहीं हुए है, जिसके चलते दिल्ली की जनता को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में सीवर का बुरा हाल है, जेजे कॉलोनी में अधिकतर सीवर ओवर फ्लो हो रहे है, लेकिन उनकी सुध लेकर ठीक करवाने वाला कोई नहीं है। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने आगे बताया कि वैसे तो आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है, लेकिन जनता को पानी बाजार से महंगे दामों पर खरीद कर पीना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है।

# बढ़ती महंगाई पर लगाम लगाये सरकारः भारत सिंह



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**भाजपा** के राज में आज रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाली वस्तुओं के दाम आसमान को छू रहे है, जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है, लेकिन सरकार महंगाई कम करने की ओर तनिक भी ध्यान नहीं दे रही है। जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है। उक्त बातें कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष भारत सिंह राघव ने कही। श्री राघव ने बताया कि साल में कई बार तो दूध के दाम बढ़ाये गये है व कई अन्य चीजों के दाम भी बढ़ाये गये है। जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम जहां पर भी जा रहे है, हमें जनता का अच्छा रिस्पोंस मिल रहा है और जनता कांग्रेस को फिर से शासन में देखना चाहती है।

# जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है उसे सफलता अवश्य प्राप्त होती हैः प्रजापति



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**हमारे** जीवन में पेड़-पौधों का विशेष महत्व है। इसलिए सभी को पौधारोपण करना चाहिए। पेड़-पौधों से जहां हमें ऑक्सीजन प्राप्त होती है वहीं इससे क्षेत्र में हरियाली भी बनी रहती है, इसलिए सभी पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। उक्त बातें समाजसेवी और राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ दिल्ली प्रदेश युवा अध्यक्ष राहुल प्रजापति ने कही।

श्री प्रजापति ने आगे कहा कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर एक पौधा अवश्य ही लगना चाहिए और उस पौधे की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करनी चाहिए जिस प्रकार से हम अपने बच्चों की रक्षा करते है। उन्होंने आगे कहा कि पौधारोपण करना केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की जिम्मेवारी है, हम अधिक से अधिक पौधे लगाये। एक अन्य सवाल के जवाब में श्री प्रजापति ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद लोगों की सहायता करनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि गरीबों व असहायों की मदद करना पुण्य का कार्य होता है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी गरीबों की मदद करें।

उन्होंने आगे बताया कि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है, इसलिए सभी सत्य की राह पर चले और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें। सत्य की राह कठिन अवश्य ही होती है, लेकिन जो व्यक्ति इस राह पर चलता है, उसे एकदिन सफलता अवश्य ही प्राप्त होती है।

# समिति ने किया साइबर थाना अध्यक्ष का स्वागत





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
चैतन्य अभिजीत ने रोहिणी जिले में साइबर एसएचओ का पदभार संभाला। इस मौके पर भोजपुरी सेवा समिति के अध्यक्ष मनोज सिंह अपने पदाधिकारियों के साथ रोहिणी साइबर थाना पहुंचे और साइबर एसएचओ चैतन्य अभिजीत का फूलों का गुलदस्ता भेंट किया तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस शुभ अवसर पर भोजपुरी सेवा समिति के अध्यक्ष मनोज सिंह के अलावा उपाध्यक्ष जयकरण सिंह, महासचिव अरविंद पांडे, सचिव कन्हैया कुमार, सचिव रामधनी, सचिव संजीत कुमार तथा मीडिया प्रभारी श्याम कुमार बघेल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर भोजपुरी सेवा समिति के अध्यक्ष मनोज सिंह ने एसएचओ को भोजपुरी सेवा समिति के द्वारा किये जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी और बताया कि किस प्रकार से भोजपुरी सेवा समिति ने कोविड के दौरान लोगों की मदद की और समिति हमेशा ही जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता के लिए आगे रहती है।
इस मौके पर कई अन्य गणमान्य लोगों भी विचार रखें।

**जानकारी...**
8 भोजपुरी सेवा समिति के अध्यक्ष मनोज सिंह ने एसएचओ को भोजपुरी सेवा समिति के द्वारा किये जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी।

# वजीरपुर जेजे कॉलोनीः एक रोटी कम खाओ मगर बच्चों को शिक्षा अवश्य दिलवाओः अजय जिंगाला



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**वजीरपुर** जेजे कॉलोनी के समाजसेवी अजय जिंगाला ने कहा कि शिक्षा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलवाये।
उन्होंने लोगों से कहा कि आगे बढ़ो और शिक्षा के महत्व को समझों और शिक्षित बनो, संघर्ष करों तभी आप आगे निकल सकते हो। उन्होंने यह भी कहा कि एक रोटी कम खाओं, मगर बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलाये, जिससे की बच्चे शिक्षित होकर आपका और समाज का नाम रोशन करें। उन्होंने आगे बताया कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए जरूरतमंदों और असहायों की सहायता करनी चाहिए। जिससे की सभी का कल्याण हो सके। इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी निर्धन व असहायों की मदद के लिए आगे रहे। उन्होंने आगे यह भी बताया कि सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए, जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एकदिन सफलता अवश्य ही मिलती है। इसलिए सभी सत्य की राह पर चले और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें।
उन्होंने कहा कि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है और सत्य की हमेशा ही जीत होती है।

## बड़ा शिव मंदिर में नवल सत्संग सेवा सप्ताह का होगा आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
नव जागृति युवा संगठन के अध्यक्ष विनोद सोनवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली गेट के बड़ा शिव मंदिर में महर्षि नवलसाहेब जी के 241वें प्रकटोत्सव पर नवल सत्संग सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।
उन्होंने जानकारी देते हुए आगे बताया कि यह आयोजन 10 फरवरी से 16 फरवरी तक किया गया जायेगा। श्री सोनवाल ने कहा कि इस कार्यक्रम में सभी बढ़-चढ़ कर भाग लें।

# जांच से क्यों भाग रहे दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवालः अनुराग ठाकुर



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर संवाददाताओं से वातालर्लाप की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर पूछे गए सवालों के जवाब दिए। अरविंद केजरीवाल द्वारा लगातार ईडी के समनों की अनदेखी के प्रश्न पर बोलते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा, "जो कभी भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने की बड़ी बड़ी बातें करते थे वे आज भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे हुए हैं। ईडी के पांच समनों की लगातार अनदेखी के बाद अब अदालत को दखल देकर उन्हें ईडी के समक्ष पेश होने के लिए कहना पड़ा है। आखिर कब तक अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों से बचते रहेंगे? कब तक ईडी के जांच से बचते रहेंगे?" अनुराग ठाकुर ने आगे कहा, "केजरीवाल जी कोर्ट में जाकर सच बोलना। अपनी झूठ बोलने वाली आदत और झूठे आरोप लगाने वाली आदत को मत अपनाना। क्योंकि पहले भी आपने कई बार लोगों पर झूठे आरोप लगाए हैं और फिर कोर्ट में जाकर उनसे माफी मांगी है। आपने जिन-जिन को ईमानदारी के सर्टिफिकेट दिए, उनमें से एक को भी कोर्ट से बेल नहीं मिल रही। यह एक प्रकार से आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार पर मोहर लगाता है।" कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार द्वारा दिए गए विवादास्पद बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए अनुराग ठाकुर ने पूछा की क्या ये संयोग है या प्रयोग है? उन्होंने कहा, "एक के बाद एक कांग्रेस के साथी दल भारत विरोधी बयान दे रहे हैं। भारत के टुकड़े करना चाह रहे हैं। क्या यह संयोग है या प्रयोग है? यह सवाल हम नहीं पूरा देश पूछ रहा है। राहुल गांधी जेएनयू जाकर भी भारत के टुकड़े टुकड़े करने की इच्छा रखने वालों के साथ खड़े होते हैं। कांग्रेस और राहुल गांधी बताएं कि वह देश के कितने टुकड़े करना चाहते हैं और किस टुकड़े पर राज करना चाहते हैं?" अनुराग ठाकुर ने आगे कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने नए संसद भवन में सेंगोल की स्थापना कर तमिलनाडु को मान-सम्मान दिया है। कांग्रेस ने उसका भी विरोध किया। क्या अब सीमा पर लड़ रहे जवान को गोली चलाने से पहले यह देखना होगा कि टैक्स किस राज्य से ज्यादा आया है।

# एशिया की सबसे बड़ी आजादपुर मंडी में आवारा पशु किसके, प्रशासन क्यों नहीं करता कार्रवाईः पुनित मंडल




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
एशिया की सबसे बड़ी आजादपुर मंडी में समस्याओं का अंबार है, जहां एक ओर गंदगी और जाम आम समस्या है, वहीं आवारा पशुओं की वजह से यहां पर आने वाले लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। भारतीय किसान यूनियन भानू दिल्ली प्रदेश के पूर्व सचिव पुनित मंडल बाबू भाई ने मंडी की समस्याओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आजादपुर मंडी प्रशासन को मंडी की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि आजादपुर मंडी में आवारा पशुओं का झुंड़ देखा जा सकता है, यह आवारा पशु आखिर किसके है और मंडी प्रशासन इन आवारा पशुओं के मालिकों पर कार्यवाही क्यों नहीं करता है। उन्होंने मंडी प्रशासन से मांग है कि मंडी में जो समस्याएं है उनका जल्द से जल्द समाधान किया जायें।

## मंडी की समस्याओं पर ध्यान दे प्रशासनः पुनित मंडल बाबू भाई



**नई दिल्ली। भारतीय किसान** यूनियन भानू दिल्ली प्रदेश के पूर्व सचिव पुनित मंडल (बाबू भाई) ने बताया कि आजादपुर मंडी प्रशासन को मंडी की समस्याओं पर विशेष ध्यान देना चाहिए, जिससे की मंडी में आने वाले लोगों को परेशान न होना पड़े।

# फरीदाबाद के मंडलों में 'गांव चलो अभियान' कार्यशाला हुई

## गांव चलो अभियान के माध्यम से लाभार्थियों से सम्पर्क कर जानेंगे, मन की बात : वोहरा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** "गांव चलो अभियान को लेकर भाजपा ज़िला फरीदाबाद के सभी मंडलों में मंडल कार्यशालाएं संपन्न हुई । मंडल कार्यशालाओं में वक्ताओं ने "गांव चलो अभियान के विषय में विस्तृत जानकारी दी और मंडल अध्यक्षों के साथ मिलकर "गांव चलो अभियान में भाग लेने वाले प्रवासी कार्यकर्ताओं और बूथ संयोजकों की नियुक्ति कर उनको जिम्मेदारी दी । मंडल कार्यशालाओं में मुख्य वक्ताओं ने मंडल के कार्यकर्ताओं को 24 घंटे के प्रवास के विषय में प्रशिक्षण दिया और विस्तृत जानकारी दी । इससे पहले आज सुबह फरीदाबाद जिले और लोकसभा के प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष जी एल शर्मा और जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने एक वर्चुअल बैठक की और सभी



मंडलों में कार्यशालाओं के लिए वक्ताओं को जिम्मेदारी दी गई । वर्चुअल बैठक में जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा एवं मनोज वशिष्ठ, गाँव चलो अभियान के जिला संयोजक सुखबीर मलेरना, सह संयोजक प्रह्लाद बाँकुरा एवं रविंद्र राघव, मंडल कार्यशालाओं के वक्ता बडखल की विधायक सीमा त्रिखा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सोहनपाल सिंह, निवर्तमान जिला महामंत्री आर.एन सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता टिपर चन्द शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अनिल नागर, पंकज रामपाल, बिजेन्द्र नेहरा, वजीर सिंह डागर, चेयरमैन हुकुम सिंह भाटी, भारती भाकुनी, शेर सिंह भाटिया, जिला कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा, जिला सचिव सुनीता बघेल, मुकेश अग्रवाल, जिला मीडिया प्रमुख विनोद गुप्ता व अन्य जिला प्रदेश व पदाधिकारी, सभी मंडलों के अध्यक्ष आदि मुख्य तौर पर उपस्थित रहे । गांव चलो अभियान के जिला संयोजक सुखबीर शर्मा मलेरना ने फतेहपुर मंडल में, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सोहनपाल सिंह ने सीकरी में, जिला उपाध्यक्ष वजीर सिंह डागर ने डबुआ एवं नंगला मंडल, निवर्तमान जिला महामंत्री आर.एन सिंह ने पाली मंडल, जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ ने सेहतपुर मंडल, जिला सचिव मुकेश अग्रवाल ने अजरौंदा मंडल,ज़िला उपाध्यक्ष भारती भाकूनी ने सराय मंडल,हुकम सिंह भाटी ने सेहतपुर मंडल में मुख्य वक्ता के तौर पर भाग लिया और कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया । आज सभी मंडलों में मंडल कार्यशालाएं संपन्न हुई । वोहरा ने बताया कि "गांव चलो अभियान के निमित आज संपन्न हुई कार्यशालाओं का मुख्य उद्देश्य पार्टी नेताओं और कार्यकताओं को 'गांव चलो अभियान' के लिए प्रशिक्षित करना है। लोकसभा चुनाव 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर बूथ को जीतने के संकल्प के साथ पार्टी आगे बढ़ रही है। लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारियों के निमित भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद ज़िले द्वारा पहले चरण में 10 और 11 फरवरी को फरीदाबाद के सभी 1469 बूथों पर 'गांव चलो अभियानह्न कार्यक्रम चलाया जायेगा । प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा के सभी जन प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता "गांव चलो अभियान" के तहत गांव-गांव जाकर लाभार्थियों एवं वहां के लोगों से संवाद करेंगे और उनकी उनके मन की बात जानेंगे। भाजपा फरीदाबाद के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्त्ता, गांव में 24 घंटे का प्रवास करेंगे।

# गांव में मंदिर निर्मा[illegible]से बढ़ रही है लोगों की धार्मिक आस्थाः पुनीत राई

## भाजपा नेता पुनीत राई ने गांव के मंदिर निर्माण में सहयोग कर बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया

**आस्था**

**8 गांव में बुहत अच्छा मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। मंदिर का निर्माण होने से गांव में लोगों की आस्था बढ़ रही है**

**टीम एक्शन इंडिया/राई।** भाजपा के युवा नेता एवं निगम पार्षद पुनीत राई ने वीरवार को राई विधानसभा के खेवड़ा गांव के मन्दिर में पहुंचकर बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया व मंदिर में चल रहे विकास कार्य में सहयोग किया। पुनीत राई ने संबोधित करते हुए कहा कि सभी ग्रामीणों के सहयोग से गांव में बुहत अच्छा मंदिर



का निर्माण किया जा रहा है। मंदिर का निर्माण होने से गांव में लोगों की आस्था बढ़ रही है। पूरे गांव के लोग मन्दिर में जाकर पूजा- अर्चना करते है। इस अवसर पर सतबीर आंतिल, राजबीर आंतिल, बिट्टू आंतिल, प्रदीप आंतिल, पप्पू आंतिल, जयकवार आंतिल, अतरसिंह आंतिल, रमेश आंतिल, विनोद बैरागी, राकेश त्यागी, बल्ले आंतिल, सूरज आंतिल,नरेश पांचाल, राकेश कौशिक ,अनील त्यागी आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सुनीता लोहचब बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की सह सयोजक नियुक्त



सोनीपत हरियाणा बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी द्वारा सुनीता लोहचब को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की सह सयोजक नियुक्त किया है। सुनीता लोहचब ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर , नायब सिंह सैनी प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा, चेयरमैन हरियाणा पब्लिक एंटरप्राइजेज सुभाष बराला पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा, ओमप्रकाश धनखड़ राष्ट्रीय सचिव भाजपा , व प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बडोली प्रदेश महामंत्री, सुरेंद्र पूनिया,प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता, सांसद रमेश चंद्र कौशिक. बहन निर्मल चौधरी विधायक गन्नौर. व शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। सुनीता लोहचब ने कहा कि मुझ छोटी सी कार्यकर्ता को यह मान सम्मान दिया। मैं विश्वास दिलाती हू अपने भाजपा संगठन को की जो जिम्मेदारी मुझे दीं है में अपना कार्य लगन से करके पार्टी की जीत सुनिश्चित करके लोकसभा में 10 की 10 सिटे जीतेंगे व फिर तीसरी बार लोकसभा में भाजपा सरकार आएगी ।

### सब्जी विक्रेताओं को दी चेतावनी

**मथुरा।** परिवहन विभाग द्वारा छाता अड्डे पर स्थित बस स्टैंड पर अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने के लिए चेतावनी दी गयी। आगरा व मथुरा से आये परिवहन विभाग के अधिकारियों ने छाता मे खंडर पड़े बस स्टैंड की नापतोल की और बस स्टैंड की जगह पर लगने वाली सब्जी मंडी को सब्जी विक्रेताओं द्वारा शाम तक हटाने के निर्देश भी दिये ।साथ ही अधिकारियों द्वारा जेसीबी से बस स्टैंड के चारो ओर खुदाई कराके परिवहन विभाग के अंतर्गत संरक्षित कर लिया है ।अब सवाल उठता है कि क्या परिवहन विभाग फिर से खंडर पडे बस स्टैंड को शुरू करना चाह रहा है? इस सवाल पर परिवहन विभाग के अधिकारियों ने संतोषजनक उत्तर तो नहीं दिया परंतु विभाग को बस स्टैंड के लिए प्रस्ताव भेजे जाने की बात जरूर कही। वहीं इस संबंध मे अधिशाषी अधिकारी जितेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि परिवहन विभाग की टीमें बस स्टैंड पर अतिक्रमण की जगह को खाली कराने आयी है उसी के तहत सब्जी विक्रेताओं को जगह खाली करने के लिए कहा गया है तथा फिलहाल अस्थायी तौर पर सब्जी मंडी लगाने के लिए शेरगढ तिराहे पर व्यवस्था की गयी है।

### लैंडमार्क सेल्स ऑफिस के उदघाटन के साथ लैंडमार्क द्वारा कार्यस्थल विलासिता में आदर्श बदलाव की शुरूआत

**गुड़गांव:** रियल एस्टेट नवाचार में अग्रणी कंपनी लैंडमार्क ने साइबरपार्क, सेक्टर 67, गुरुग्राम में अपनी नवीनतम उत्कृष्ट संरचना, लैंडमार्क सेल्स ऑफिस का अनावरण किया। 24,000 वर्ग फुट में फैला यह स्थान सुश्री सोनाली भगवती के नेतृत्व में प्रतिष्ठित डिजाइनरों के एक समूह द्वारा महत्वपूर्ण निवेश के साथ बनाया गया है। अपने संचालन में सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों में से एक के रूप में स्थिरता को बनाए रखते हुए, लैंडमार्क ने अपने नए कार्यालय स्थान को पर्यावरण-अनुकूल सामग्रियों से तैयार किया है। प्राकृतिक दृश्यों से सुसज्जित छत ताजी हवा का झोंका उपलब्ध कराती है, जो ऐसा वातावरण बनाने के लिए लैंडमार्क के समर्पण का प्रतीक है जो प्रकृति के अनुकूल है और साथ-साथ भविष्य के साथ भी मेल खाता है। यह 7 सितारा सुविधा अपेक्षाओं से कहीं आगे है, जिसमें अनुभवात्मक केंद्र, लचीले सम्मेलन स्थल और "पड़ोस" शैली के कार्यस्थल हैं जो नए युग के कार्यस्थलों के लिए सहयोग को बढ़ावा देते हैं। लैंडमार्क सेल्स ऑफिस एक ऐसा स्थान है जहां विलासिता और नवीनता का संगम होता है। लैंडमार्क ग्रुप के अध्यक्ष और एमडी श्री संदीप छिल्लर कहते हैं, ह्लजब हम इस स्थान को डिजाइन कर रहे थे, तो दृष्टिकोण यह था झ्र यह डिजाइन कुछ अलग और विशेष हो। हम ऐसी जगहें बनाने में विश्वास करते हैं जो प्रेरणा देती हों। लैंडमार्क सेल्स ऑफिस नवोन्मेषी, टिकाऊ और सहयोगात्मक कार्यस्थल उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह दूरदर्शी व्यवसायों और केवल ऑफिस से कहीं अधिक की चाहत रखने वाले पेशेवरों की आवश्यकता को पूरा करता है - एक ऐसा वातावरण जो रचनात्मकता और सफलता को बढ़ावा देता है। लैंडमार्क आपको काम करने का भावी अनुभव लेने के लिए आमंत्रित करता है डीपीए में पार्टनर सोनाली भगवती कहती हैं, "लैंडमार्क सेल्स ऑफिस मेरे लिए एक विशेष परियोजना है।

# छुट्टा पशुओं की चपेट में आये दो लोग, एक ही हालात चिंताजनक

**मथुरा।** कोसीकला में रात के समय बाजार से आते समय आवारा पशुओं की लड़ाई की चपेट में आने से एक अध्यापक व एक वृद्ध बुरी तरह से घायल हो गए। छुट्टा पशुओं के आतंक से स्थानीय लोग भयभीत व डरे हुए हैं। सुबह स्कूल जाने में बच्चों को आवारा पशुओं का डर स्ताता रहता है। न तो नगर पालिका प्रशासन, न ही तहसील प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता है जबकि ब्रज क्षेत्र होने के कारण दर्जन भर गौशालाएं हैं किसी कला में व नगर पालिका में भी एक गौशाला बनी हुई हैं। बावजूद इसके लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आये दिन घटनाएं हो जाती हैं। जीसमें कई लोगों की जान भी चली गई है।

# फसल अवशेषों में बिल्कुल भी आग न लगाएंः डॉ. रविंद्र कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान मथुरा के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मथुरा द्वारा गांव गढी दद्दी, विकासखंड चौमुहां में गांव स्तरीय फसल अवशेष प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अनिल कुमार श्रीवास्तव, निदेशक प्रसार प्रोफेसर अतुल सक्सेना, केंद्र प्रभारी डॉक्टर वाई. के. शर्मा के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के प्रगतिशील कृषक छत्रपाल द्वारा की गई। कृषि विज्ञान केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ.




रविंद्र कुमार राजपूत ने किसानों को पराली प्रबंधन के बारे में बताया कि किसान अपने खेत की पराली अथवा किसी भी तरह के फसल अवशेषों को खेत में मिलाएं, किसी भी तरह के फसल अवशेषों में कभी बिल्कुल भी आग न लगाएं। फसल अवशेषों को खेत में मिलने से खेत की उर्वरा शक्ति बढ़ती है, सूक्ष्मजीव बढ़ते हैं तथा जीवांश कार्बन की मात्रा भी बढ़ती है जो अच्छी पैदावार का द्योतक है। किसानों को बताया कि अपने खेत में अच्छी पैदावार लेने के लिए गोबर की खाद, नाडेप कंपोस्ट, फार्म यार्ड मैन्योर एवं अन्य फसल अवशेषों से बनी हुई खाद का उपयोग करें। जिससे खेत के अंदर सभी पोषक तत्वों की पूर्ति हो तथा खेत की उपजाऊ शक्ति बढती है व पैदावार की गुणवत्ता भी बढाती है। कृषि विभाग के बी.टी.एम. वेद प्रकाश द्वारा किसानों को विभाग द्वारा चलाई जा रही योजना, अनुदान, प्रधानमंत्री सम्मान निधि, फसल बीमा योजना एवं बहुत सी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गांव के कृषक प्रताप सिंह, लखन, कृष्ण, भगत सिंह, श्याम सिंह, मोहन सिंह, मानवेंद्र, पीतम सिंह, रतन सिंह, कलुआ, उदयवीर, ओमपाल, राधा कृष्ण आदि सबसे अधिक किसानों ने गोष्ठी में भाग लिया।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तेजी से विकसित हो रहा देशः बाबा बिंदल

**टीम एक्शन इंडिया/जुलाना :** भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष बाबा अमित बिंदल ने जुलाना मंडी में क्षेत्रवासियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए हवन का आयोजन करवाया, जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने आहुति डाली। इस दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए बाबा अमित बिंदल ने कहा कि देश को अरसे बाद एक ऐसा प्रधानमंत्री मिला है जो हर समय केवल देश व देशवासियों की भलाई के लिए काम कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकसित हो रहा है। अयोध्या में



500 वर्ष से जिस राम मंदिर के निर्माण का इंतजार किया जा रहा था, वह काम मोदी ने पूरा किया। मोदी है तो देश की खुशहाली की गारंटी है। बाबा बिंदल ने कहा कि देश, प्रदेश व क्षेत्र की खुशहाली के लिए सोनीपत लोकसभा क्षेत्र की हर विधानसभा में हवन करवाया जा रहा है ताकि क्षेत्रवासी स्वस्थ रहें और उनके कष्ट दूर हों।

# भाकियू चढूनी करेगा संगठन के कार्यक्रमों की समीक्षा

**मथुरा।** भाकियू चढूनी संगठन को चुस्त दुरुस्त करने के लिए संगठन की समीक्षा करेगी। इसके लिए बलदेव में 12 फरवरी को बुलाई गई है। बैठक में संगठन की जिला कार्यकारिणी की समीक्षा कर नवीन जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया जाएगा। इस बैठक में पिछली छह माह की बैठकों, पंचायतों, धरना प्रदर्शनों की भी समीक्षा की जाएगी। किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन चढूंनी की 12 फरवरी को बलदेव ब्लाक सभागार में 12 बजे से बैठक आयोजित होगी। यह जानकारी मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर ने दी। श्री तोमर ने कहा तहसीलों में किसानों का शोषण, उत्पीड़न किया जा रहा।

# जेएसडब्ल्यू वन टीएमटी के लॉन्च के साथ जेएसडब्ल्यू वन कर रहा प्राइवेट ब्रैंड्स में प्रवेश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

बिलियन अमेरिकी डॉलर के मूल्यांकन वाले जेएसडब्ल्यू ग्रुप की सहायक कंपनी, जेएसडब्ल्यू वन ने आज जेएसडब्ल्यू वन टीएमटी के लॉन्च की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य गुणवत्ता और विश्वसनीयता के लिए नए मानक स्थापित करते हुए, भारत की निर्माण महत्वाकांक्षाओं को सशक्त बनाना है। बीआईएस-प्रमाणित जेएसडब्ल्यू वन टीएमटी बार्स, ग्राहकों को एक टीएमटी में 10 गुना लाभ प्रदान करके नए मानक स्थापित करते हैं। इसमें श्रेणी की सर्वश्रेष्ठ रिब डिजाइन, बेहतर रसायन विज्ञान, संक्षारण प्रतिरोध, यूरोपीयन तकनीक, बजट अनुकूलता, उच्चतम लचीलापन और मोड़ने की क्षमता, बढ़ी हुई संरचनात्मक शक्ति, सर्वोच्च कंक्रीट पकड़, समान गेज और आयाम तथा गर्मी / भूकंप प्रतिरोध शामिल है, जो कि जेएसडब्ल्यू की विरासत के रूप में इसके स्टील में निहित है। जेएसडब्ल्यू वन टीएमटी बार्स, गुणवत्ता और प्रदर्शन के अंतर को खत्म करते हैं, जिसका अक्सर ग्राहकों और निर्माण कंपनियों द्वारा सामना किया जाता है। ये सरिए अपने साथ क्षेत्रीय बाजारों में प्रचलित स्थानीय गैर-मानक टीएमटी ब्रैंड्स की चुनौती का समाधान लेकर आते हैं। इस प्रकार, ये सरिए निर्माण क्षेत्र में सार्थक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। अपनी उच्च शक्ति, बारीकी से निर्माण और कम कंक्रीट आवश्यकताओं की वजह से कम सरिए की आवश्यकता के साथ ये सरिए निर्माण की कुशलता में सुधार करते हैं, जो परिणाम के रूप में तेजी से बार प्लेसमेंट और हल्का क्रेन भार प्रदान करते हैं। इसकी इनोवेटिव डिजाइन, टीएमटी सरियों की खपत को कम करती है, जिसके माध्यम से ग्राहकों की लागत में महत्वपूर्ण रूप से बचत होती है। यह परिणाम के रूप में, पतले कॉलम्स और अधिक इंटीरियर फ्लोर स्पेस व कारपेट एरिया प्रदान करता है। पार्थ जिंदल, डायरेक्टर, जेएसडब्ल्यू वन प्लेटफॉर्म्स, ने कहा, "जैसा कि हम टेक्नोलॉजी के माध्यम से पूरे भारत में अपनी पहुँच का विस्तार कर रहे हैं, हम पाते हैं कि बाजार में हमारे ग्राहकों को किफायती कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले टीएमटी खोजने के लिए भारी संघर्ष करना पड़ता है। बाजार में अमानक और अपुष्ट प्रोडक्ट्स की भरमार है। इन्हीं बाजारों को हम जेएसडब्ल्यू वन के लिए अरबों डॉलर के एक बड़े अवसर के रूप में देखते हैं। इसे संबोधित करने के लिए ही हमने प्राइवेट ब्रैंड्स बिजनेस की स्थापना की है। जेएसडब्ल्यू वन टीएमटी हमारा पहला प्राइवेट ब्रैंड प्रोडक्ट है, और हम उम्मीद करते हैं कि आने वाले समय में ऐसे और भी प्रोडक्ट्स लॉन्च करेंगे।

" उक्त लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, श्री गौरव सचदेवा, सीईओ, जेएसडब्ल्यू वन प्लेटफॉर्म्स, ने कहा, "विगत तीन वर्षों में, हम भारत भर के 18 राज्यों में अपने कारोबार का विस्तार करने में सक्षम रहे हैं और मैन्युफैक्चरिंग, कंस्ट्रक्शन तथा इंफ्रास्ट्रक्चर सेग्मेंट्स में हमारे पास 50,000 पंजीकृत ग्राहक हैं।

# अमित मिश्रा बने भाजपा सोशल मीडिया प्रदेश सह संयोजक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक अरुण यादव ने प्रदेश भाजपा सोशल मीडिया विभाग में 5 सह संयोजक और 10 लोकसभा प्रभारी नियुक्त किए । अरुण यादव ने भाजपा ज़िला फरीदाबाद के पूर्व सोशल मीडिया ज़िला संयोजक अमित मिश्रा को प्रदेश सह संयोजक और धर्म राव को लोकसभा फरीदाबाद का सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया । नवनियुक्त प्रदेश सह संयोजक अमित मिश्रा काफी सालों से भाजपा में कार्यकर्ता के तौर पर कार्य कर रहे हैं । अमित मिश्रा पूर्व में भाजपा सोशल मीडिया विभाग से काफी सालों से जुड़े रहे हैं । 2017 से 2020 तक सोशल मीडिया सह संयोजक और 2020



से 2023 तक सोशल मीडिया ज़िला संयोजक के रूप में उन्होंने पार्टी संगठन के लिए कार्य लिया और पार्टी की सोशल मीडिया विभाग को अपने अनुभव के बूते पर काफी आगे बढ़ाया । 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों और विधानसभा चुनावों में भी उन्होंने लोकसभा स्तर पर सोशल मीडिया संयोजक के रूप में कार्य किया और सहभागिता दी। नवनियुक्त लोकसभा प्रभारी धर्म राव भी काफी सालों से भाजपा संगठन के साथ जुड़े रहे हैं और कई विभिन्न महत्वपूर्ण पदों जैसे सोशल मीडिया ज़िला सह संयोजक, मन की बात ज़िला संयोजक आदि पर पार्टी के लिए कार्य कर चुके है । अमित मिश्रा ने अपनी नियुक्ति पर केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, प्रदेश संयोजक अरुण यादव, स्थानीय निकाय प्रदेश सह संयोजक देवेन्द्र चौधरी, ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा और भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी संगठन ने मुझ जैसे एक सामान्य कार्यकर्ता को जो दायित्व दिया है उसे पूरी निष्ठा ज़िम्मेदारी के साथ निभाऊँगा और भाजपा सोशल मीडिया विभाग को नई उचाइयों पर लेकर जाने का कार्य करूँगा । सोशल मीडिया के माध्यम से जनता को जोड़कर प्रदेश की जनता को योजनाओं का ज्यादा लाभ मिले यह सुनिश्चित करेंगे और पार्टी के प्रचार प्रसार एक नये स्तर पर पहुँचाने का कार्य करेंगे ।

# गांव अमीपुर की सरदारी ने विधायक राजेश नागर को किया सम्मानित

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)** तिगांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक राजेश नागर का गांव अमीपुर में जोरदार स्वागत कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर गांव की सरदारी ने बताया कि नागर ने विधानसभा में उनकी बड़ी समस्या को रखकर उनकी बड़ी मदद की है। जिससे वह बड़े प्रसन्न हैं। गांव अमीपुर पहुंचे विधायक राजेश नागर का स्थानीय जनता ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर राजेश नागर ने कहा कि मैं अपने पूरे तिगांव विधानसभा क्षेत्र को सर्वोच्च स्थान पर देखने के लिए काम कर रहा हूं। जिसमें मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हमेशा ही मुझे अपना आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र की सभी मांगों को वह पूरा करते हैं। इसके



लिए वह हमेशा ही तैयार दिखते हैं। यही कारण है कि हमारे तिगांव विधानसभा क्षेत्र में आज भी करोड़ों रुपयों के विकास कार्य हो रहे हैं। नागर ने कहा कि वह सभी की मांगों और शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर काम करते हैं। वह आज भी तुरंत की समस्याओं को तुरंत ही निपटाने में यकीन रखते हैं। हालांकि जिन योजनाओं के लिए टेंडर आदि की व्यवस्था होती है, उसमें उतना समय लगना लाजिमी होता है। गौरतलब है कि वर्तमान में तिगांव विधानसभा क्षेत्र में आने वाले गांवों अमीपुर, अरुआ, शाहजहांपुर और इमामुद्दीनपुर 1927 में यमुना नदी में

**विकास कार्य**

**8 मारे तिगांव विधानसभा क्षेत्र में आज भी करोड़ों रुपयों के विकास कार्य हो रहे हैं**

बह गए थे। तत्कालीन कमिश्नर एसएस ब्रेन ने उनको देह शामलात में बसा दिया था, तभी से वह वहां रह रहे हैं लेकिन उनको कभी भी नोटिस आ जाते हैं, उन्हें कोई पॉलिसी बनाकर राहत दी जाए। विधायक राजेश नागर ने इन गांवों को देह शामलात से निकालकर स्थाई राहत देने की सरकार से मांग की थी। जिस पर ग्रामीणों ने उन्हें अपने गांव अमीपुर में बुलाकर सम्मानित किया और ढोल नगाड़ों के साथ फूलमालाओं से विधायक को मान सम्मान दिया। इस अवसर पर विधायक नागर ने कहा कि मुझे आप लोगों ने मुझे चुनकर विधानसभा भेजा है। इसलिए मैं हमेशा आपकी आवाज बना रहूंगा और आपके सुख-दुख में हमेशा साथ रहूंगा। इस अवसर पर भाजपा तिगांव विस प्रभारी प्रकाश भाटी, जिला पार्षद संदीप भाटी, सरपंच सुभाष भाटी, वीर सिंह भाटी, धर्मवीर सरपंच, सुनील भाटी पूर्व चेयरमैन, छत्तरपाल भाटी शिब्बी भाटी, दिनेश भाटी, परमा भाटी, विनोद भाटी, रामचंद मैम्बर, जगदीश भाटी, मवासी भाटी, सिंह राज भाटी, ओमी भाटी, राजेन्द्र भाटी, तेहपाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# बिग बॉय टॉयज ने बेंगलुरु में पांचवें शोरूम के भव्य उद्घाटन के साथ राजस्व महत्वाकांक्षाओं को बढ़ाया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

पूर्व-स्वामित्व वाली लग्जरी कार क्षेत्र में अग्रणी कंपनी, बिग बॉय टॉयज, बेंगलुरु में अपने पांचवें शोरूम के उद्घाटन की घोषणा करते हुए उत्साहित है, जो रणनीतिक रूप से शहर के बिलकुल बीच में महत्वपूर्ण स्थान पर स्थित है। यह विस्तार कर्नाटक में राजस्व वृद्धि को बढ़ावा देने पर ध्यान देने के साथ ब्रांड की डिजिटल सफलता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रिचमंड सर्कल में स्थित, नया शोरूम ऑडी, बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज-बेंज, बेंटलेज, रोल्स-रॉयस और पोर्श सहित उच्च-स्तरीय लग्जरी कारों की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराता है। कर्नाटक में पहले ही 100 करोड़ रुपये के मील के पत्थर को पार कर चुके मजबूत डिजिटल व्यवसाय को हासिल करने के बाद वित्त वर्ष 25 में कर्नाटक बाजार से कुल 200 करोड़ राजस्व का लक्ष्य रखा गया है। बिग बॉय टॉयज ने बेंगलुरु में एक समर्पित ग्राहक आधार तैयार किया है, जहां लग्जरी कार प्रेमियों ने निर्बाध लेनदेन के लिए ब्रांड के डिजिटल प्लेटफॉर्म को अपनाया है। नया शोरूम एक व्यापक, व्यक्तिगत लग्जरी कार खरीदने के अनुभव की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए उठाया गया एक रणनीतिक कदम है। परंपरागत रूप से असंगठित प्रकार के इस बाजार में, बेंगलुरु में प्रयुक्त लग्जरी कार सेगमेंट उल्लेखनीय वृद्धि दिखाते हुए बिग बॉय टॉयज के लिए शानदार राजस्व कमाने के रूप में सामने आया है। ब्रांड का पांचवां शोरूम इस रूझान का लाभ उठाएगा, जो पूर्व-स्वामित्व वाली लग्जरी कारों का व्यापक चयन उपलब्ध कराते हुए चतुर, मूल्य-सचेत उपभोक्ता की मांग को पूरा करेगा।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 09 फरवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने विधानसभा में चीनी मिल की उठाई मांग की हो रही सराहना

**बांदा:** उद्योग शून्य बुंदेलखंड के जनपद बांदा में चीनी मिल स्थापना की वर्षों से मांग हो रही है। जिले के नरैनी तहसील अंतर्गत अधिकांश गांवों में गन्ना की खेती होती है। यहां के मुकेरा गांव का गुड़ बुंदेलखंड के सभी यूपी एमपी के जनपदों में प्रसिद्ध है। यहां गन्ना का उत्पादन बहुतायत में होने के कारण ही गन्ना मिल की मांग होती आई है। सबसे पहले इसी क्षेत्र के विधायक और मंत्री रहे सुरेंद्र पाल वर्मा ने इस मांग को विधानसभा में उठाया था और अब सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने इस मांग को उठाकर सार्थक पहल की है। जिसके लिए उनकी जनपद में प्रशंसा की जा रही है। सदर विधायक ने नियम 301 के अन्तर्गत 7 फरवरी को विधान सभा सत्र की कार्यवाही के दौरान इस मामले को उठाते हुए कहा कि बुन्देलखण्ड तथा आपपास के क्षेत्र में कही पर चीनी मिल न होने के कारण यहां विशेषकर बांदा, अतर्रा एवं नरैनी के किसानों को गन्ना का उचित मूल्य नहीं मिल पाता और ज्यादातर किसान गन्ने से गुड़ बनाकर उसे बाजार में बेचते है तथा फुटकर गन्ना बेचकर काम चलाते है। सत्र की कार्यवाही के दौरान यह भी कहा गया कि यहां के किसानों की वर्षों पुरानी मांग रही है कि एक चीनी मिल कि स्थापना हो लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों के द्वारा किसानों की इस महत्वपूर्ण पुरानी मांग पर कभी कोई ध्यान नहीं दिया गया। बुन्देलखण्ड में कुल 7 जनपद है यहां किसी भी जनपद में चीनी मिल नहीं है तथा गन्ना किसानों से गन्ना खरीदने की भी कोई सरकारी व्यवस्था नही है।

## मौनी अमावस्या को लेकर कांवरियों का उमड़ा जनसैलाब

**भागलपुर:** जिले के सुलतानगंज के अजगैबीनाथ धाम में मौनी अमावस्या को लेकर गुरुवार को मिथलांचल के कांवरियों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। मिथलांचल के कांवरिया पार्वती मां के कुल के होने पर बाबा भोलेनाथ को तिलकोत्सव करने के लिए अजगैबीनाथ के उत्तरवाहनी गंगा में डुबकी लगा कर बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ाते हुए पैदल वऔर वाहन से देवघर बैद्यनाथ का यात्रा करते है।

# 'हमने यूपी को बीमारू मानसिकता से उबारा'

### आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला है ओडीओपी, बनी देश की यूनिक योजना

आत्मनिर्भर

**इतना कुछ उप्र में है, तब भी लोग कहते थे उप्र बीमार है। दुनिया देखे तो उप्र में क्या नहीं है : योगी**



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि आज उत्तर प्रदेश नए औद्योगिक क्रांति की ओर है। उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य बनाना एक राजनीतिक मानसिकता थी, जिसे खत्म करके हमने इसे देश की दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाया है। उन्होंने कहा कि इतना कुछ उप्र में है, तब भी लोग कहते थे उप्र बीमार है। दुनिया देखे तो उप्र में क्या नहीं है। अब उत्तर प्रदेश बीमारू राजनीतिक मानसिकता से उभरकर देश के अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में परंपरागत कारीगर, शिल्पकार और युवा उद्यमी जो पहले निराश था आज उसके चेहरे पर उत्साह दिखता है। उत्तर प्रदेश की ओडीओपी योजना आज आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला बन चुकी है। यह बातें वह लोकभवन में उप्र इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण की कर्टेन रेजर सेरेमनी को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हजारों वर्षों से विरासत के रूप में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम की अनेक इकाईयां मौजूद थीं, लगातार सरकारी उपेक्षा व इंस्पेक्टर राज के कारण यह प्रताड़ित थी, बंद होने के कगार पर थी। उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्प, कारीगर व युवा उद्यमियों के पास क्षमता थी, लेकिन उन्हें शासन से प्रोत्साहन और प्लेटफार्म की आवश्यकता थी। आज डबल इंजन की सरकार में परिणाम सबके सामने है। 2018 में उप्र ने ओडीओपी योजना प्रारंभ कर परंपरागत उद्योग को प्रोत्साहन दिया। बाजार उपलब्ध कराने के साथ उसे टेक्नोलॉजी से जोड़ा। आज ओडीओपी देश की यूनिक योजना बन गई है। यह आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला है। आज उप्र का एक्सपोर्ट भी बढ़ा है, 86 लाख करोड़ से बढ़कर लगभग दो लाख करोड़ हो गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि यूपी में बीते वर्ष ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन हुआ था,जिसकी सफलता ने नया कीर्तिमान स्थापित किया। इसने यूपी के पोटिंशियल को प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान किया। पहली बार 500 से अधिक विदेश बायर्स,70 हजार से लोग उसमें सहभागी बने और 3 लाख लोगों का फुट फॉल हुआ। उन्होंने बताया कि फिर से 25 से 29 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण का आयोजन होगा। इसके जरिए एक बार फिर यूपी अपनी क्षमता का प्रदर्शन वैश्विक समाज के सामने करने जा रहा है।

**इस बार उप्र इंटरनेशनल ट्रेड शो 25 सितंबर से:** उद्यमियों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए योगी सरकार की कर्टेन रेजर सेरेमनी नई पहल है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाले उप्र इंटरनेशनल ट्रेड शो की लघु फिल्म भी दिखाई गई।

### मुख्यमंत्री ने 13 परियोजनाओं का शिलान्यास किया

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को उप्र इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण की कर्टेन रेजर सेरेमनी में लोक भवन से बटन दबाकर औद्योगिक आस्थानों और ओडीओपी सीएफसी की कुल 13 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया। ये लाभार्थी सोनभद्र, रायबरेली, लखनऊ समेत प्रदेश के विभिन्न स्थान से आए थे।

**इन परियोजनाओं का शिलान्यास:** एमएसईएमई क्लस्टर पार्क योजना के तहत रायबरेली, प्रतापगढ़, मऊ, महोबा में औद्योगिक आस्थानों का शिलान्यास किया। वहीं इंफ्रास्ट्रक्चर एंड स्पोर्ट्स स्कीम के अंतर्गत गोमतीनगर लखनऊ में ट्रेड प्रमोशन सेंटर का शिलान्यास किया। कौशांबी में खाद्य प्रसंस्करण के अंतर्गत केला और जनपद गोंडा में दाल एवं मक्का में ओडीओपी सीएफसी परियोजनाओं का शिलान्यास किया। मिनी औद्योगिक आस्थान ककवन बिल्हौर कानपुर नगर, पंचरावां रायबरेली, अयोध्या का उच्चीकरण तथा जिला उद्योग केंद्र शामली, अमेठी, वाराणसी के नवीन भवनों का शिलान्यास किया।



37वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में पहुंच रहे देशी-विदेशी पर्यटकों का मुख्य चौपाल के अलावा छोटी चौपाल पर देशी व विदेशी कलाकार दिनभर अपनी शानदार प्रस्तुतियों से खूब मनोरंजन कर रहे हैं।

## राज्यपाल से कांग्रेस नेता सुमन ने शैक्षणिक मुद्दों पर की बात

**अररिया:** बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुमन कुमार मल्लिक ने अपने सहयोगियों के साथ राजभवन पहुंचकर आज शिष्टाचार मुलाकात की और बिहार के शैक्षणिक मुद्दों को लेकर बात की।इस दौरान कांग्रेस नेता सुमन कुमार मल्लिक ने शॉल भेंट कर राज्यपाल का अभिवादन किया और कहा कि राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर सदैव मूल्यों को साथ लेकर चलने वाले व्यक्तित्व हैं।

मल्लिक ने कहा कि सूबे के संवैधानिक प्रमुख होते हुए भी राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर की सादगी और व्यवहार समाजसेवा में रहने वालों के लिए अनुकरणीय है।राज्यपाल आर्लेकर से राज्य के विभिन्न शैक्षणिक मुद्दे पर वार्ता किया और जनहित में इसमें कुछ बदलाव करने का आग्रह भी उनसे किया। श्री मल्लिक के साथ राजभवन में शिक्षाविद डॉ. महेश प्रसाद और प्रदेश कांग्रेस नेता संतोष उपाध्याय ने भी मुलाकात कर राज्यपाल का अभिवादन किया।

## भारतीय जनता पार्टी दलों को तोड़ना जानती है: अखिलेश

### वाराणसी में भाजपा की डबल इंजन सरकार पर बरसे सपा मुखिया



**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरूवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से केन्द्र और प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा की डबल इंजन सरकार पर जमकर निशाना साधा। एक दिवसीय निजी दौरे पर शहर में आए अखिलेश यादव ने कहा कि अभी ये कौन तय करेगा कि कौन पांडव ,कौन कौरव है। अगर हम संख्या बल पर जाएं तो भाजपा कहती है कि हम दुनिया के सबसे बड़ी पार्टी हैं। पहले ये तय कर ले कि कौरव कौन है और पांडव कौन है। एक सवाल के जबाब में अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री क्या कहते हैं। हमारे लिए तो संविधान और न्यायालय ही सबसे बड़ी चीज है। भारतीय जनता पार्टी दलों को तोड़ना जानती है। भाजपा किसको कब लेना है ये जानती है। ये पार्टी ये भी जानती है कि कैसे बेईमानी करनी है। चंडीगढ़ घटना का खास तौर पर उल्लेख करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा जानती है कि कब किसको खरीदना है और कब ईडी और सीबीआई भेजनी है,आयकर का छापा मारना है। और किस पत्रकार का कब मुंह बंद करना है,किस चैनल को क्या बजट देना है। चैनल को बजट नहीं दिया तो उस पर नियंत्रण कैसे होगा। एक अन्य सवाल के जबाब में उन्होंने कहा कि प्रदेश में जीरो टॉलरेंस व्यवस्था का सवाल नही है। सवाल है कि न्यूज के नियंत्रण के बाद अपराध और भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। इसके जबाब सरकार के पास है क्या। उन्होंने कहा कि जबसे भाजपा की सरकार बनी है 2014 से आज तक एनसीआरबी के आंकड़े निकलवा देख लीजिए। उन्होंने आरोप लगाया कि एक लाख किसानों ने आत्महत्या की है। जहां किसान आत्महत्या कर रहे और आय दुगुनी न हो,महंगाई को रोक न पा रहे हो,तब ऐसी सरकार का क्या मतलब है। तंज कसते हुए सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ऐसे ही दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी नहीं बनी है।

प्रतिक्रिया

**भाजपा जानती है कि कब किसको खरीदना है और कब ईडी और सीबीआई भेजनी है : अखिलेश**

## राजस्थानबजट: पांच लाख घरों में सोलर प्लांट लगेंगे

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

वित्त और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने घोषणा की है कि राजस्थान के पांच लाख घरों में सोलर प्लांट लगाए जाएंगे। इसके अलावा प्रदेश में सड़कों के विकास के लिए पंद्रह सौ करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया जा रहा है। हंगामे के बीच गुरुवार को प्रदेश की वित्त और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी विधानसभा में अंतरिम बजट पेश कर रहीं हैं। उन्होंने ऐलान किया कि प्रदेश में 70 हजार पदों पर भर्तियां होगी। दीया ने बजट भाषण में गहलोत सरकार पर आरोप लगाए तो विपक्ष ने हंगामा किया। हंगामा बढ़ने लगा तो मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को दखल देना पड़ा। वित्त मंत्री ने कहा कि पिछली सरकार की गलत नीतियों के फलस्वरूप विरासत में बड़ा कर्ज मिला है। कर्ज दोगुना होकर पांच लाख करोड़ से ज्यादा हो गया है। देश में पंजाब के बाद सबसे ज्यादा कर्ज हम पर है। पिछली सरकार ने 2 लाख 24 हजार करोड़ रुपए में से मात्र 93 हजार करोड़ का खर्च पूंजीगत व्यय के रूप में किया गया। यानी 60 प्रतिशत कर्ज का उपयोग गैर पूंजीगत व्यय के रूप में किया गया। उन्होंने कहा कि जयपुर मेट्रो का विस्तार किया जाएगा। नए रूट के लिए डीपीआर को मंजूरी दी गई है।

## उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नई पहल

### यूटीडीबी और आईआरसीटीसी के मध्य अनुबन्ध हस्ताक्षरित

अनुबंध

**पर्यटन विभाग आईआरसीटीसी के मध्य एक स्पेशल पर्यटक ट्रेन प्रारंभ करने के लिए अनुबंध कर लिया गया**



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद और भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) ने मानसखंड पर्यटन और देश के अन्य शहरों -स्थानों पर प्रचार-प्रसार के लिए विशेष पर्यटक ट्रेन (मानसखंड एक्सप्रेस) का संचालन करने के लिए गुरुवार को एक एमओयू (समझौता हस्ताक्षर) पर हस्ताक्षर किए हैं।

सुभाष रोड स्थित अपने शासकीय आवास में पर्यटन और मंत्री सतपाल महाराज की मौजूदगी में यह एमओयू हुआ। इस दौरान मंत्री ने कहा कि मानसखंड एक्सप्रेस ट्रेन प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग ने एक नई पहल की गई है।

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज गरिमामयी उपस्थिती में पर्यटन विभाग आईआरसीटीसी के मध्य देश के विभिन्न क्षेत्रों से राज्य के अल्पज्ञात गंतव्यों के लिए एक स्पेशल पर्यटक ट्रेन प्रारंभ करने के लिए अनुबंध कर लिया गया है।

## 'अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत का भविष्य उज्ज्वल'

### भारत का भविष्य उज्ज्वल होने के साथ-साथ आशा और आकांक्षाओं से भरा हुआ



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने गुरुवार को नई दिल्ली में एसआईए-इंडिया के आयोजित डीईएफएसएटी 2024 कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कहा कि निश्चित रूप से रक्षा और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत का भविष्य उज्ज्वल होने के साथ-साथ आशा और आकांक्षाओं से भरा हुआ है। राज्यपाल ने कहा कि 1975 में हमारे पहले उपग्रह आर्यभट्ट से लेकर हमारे सबसे नवीन मिशन आदित्य एल1 तक, जो सूर्य का अध्ययन करने के लिए भारत का पहला मिशन था, इनसे हमारे देश ने साबित कर दिया है कि हम वास्तव में सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हैं। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के तत्वावधान में भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं, जिससे देश अंतरिक्ष अन्वेषण में एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित हुआ है। मार्स ऑर्बिटर मिशन, जिसे मंगलयान के नाम से भी जाना जाता है सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक है। 2013 में लॉन्च किए गए मंगलयान ने भारत को मंगल ग्रह की कक्षा में पहुंचने वाला पहला एशियाई देश और अपने पहले ही प्रयास में ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश बना है। इस उपलब्धि ने न केवल भारत की तकनीकी शक्ति बल्कि मितव्ययी बजट पर अंतरिक्ष अन्वेषण हासिल करने की क्षमता को भी प्रदर्शित किया।

अन्वेषण

**तकनीकी शक्ति बल्कि मितव्ययी बजट पर अंतरिक्ष अन्वेषण हासिल करने की क्षमता को भी प्रदर्शित किया**

## सिरसा के किसान दिल्ली कूच को लेकर तैयार

**सिरसा:** किसान और प्रशासन दोनों ही स्तर पर 13 फरवरी के किसानों के दिल्ली कूच को लेकर तैयारी चल रही है। पुलिस ने कानून व्यवस्था कायम रखने और उपद्रवियों से निपटने के लिए पुलिस लाइन में अभ्यास किया। इसके लिए गुरुवार को जिलेभर से पुलिस फोर्स यहां पहुंची। एसपी विक्रांत भूषण ने पुलिस फोर्स को संबोधित किया और तैयारियों का जायजा लिया। एसपी ने कहा कि सभी विभागों से ज्यादा पुलिस का काम चुनौतियों भरा होता है। हर समय पुलिस के समक्ष कानून व्यवस्था कायम रखने की चुनौती आन पड़ती है।

## 'जयंत को विपक्ष के साथ रहना चाहिए'

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**राष्ट्रीय** लोकदल (रालोद) के विपक्षी दलों के अलायंस आईएनडीआईए को छोड़कर जाने की खबरें लगातार बढ़ती जा रही है। विपक्ष के सहयोगी दल रालोद के एनडीए में जाने की प्रबल जानकारियों के बीच समाजवादी पार्टी के महासचिव शिवपाल यादव का एक बार फिर बयान आया है।

सपा महासचिव ने एनडीए और रालोद के गठबंधन को लेकर पुख्ता सियासी खबरों के बीच गुरूवार को कहा कि जयंत चौधरी के पिता चौधरी अजीत सिंह और उनके बाबा चौधरी चरण सिंह सेक्युलर नेता थे। मुझे पूरी उम्मीद है कि जयंत चौधरी कहीं नहीं जाएंगे। उन्हें आईएनडीआईए (इंडिया) गठबंधन में रहकर लड़ाई लड़नी चाहिए। एक सवाल का जवाब देते हुए शिवपाल यादव ने कहा कि ओवैसी ने भी कहा कि हम पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि कोई सीट यूपी में पसंद है तो ओवैसी बताएं, मैं अखिलेश यादव से बात कर लूंगा।





## नगर निगम, देहरादून से 13743 पत्रावलियां गायब

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

नगर निगम देहरादून के अभिलेखों से हर साल रहस्यमयी तरीके से पत्रावलियां गायब हो रही हैं। इसके लिए सूचना आयुक्त ने फटकार लगाई है। राज्य सूचना आयोग ने नगर निगम के अभिलेखों से पत्रावलियों के गायब/गुम होने को गंभीरता से लेते हुए तकरीबन छह माह पूर्व नगर निगम के अभिलेखों से वर्ष 2022 तक गायब पत्रावलियों का विवरण तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए तो खुलासा हुआ कि बीते बीस साल में हजारों की संख्या में पत्रावलियां गायब हैं। राज्य सूचना आयुक्त योगेश भट्ट के निर्देश पर नगर निगम द्वारा छह माह में तैयार की गयी रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि वर्ष 1989 से 2022 तक नगर निगम अभिलेखों से 13 हजार 743 पत्रावलियां गायब हैं।

फटकार

**अभिलेखों से हर साल रहस्यमयी तरीके से पत्रावलियां गायब हो रही हैं। सूचना आयुक्त ने फटकार लगाई**

**विकास** सीएम की मंशा अनुरूप, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) के वेब पोर्टल को किया जाएगा आधुनिक सुविधआओं से लैस

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना : युवाओं के सपनों को लगाएगी पंख, आत्मनिर्भरता की भरेंगे उड़ान

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरवार को उप्र इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण की कर्टेन रेजर सेरेमनी में कहा कि उप्र में एमएसईएमई के लिए एक नई योजना लागू की गई है। अभी यह अभियान के तौर पर चलेगा। योजना के तहत अगले 10 वर्षों में 10 लाख सूक्ष्म उद्यमों को आर्थिक सहायता दी जाएगी। यह प्रदेश का अपना मिलियन माइक्रो इंटरप्राइजेज मिशन है। यह योजना युवाओं के सपनों के पंख लगाएगी तो वहीं युवा आत्मनिर्भरता की उड़ान भरेंगे।

**मोदी-योगी के विजन के साथ विकास पथ पर अग्रसर उप्र:** सूक्ष्य एवं लघु उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा, एवं वस्त्र उद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि भारत का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश मोदी-योगी के विजन के साथ विकास पथ पर अग्रसर है। कहा कि उत्तर प्रदेश में कुल 96 लाख एमएसईएमई इकाईयां हैं। कृषि के बाद सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला सेक्टर एमएसईएमई है। इसके माध्यम से रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। एमएसईएमई नीति 2022 में कुल 25 नीतियां हैं।

**वर्ष 2025 में दो लाख 91 करोड़ रुपये ऋण देने का लक्ष्य:** ओडीओपी, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार, विश्वकर्मा श्रम सम्मान, मुख्यमंत्री सूक्ष्म, उद्यमी दुर्घटना बीमा आदि योजना ने उत्तर प्रदेश के एमएसईएमई को नई पहचान दी है। वर्ष 2017 में एमएसईएमई की कुल इकाईयों को बैंकों से कुल 28136 करोड़ रुपये दिए गए थे, जो वर्ष 2022-23 में बढ़कर डेढ़ लाख करोड़ पार हो गया। वर्ष 2023-24 में ये लगभग सवा दो लाख करोड़ पहुंचने वाला है। वर्ष 2024-25 में बैंकों के माध्यम से एमएसईएमई के लिए दो लाख 91 करोड़ रुपये ऋण देने का लक्ष्य रखा गया है। यह 2016-17 की तुलना में 10 गुना से भी अधिक है।



**टेक्सटाइल हब बनेगा उत्तर प्रदेश:** मंत्री राकेश ने बताया कि पीएम मित्रा पार्क हरदोई और उन्नाव के बीच में बनाया जा रहा है। इसके लिए बजट में प्रदेश सरकार की ओर से 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है और 500 करोड़ का प्रावधान केंद्र सरकार करेगी। यह पार्क टेक्सटाइल के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश को आगे बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा।

**प्रदेश के युवाओं को रोजगार मांगने नहीं, देने वाला बनाएगी सरकार:** उन्होंने कहा कि रोजगार के लिए अब युवाओं को भटकने की जरूरत नहीं है। योगी सरकार उन्हें रोजगार मांगने वाला नहीं, रोजगार देने वाला बनाएगी। इसके लिए सरकार रोजगार के लिए ब्याजरहित ऋण देगी। प्रथम चरण में चार लाख रुपये ऋण मिलेगा। यह संभव होगा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना से, जो हाल ही में योगी सरकार ने लागू की है।